Page 11 खेल

Page 10 देश

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



## टी20 वर्ल्ड कप : 7 रन देकर झटके 3 विकेट फिर भी बुमराह के साथ हुआ अन्याय

## सेजल ने झांसे में लेकर मिसाइल इंजीनियर निशांत से कराए थे तीन एप्स इंस्टॉल



मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, मूल, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शनिवार • 22 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 192 • पृष्ठ 12

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 73, 250 | ₹94,000 |



### आज का इतिहास

- **1995 : रेड क्रॉस (ICRC) की भारत और अंतर्राष्ट्रीय समिति ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं ताकि उन्हें मानवीय विचार के तहत हिरासत में लिए गए संदिग्ध आतंकवादियों और व्यक्तियों का दौरा करने में सक्षम बनाया जा सके। मानवतावादियों द्वारा इस कार्रवाई की दुनिया भर में प्रशंसा की गई थी।**
- **2009 : 21वीं सदी का सबसे लंबा सूर्यग्रहण भारत में दिखाई दिया।**

### न्यूज बाइट्स

#### जम्मू-कश्मीर समेत 4 राज्यों में इस साल विधानसभा चुनाव

**नई दिल्ली (ए.)**। देश के 4 राज्यों महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में इस साल विधानसभा चुनाव होंगे। चुनाव आयोग ने राज्यों में वोटर्स लिस्ट में अपडेशन को लेकर आदेश जारी कर दिया है। यह काम 20 अगस्त तक पूरा होना है। वोटर्स डेटा अपडेशन के बाद चुनाव आयोग चारों राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को जम्मू-कश्मीर में इसी साल सितंबर तक चुनाव कराने का निर्देश दिया है।

#### बेटे ने ईंट से कूचकर की मां की हत्या

**बेगूसराय (नि.सं.)**। बेगूसराय में एक बेटे ने मामूली बात पर अपनी मां की बेरहमी से हत्या कर दी। मां-बेटे के बीच पैसे को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद उसने गुस्से में अपनी मां को ईंट से कूचकर मार डाला। घटना के समय मृतका का छोटा बेटा भी घर में था। वारदात सिंघौल थाना के पचंबा पछियारी टोल वार्ड-17 की है। बताया जा रहा है कि आरोपी बेटे को खुजली थी। वह दवा के लिए मां रुपए मांग रहा था। मां के पास पैसे नहीं थे तो व्यवस्था कर देने की बात कही थी। इसी बात से गुस्साए आरोपी बेटे ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। मां की पिटाई देख छोटा बेटा दौड़कर वहां पहुंचा, लेकिन आरोपी ने घर के दरवाजे बंद कर दिए और आंगन में रखे ईंट से कूच-कूचकर मां की जान ले ली।

#### अरविंद केजरीवाल आज रिहा नहीं होंगे, हाईकोर्ट की रोक

**नईदिल्ली (ए.)**। दिल्ली शराब नीति केस में राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 जून को अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी। ईडी ने इसका विरोध करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट की वेकेशनल बेंच में याचिका लगाई है। ईडी की ओर से एएसजी एसवी राजू, केजरीवाल की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी और विक्रम चौधरी दलीलें रख रहे हैं। जस्टिस सुधीर जैन और जस्टिस रविंदर डुडेजा की बेंच सुनवाई कर रही है। ईडी के वकील एसवी राजू ने कहा कि हमें दलीलें रखने का मौका नहीं मिला। इस पर केजरीवाल के वकील बोले- आपने कल 7 घंटे अपनी बातें रखीं। शालीनता से कुछ बातें स्वीकार करनी चाहिए। हाईकोर्ट ने कहा कि इडी की याचिका पर सुनवाई होने तक ट्रायल कोर्ट के आदेश को प्रभावी नहीं माना जाएगा। यानी हाईकोर्ट का जब तक फैसला नहीं आ जाता तब तक केजरीवाल जेल में ही रहेंगे। वहीं फाइल आने दीजिए। हमने अभी अंतिम आदेश नहीं दिया है। फाइल 10-15 मिनट में मेरे पास आ जाएगी। उसके बाद आप दलीले दे सकते हैं। केजरीवाल को दी गई जमानत को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका पर सुनवाई होने तक ट्रायल कोर्ट के आदेश को प्रभावी नहीं माना जाएगा।

### स्वस्थ एवं रोगमुक्त जीवन के मूलमंत्र योग को आत्मसात करने का लिया संकल्प

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर देश हुआ योगमय

**एजेंसी** | नयी दिल्ली

दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शुक्रवार को पूरा देश योगमय हो गया और सांस्कृतिक-धार्मिक बंधनों से परे लोगों ने योगाभ्यास करने के साथ स्वस्थ एवं रोगमुक्त जीवन के मूलमंत्र योग को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

संसद भवन परिसर में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अगुवाई में योग दिवस मनाया गया। श्री बिरला ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज योग सम्पूर्ण विश्व में एक आंदोलन है। पूरी दुनिया भाग्यशाली है कि हमारे पास योग के रूप में ऐसी शक्ति है जो हमारे अंदर संतुलन स्थापित कर हमें कुशल, सक्रिय और स्वाबलंबी बनाता है। पूरे विश्व में योग को स्वीकृति मिल रही है और योग जन-जन के दैनिक जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है।"

दिल्ली में सुबह अनेक स्थानों पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने योगाभ्यास के लिए नयी दिल्ली नगर पालिका परिषद, दिल्ली विकास प्राधिकरण तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के साथ करार किया था।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुबह योगाभ्यास किया और लोगों को शुभकामनाएं देते हुए योग संदेश दिया। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और अन्य नेताओं ने अलग-अलग स्थान पर योग आयोजनों का नेतृत्व किया।



#### योग का दुनिया भर में हो रहा विस्तार : पीएम

श्री मोदी ने योग दिवस पर आज श्रीनगर में विशेष रूप से आयोजित योग शिविर का नेतृत्व किया और इस केंद्र शासित क्षेत्र, देश और दुनिया के लोगों को योग दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि योग समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है। श्री मोदी ने श्रीनगर के योग शिविर कार्यक्रम में भाग लेने वालों के साथ बाद में मुलाकात की और उनके साथ मोबाइल फोन से ली गयी सेल्फी को सोशल मीडिया पर साझा किया। श्रीनगर का कार्यक्रम प्रसिद्ध डल झील के किनारे होने वाला था लेकिन बारिश के कारण इसे झील के किनारे ही एक बड़े सम्मेलन कक्ष में सीमित करना पड़ा। श्री मोदी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि आज विश्व के बड़े-बड़े संस्थानों और विश्वविद्यालयों में योग पर अध्ययन चल रहे हैं अनुसंधान-पत्र प्रकाशित किए जा रहे हैं। अब सीमित दायरों से बाहर निकल रहा है। आज दुनिया एक नयी योग इकॉनामी को आगे बढ़ते देख रही है। आप देखिए, भारत में ऋषिकेश, काशी से लेकर केरल तक, योग टूरिज़्म का नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। दुनिया भर से पर्यटक इसलिए भारत आ रहे हैं, क्योंकि उन्हें यहां प्रामाणिक योग सीखना है।' श्री मोदी ने योग के चलते उभर रही व्यवसाय की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि योगा रिट्रीट और रेजॉर्बट बनाए जा रहे हैं। हवाई अड्डों, होटलों में योग के लिए विशेष जगहें बनाई जा रही हैं। मार्केट में योग के लिए डिजाइनर परिधान, कपड़े, उपकरण आ रहे हैं। लोग अब अपनी फिटनेस के लिए पर्सनल योग ट्रेनर्स भी रख रहे हैं। कंपनियाँ भी कर्मचारियों के स्वास्थ्य संवर्धन की पहल केतौर पर योग और माइंडफुलनेस प्रोग्राम्स शुरू कर रही हैं। इन सबकी वजह से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सामने आये हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया में योग करने वालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है, योग के प्रति आकर्षण भी बढ़ रहा है। मैं विश्व में हर जगह दुनिया के जितने भी बड़े नेताओं से मिलता हूँ, जहां भी जाता हूं, शायद ही कोई एकाध मिल जाएगा जो मेरे से योग की बात न करता हो। दुनिया के सभी वरिष्ठ नेता, जब भी मौका मिलता है मेरे से योग की चर्चा जरूर करते हैं और बड़ी जिज्ञासा से सवाल पूछते हैं। दुनिया के कितने ही देशों में योग डेली लाइफ का हिस्सा बन रहा है। ्री मोदी ने 2015 में अपने हाथों तुर्कमेनिस्तान में एक योग सेंटर के उद्घाटन को याद करते हुए कहा कि आज वहाँ योग बेहद लोकप्रिय हो चुका है। तुर्कमेनिस्तान के सरकारी आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में भी योगा उपचार को शामिल किया गया है। सऊदी अरब ने तो योग को अपनी शिक्षा प्रणाली में में भी शामिल किया है। मंगोलिया में भी मंगोलियन योग फ़ाउंडेशन के तहत कई योग स्कूल चलाये जा रहे हैं। यूरोपियन देशों में भी योग का चलन तेजी से बढ़ा है। जर्मनी में आज करीब डेढ़ करोड़ लोग, योगाभ्यासी बन चुके हैं।

# नीट पेपर लीक में दो इंजीनियर समेत तीन सस्पेंड



**निज संवाददाता** | पटना

नीट पेपर लीक मामले की जांच जारी है। साथ ही बिहार सरकार का एक्शन भी शुरू हो गया है। पथ निर्माण विभाग ने तीन कर्मियों पर कार्रवाई की है। विभागीय मंत्री ने दो अभियंता और एक क्लर्क को सस्पेंड किया है। सुपरिटेंडेंट इंजीनियर उमेश राय, असिस्टेंट इंजीनियर धर्मेन्द्र कुमार धर्मकांत और कार्यालय कर्मी प्रदीप को सस्पेंड किया गया है। तीनों कर्मियों पर आरोप है कि इनलोगों ने तथ्य को छिपाया। साथ हीं गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाकर विभाग को अंधेरे में रखा। यह कार्रवाई उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा के आदेश पर की गई है। बता दें कि उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने आरोप लगाया कि निरीक्षण भवन की बुकिंग पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के पीएस और बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रीतम कुमार के पत्र पर की गई थी।

सूत्रों के अनुसार अब इस मामले में एसआईटी प्रीतम कुमार से पूछताछ कर सकती है। इसी निरीक्षण भवन में जेल में बंद निलंबित जेई सिकंदर यादवेंदु ने अपनी सरहज रानी कुमारी और रानी के बेटे अनुराग को ठहराया था। सिकंदर यादवेंदु, अनुराग का फूफा है। इधर बिहार पुलिस के आर्थिक अपराध इकाई के एडीजी परीक्षा माफिया के पास से बरामद सबूतों और अनुसंधान के दौरान सामने आए वैज्ञानिक तथ्यों के साथ गुरुवार को दिल्ली गए। दिल्ली में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों से मिलेंगे और इन साक्ष्यों को रखेंगे। इसके बाद जांच एजेंसी आगे की कार्रवाई करेगी। पथ निर्माण विभाग के तीन कर्मियों के सस्पेंड के साथ बिहार में यह चौथी कार्रवाई मानी जा रही है। पथ निर्माण विभाग के इस कार्रवाई के पहले, जल संसाधन विभाग में इंजीनियर को सस्पेंड किया गया था। जल संसाधन विभाग ने जूनियर इंजीनियर सिकंदर प्रसाद यदुवंशी को 4 जून को सस्पेंड किया था। नगर और आवास विभाग के रिकमेंडेशन पर जल संसाधन विभाग ने ये कार्रवाई की थी। नीट पेपर लीक के तार नालंदा जिले के नगरनौसा के रहने वाले संजीव मुखिया से जुड़ रहे हैं। इसका रोल नीट (यूजी) पेपर लीक मामले में स्पष्ट हो चुका है। इसके शामिल होने की बात पुलिस की जांच में सामने आ चुकी है। यही वजह है कि पुलिस की कार्रवाई के शुरू होने के बाद से ये फरार है। फरार संजीव मुखिया ने सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका दायर की है, जिस पर आज होने वाली सुनवाई टल गई है। मामले पर अब 25 जून को सुनवाई होगी।

विजय सिन्हा ने आरोप लगाया कि निरीक्षण भवन की बुकिंग पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के पीएस और बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रीतम कुमार के पत्र पर की गई थी। विजय सिन्हा ने आरोप लगाया कि निरीक्षण भवन की बुकिंग पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के पीएस और बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रीतम कुमार के पत्र पर की गई थी। बेउर जेल में बंद परीक्षा माफिया को दो दिन पहले एसआईटी ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। पूछताछ में कई खुलासे हुए हैं। गया के सरवदहा के रहने वाले नीतीश कुमार ने अपने बयान में चौंकाने वाली बात कही है। उसने कहा कि गिरोह ने साल 2023 में भी नीट यूजी का प्रश्नपत्र लीक कराने की कोशिश की थी, लेकिन समय से प्रश्नपत्र नहीं मिला था।

## नीट काउंसलिंग पर रोक से एससी का इनकार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने 11 जून को दिल्ली में एनटीए एनटीए हेडक्वार्टर के सामने दोबारा एग्जाम कराने को लेकर प्रदर्शन किया था। सुप्रीम कोर्ट ने नीट काउंसलिंग पर रोक लगाने से फिर एक बार इनकार कर दिया है। शुक्रवार (21 जून) को एक स्टूडेंट ने याचिका लगाई। उसका कहना था कि 773 कैंडिडेट्स बिना ग्रेस मार्क्स पाए फेल हुए हैं। पूरी परीक्षा रद्द कर दोबारा कराई जाए। 8 जुलाई को केस पर सुनवाई होनी है ऐसे में 6 जुलाई से शुरू हो रही काउंसलिंग भी 2 दिनों



आगे बढ़ाई जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि, रीएग्ज़ाम की मांग पर एनटीए से 2 हफ्तों में जवाब दाखिल करने को कहा है।

### शिक्षकों की मांग पर बिहार बोर्ड का फैसला

# 26 से 28 जून को होने वाली दूसरी सक्षमता परीक्षा स्थगित

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति यानी बिहार बोर्ड ने 26 से 28 जून के बीच होने वाली द्वितीय सक्षमता परीक्षा को स्थगित कर दिया है। बोर्ड की ओर से अपरिहार्य कारण से परीक्षा स्थगित करने की बात शुक्रवार को कही गई। हालांकि, शिक्षकों ने हेडमास्टर भर्ती की तारीख टकराने की वजह से सक्षमता परीक्षा की डेट आगे बढ़ाने की मांग की थी। द्वितीय सक्षमता परीक्षा के लिए 85 हजार से भी अधिक नियोजित शिक्षकों ने आवेदन किया था। परीक्षा के एडमिट कार्ड भी शुक्रवार को जारी कर दिए गए थे। बीएसईबी सक्षमता परीक्षा की नई तारीख जल्द ही जारी करेगा। बता दें कि सक्षमता परीक्षा के जरिए नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाता है। प्राथमिक विद्यालय के (कक्षा एक से पांच) शिक्षक अभ्यर्थियों, मध्य विद्यालय के (कक्षा छह से आठ) के शिक्षक अभ्यर्थियों, माध्यमिक विद्यालय के (कक्षा नौवीं से 10वीं) के शिक्षक अभ्यर्थियों और उच्च माध्यमिक विद्यालय के (कक्षा 11वीं से 12वीं) के शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा आयोजित होनी है। हालांकि शिक्षक संगठनों ने बताया कि बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की ओर से प्रधान शिक्षक (हेडमास्टर) के पदों पर नियुक्ति के लिए भी परीक्षा निर्धारित है। प्रधान शिक्षक के पदों के लिए परीक्षा 28 और 29 जून को होनी है।

# मानव व्यापार निषेध के सुदृढ़ीकरण हेतु सीएम ने 117 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**निज संवाददाता** | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को 01 अणे मार्ग से सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं मानव व्यापार निषेध के सुदृढ़ीकरण हेतु 117 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने पुलिस वाहनों के लोकार्पण के पूर्व उसका निरीक्षण किया और उसकी कार्य प्रणाली के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। कार्यक्रम की शुरूआत में अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात सुधांशु कुमार ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चैधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चैधरी, सांसद देवश चन्द्र ठाकुर, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, विधान पार्षद ललन सर्राफ, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा, पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी, गृह विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चैधरी, अपर पुलिस महानिदेशक, स्पेशल ब्रांच सुनील कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात सुधांषु कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, बजट पारसनाथ, परिवहन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम ने नवनियुक्त कार्यकारी सभापति का पुष्प गुच्छ भेंटकर किया स्वागत



**निज संवाददाता** | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार विधान परिषद् स्थित बिहार विधान परिषद् के सभापति कक्ष में बिहार विधान परिषद् के नवनियुक्त कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह का अभिवादन किया तथा पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चैधरी, ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, ग्रामीण कार्य मंत्री अषोक चैधरी, बिहार विधान परिषद् के पूर्व सभापति सह सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# बिहार में अब ऑनलाइन खरीद सकेंगे बालू

**निज संवाददाता** | पटना

राज्य में अगले महीने से सरकार ऑनलाइन बालू खरीदने की सुविधा देगी। बिहार स्टेट माइनिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएसएमसी) के माध्यम से यह कार्य होगा। ऑनलाइन खरीदा गया बालू गुणवत्तापूर्ण न होने की स्थिति में वापस भी किया जा सकेगा। आने वाले दिनों में ऑनलाइन की सुविधा में बालू के बाद ईट और गिट्टी को भी शामिल जाएगा। इस पूरी योजना का उद्देश्य लोगों को आसानी से उचित दरों पर बालू उपलब्ध कराना है। यह जानकारी शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा और विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में दी। इससे पहले, उप मुख्यमंत्री ने विभाग में नए बने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन भी किया। जिसका मकसद बालू की अवैध निकासी, ढुलाई और बिक्री पर लगाम लगाना है। मंत्री सिन्हा ने कहा कि राज्य में 891 बालू घाट हैं। इनमें 488 पीले और 403 सफेद बालू घाट हैं। मानसून को देखते हुए 15 जून से बालू खनन पर रोक प्रभावी की गई है। 15 जून से पहले 185 घाटों से बालू निकासी हो रही थी। चूंकि नदियों से खनन बंद रहेगा लिहाजा सभी डीएम, एसएसपी को मानीटरिंग के निर्देश दिए गए हैं ताकि अवैध खनन न होने पाए। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया में सुधार को नई नियमावली बना रहे हैं। मंत्री के यदि किसी को लगता है बालू का अवैध खनन हो रहा है तो वह विभाग के फोन नंबर 0612-2215360 पर सूचना दे सकता है।

#### राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य

मंत्री सिन्हा ने कहा कि बालू के अवैध खनन को लेकर सरकार सख्त है। चार महीने में बालू माफिया नहीं सुधरे तो इसके बाद वे बचेंगे नहीं। उन्होंने कहा हमारी कोशिश है बालू से आने वाले राजस्व को दोगुना किया जा सके।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

**निज संवाददाता** | पटना

कर्मचारी राज्य बीमा निगम पंचदीप भवनए क्षेत्रीय कार्यालय पटना में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभा कक्ष में एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग प्रशिक्षक संजय कुमार के द्वारा योग का अभ्यास कराया गया एवं प्रशिक्षण दिया गया इस अवसर पर बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी संजय कुमार



ने बताया कि योग का हमारे जीवन में बहुत ही अधिक महत्व है एवं शरीर को स्वस्थ रखने में नियमित योग अभ्यासों का अच्छा प्रभाव होता है। इन्हीं कारणों से भारत की इस योगदान को दुनिया भर में लोगों द्वारा सीखा जा रहा है एवं इसे दैनिक जीवन में उतारा जा रहा है। साथ ही योग करने से शरीर में ताजगी और स्फूर्ति का संचार होता हैए जिससे शरीर में काम करने की क्षमता में वृधि होती है इस सिलसिले में उन्होंने यह भी कहा कि सभी लोग अपनी व्यस्ततम जीवन शैली में रोजाना कुछ समय निकालकर सुबह के समय में योग अवश्य करें।

## 25 लाख से अधिक युवाओं को इंटरस्तरीय परीक्षा का इंतजार

**पटना (नि.सं.)**। राज्य के 25 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को द्वितीय इंटर स्तरीय परीक्षा का इंतजार है। अभ्यर्थी इस इंतजार में है कि प्रारंभिक परीक्षा की तिथि कब जारी की जाएगी। यह परीक्षा बिहार कर्मचारी चयन आयोग को लेनी है। अभ्यर्थी प्रत्येक दिन वेबसाइट से लेकर आयोग कार्यालय का चक्कर लगाते रहते हैं। बिहार कर्मचारी चयन आयोग ने लगभग नौ वर्षों के बाद द्वितीय इंटर स्तरीय भर्ती के लिए वर्ष 2023 में रिक्तियां निकाली थी। प्रथम इंटर स्तरीय परीक्षा के लिए 2014 में विज्ञापन निकाला था।

### केंद्रीय संचार ब्यूरो और प्रेस इन्फोर्मेशन ब्यूरो के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

# योग शिविर सह योग प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**निज संवाददाता** | पटना

केंद्रीय संचार ब्यूरो एवं प्रेस इन्फोर्मेशन ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण, मंत्रालय भारत सरकार, पटना के संयुक्त तत्वावधान में 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार (21 जून 2024) को कर्पूरी ठाकुर सदन, पटना में योग शिविर सह योग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। योग शिविर सह योग प्रदर्शानी का उद्घाटन केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना के प्रमुख सह उपनिदेशक संजय




कुमार और योग प्रशिक्षक सह ज्योतिर्मय ट्रस्ट द्वारा किया गया। योग शिविर को संबोधित करते हुए संजय कुमार ने आम जन-जीवन में योग के महत्व को बताया साथ ही साथ प्रतिदिन योग अभ्यास के लिए लोगों को प्रेरित भी किया ताकि स्वस्थ्य रहे। योग प्रशिक्षक अवधेश झा ने अलग-अलग योगासन के जरिए लोगों को योग अभ्यास कराया साथ ही साथ योग के महत्व को को भी विस्तृत रूप से समझाया। श्री झा ने योग पर लोगों के साथ जन-संवाद भी किया। उन्होंने योग के विभिन्न पहलूओं जैसे - इसका इतिहास, इसके फायदे, समय आदि पर भी विशेष चर्चा भी किया गया। योग शिविर का समापन प्रकाश कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से किया गया।

# बिहार की पहली प्लेयर श्रेयसी सिंह पेरिस ओलंपिक में लगाएंगी निशाना

**निज संवाददाता** | जमुई



जमुई की भाजपा विधायक श्रेयसी सिंह पेरिस ओलंपिक में भारत की ओर से पदक पर निशाना लगाती दिखेंगी। उनका चयन भारत की 21 सदस्यों वाली निशानेबाजी टीम में हुआ है। पेरिस में 26 जुलाई से ओलंपिक की शुरूआत हो रही है। श्रेयसी सिंह ने आज जमुई में मीडिया से बात करते हुए यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि भारत की ओलंपिक टीम में शामिल होने वाली वह बिहार की पहली प्लेयर हैं। शुक्रवार की सुबह 11 बजे राष्ट्रीय राइफल संघ ने उनका टीम में शामिल होना कंफर्म किया है। इस मौके पर भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि आज उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय दिग्विजय सिंह का सपना पूरा हुआ है। पिता का सपना था कि वह ओलंपिक में खेले और देश के लिए गोल्ड मेडल जीत कर लाए। श्रेयसी सिंह ने कहा कि 26 जुलाई से पेरिस में 2024 ओलंपिक की शुरुआत हो रही है। उनका मैच 30 और 31 जुलाई को है। उन्होंने जमुईवासियो से अपील की है कि जब वह मैच में हों तो उनके लिए दुआ करें कि वह देश के लिए गोल्ड मेडल जीत कर आएं। इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन से मंजूरी मिलने के बाद 32 वर्षीय ट्रैप शूटर श्रेयसी सिंह को पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम 21 सदस्यीय भारतीय शूटिंग टीम के हिस्से के रूप में आधिकारिक तौर पर शामिल किया गया। भारतीय संघ ने निशानेबाजी की विश्व संस्था से कोटा बदलने का आग्रह किया था। मनु भाकर एयर पिस्टल और स्पोर्ट्स पिस्टल दोनों में टॉप पर रही थी, इसलिए उनका एक कोटा स्थान महिला ट्रैप निशानेबाजी में बदल दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### किराये के मकान से अधेड़ का शव बरामद

**टिकारी**। टिकारी थाना की पुलिस ने किराये के एक मकान से अधेड़ का शव बरामद किया है। अधेड़ की पहचान अरवल जिला के वंशी थाना के रैनाथ ग्राम के रहने वाले नागेंद्र ओझा के 45 वर्षीय पुत्र विजय ओझा के रूप में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय ओझा टिकारी थानाक्षेत्र के बुढ़वा महादेव स्थान के समीप स्थित एक मकान में किराये के मकान में रहते थे। बगल के कमरे में रहने वाले परिवार को दुर्गंध आने पर जब शक हुआ तो परिवार ने मामले की सूचना टिकारी थाना की पुलिस को दी। मौके पर पहुंची टिकारी थाना की पुलिस ने कमरे का दरवाजा खोल देखा तो विजय ओझा का शव सड़ा गला हालात में पाया गया। परिजनों के नही आने की स्थिति में पुलिस ने कागजी कार्रवाई कर शव को कमरा से निकाल मगध मेडिकल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आसपास के लोगो के अनुसार विजय को नशे की लत थी व मौत की वजह नशा किये होने की आशंका है।

### जिला पार्षद पर जानलेवा हमले और चेन छीनतई का आरोप गलत : एसडीपीओ

**बोधगया**। बोधगया जिला परिषद सदस्य सह भाजपा के प्रदेश सह संयोजक पंचायती राज प्रकोष्ठ के डॉ. ज्योति पासवान द्वारा सोमवार को बोधगया थाना में उनके साथ दोमुहान के पास स्थित दुकानदार सर्वजीत कुमार उर्फ टाइगर के द्वारा मारपीट करने एवं उनके मैनेजर के गले से सोने का चैन छीनने का एक प्राथमिकी दर्ज करवाया गया था। इसके बाद पीड़ित दुकानदार सर्वजीत कुमार अपनी मां कुंती देवी के साथ बोधगया थाना पहुंच कर बोधगया जिला पार्षद द्वारा गलत आरोप लगाने एवं दुकानदार सर्वजीत के साथ बदसलूकी करने का वीडियो के साथ लिखित शिकायत किया गया। इसके बाद मामले को लेकर पुलिस द्वारा की गई जांच में बोधगया जिला पार्षद द्वारा लगाए गए आरोप को गलत पाया गया। बुधवार की देर शाम को पुलिस ने जिला पार्षद को बुलाकर पूछताछ की। इसके बाद बोधगया एसडीपीओ सौरभ जायसवाल द्वारा प्रेस रिलीज जारी कर जिला पार्षद द्वारा लगाए गए आरोप को गलत बताया गया। एसडीपीओ ने बताया कि 17 जून 2024 को बोधगया थानांतर्गत दोमुहान के पास जिला पार्षद डॉ. ज्योति पासवान से टाइगर किराना दुकान में सर्वजीत कुमार उर्फ टाइगर एवं उनके माता के द्वारा जिला परिषद सदस्य के द्वारा अपना बकाया पैसा मांगने को लेकर मारपीट करने एवं पैसा एवं चैन छिन लेने के संबंध में लिखित आवेदन प्राप्त हुआ था। जिनके आवेदन पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज करते हुए कांड का अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

### बांकेबाजार में दूसरे की जमीन बेचने पर केस दर्ज

**बांकेबाजार**। बांकेबाजार थाना क्षेत्र के देल्हो गांव में एक जमीन माफिया द्वारा दूसरे रैयत की जमीन को अपना बताकर मोटी रकम लेकर केवाला करना महंगा पड़ गया। शेरघाटी एसडीपीओ की पहल पर केवाला करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध फर्जीवाड़ा करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार देल्हो गांव निवासी स्व. कारु मलार के पुत्र बसंत मलार ने गांव के ही बबुन यादव के पुत्र रामनंदन यादव व नागेश्वर यादव, जोगी यादव के पुत्र अर्जुन यादव एवं महजर यादव के पुत्र बरत यादव को खाता संख्या 67 व प्लॉट संख्या 28 में 4 डिसमिल जमीन 1.46 लाख रुपया में बेचा था। बाद में पता चला कि खरीदी गई जमीन की जमाबंदी देल्हो गांव निवासी कैल भुइयां के पुत्र कृष्ण भुइयां के नाम पर कायम है। मामले में पीड़ित 9 माह से थाना का चक्कर काट रहा था। लेकिन, इस मामले में किसी तरह का पहल थाना द्वारा नहीं किया गया।

### 2.37 करोड़ से बसाढ़ी में बनेगा पंचायत भवन



**बोधगया**। बोधगया बिहार पंचायती राज सरकार का ग्रामीणों का सम्मान और विकास मे तेजी लाने के उद्देश्य से वर्तमान मुखिया ईश्वर मांझी एव पूर्व उप मुखिया मनोरंजन प्रसाद समदर्शी के अथक प्रयासों से ग्राम पंचायत बसाढ़ी में पंचायत सरकार भवन बनने जा रहा है। भवन के निर्माण से पंचायत मे रहने वाले 16 हजार लोगों को सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रखंड कार्यालय की दूरी को तय नहीं करना पड़ेगा। इस भवन में पंचायत के जन हित सुनवाई के लिए ग्राम कचहरी में सरपंच और पंच के बैठने की व्यवस्था, राजस्व कर्मचारी की बैठने की व्यवस्था, ग्राम पंचायत के मुखिया एवं वार्ड सदस्य के बैठने की वयवस्था के साथ ग्राम पंचायत सचिव, कर्यपालक, मनरेगा योजना का रोजगार सेवक, राशन कार्ड से संबधित कर्मचारी, जीविका दीदी के कार्यशाला की उत्तम व्यवस्था, पोस्टऑफिस, बैंक एवं ग्रामीणों का सम्मान में सभी प्रकार के कार्य को करने के उपयोगी उद्देश्य से बनाया जा रहा हैं। जिसका कुल लागत 2 करोड़ 37 लाख से एलइओ के देख रेख मे बनाया जा रहा है।

### बंद घर का ताला तोड़ 50 लाख की चोरी, परिवार के साथ गृहस्वामी गया था ससुराल

**नालंदा**। नालंदा के नगर थाना क्षेत्र के महलपर में बदमाशों ने बंद पड़े घर का ताला तोड़कर 70 हजार नगदी और 5 महिलाओं के सोने-चांदी के जेवर की चोरी कर ली। चोरी किए गए जेवर की अनुमानित कीमत 50 लाख से अधिक बताई जा रही है। गृहस्वामी व्यवसायी लक्ष्मीकांत सिंह परिवार गया स्थित ससुराल गए थे। जहां से लौटने पर घटना का खुलासा हुआ। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। गृहस्वामी ने बताया कि वह चार भाइयों में छोटे हैं। 3 भाई दूसरे शहर में रहते हैं। मां और अपने परिवार के साथ वह पुश्तैनी मकान में रह रहे हैं। कुछ



दिन पहले वह उनके ससुर का ऑपरेशन हुआ था। इस कारण कुछ दिन पहले परिवार के साथ वह ससुर को देखने गया स्थित ससुराल गए थे। जहां गुरुवार को लौटे। मुख्य गेट व कमरे का ताला टूटा था। बदमाशों ने स्टोरवेल तोड़कर 70 हजार नगदी और सोने-चांदी के जेवर की चोरी कर कर ली। चोरी किया गया जेवर उनकी मां, पत्नी और तीन भाभियों की है। जिसकी अनुमानित कीमत पचास लाख से अधिक है। खानदानी जेवर वजनी था। वहीं इस मामले में नगर थानाध्यक्ष रामशंकर सिंह ने बताया कि पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। लिखित शिकायत मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा। घर बंद था जिसका फायदा चोरों ने उठाया है।

### आरपीएफ ने रेल यात्रियों को किया जागरूक

**फतेहपुर**। ट्रेनों में घटनाएं रोकने के लिए रेलवे सुरक्षा बल द्वारा गुरुवार को गया-कोडरमा रेलखंड में स्थित रेलवे स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म पर और ट्रेनों में यात्रियों के बीच विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान रेल यात्रियों को जागरूक करते हुए सुरक्षित यात्रा करने की नसीहत दी गई। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिंहा के नेतृत्व में अधिकारी एवं बल सदस्य द्वारा पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, हटिया-पटना-पूर्णिया कोर्ट सुपर एक्सप्रेस, कोलकाता एक्सप्रेस, धनबाद-गया इंटरसिटी एक्सप्रेस व मेमू ट्रेन तथा प्लेटफार्म पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान यात्रियों के बीच नशा खुरानी से सावधान रहने तथा किसी भी अपरिचित व्यक्ति से दोस्ती नहीं बढ़ाने के प्रति ध्वनि विस्तारक यंत्र से जागरूक किया। इसके साथ ही यात्रियों को चलती ट्रेन में नहीं चढ़ने, बिना किसी उचित कारण के एसीपी नहीं करने, पायदान पर बैठकर या खड़े होकर यात्रा नहीं करने, ट्रेन में गंदगी नहीं फैलाने, ट्रैक पर सेल्फी नहीं लेने आदि की भी नसीहत दी गई। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक सिंहा ने कहा कि यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की समस्या होने पर रेलवे टोल फ्री नंबर 139 पर संपर्क के लिए जागरूक किया गया।

# ससुराल से 200 मीटर की दूरी पर मिला शव, दोस्त के साथ घर से निकला था

निज संवाददाता। नालंदा



♦ पीट-पीटकर हत्या की परिजनों को आशंका

नालंदा में शुक्रवार की सुबह एक युवक का शव उसके ससुराल से 200 मीटर दूर मथुरापुर बंगाली खंधा से बरामद हुआ। मामला रहुई थाना क्षेत्र के मई फरीदा गांव का है। मृतक की पहचान अस्थावां थाना क्षेत्र के डुमरावां गांव निवासी तनिक यादव के (22) वर्षीय पुत्र ललित यादव के रूप में की गई है। ललित यादव पिछले 2 महीने से अपने ससुराल मई फरीदा गांव में ही रह रहा था। घटना के संबंध में मृतक का भांजा शेरपुर निवासी रोशन कुमार ने बताया कि बीती शाम मामा घर आए थे। कहा कि बहुत जरूरी काम है और ससुराल के लिए निकल गए। शुक्रवार की सुबह फोन आया कि मामा की हत्या कर दी गई है। परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि ललित यादव की आधा दर्जन से अधिक बदमाशों पीट-पीटकर मारा डाला। कुछ परिजन जहर देकर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि हत्या किसने और क्यों की है। पता नहीं चल सका है।

**दोस्त के साथ निकला था कलः** प्रारंभिक पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि ललित यादव ससुराल से गुरुवार को 3:00 बजे शाम में अपने दोस्त के साथ निकला था। घटनास्थल के पास से ही मृतक की बाइक और मोबाइल बरामद किया है।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजारः** रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना प्राप्त हुई की मई फरीदा गांव के खंधा में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। जिसके बाद युवक की पहचान की गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। मृतक के शरीर पर जख्म या चोट के निशान नहीं है। कान से खून निकल रहा था। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# 2 अलग-अलग मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया



♦ महिला के साथ हुई थी मारपीट, गांव के लोगों पर बालू चोरी का लगाया था आरोप

गया के नीमचक बथानी थाने की पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। तीनों अपराधी एक ही गांव के हैं। दो महिला के साथ मारपीट करने के मामले में गिरफ्तार किए गए हैं, जबकि एक जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर मारपीट के आरोप में गिरफ्तार हुआ। जाति सूचक और मारपीट के आरोप में बालक भी पकड़ा गया है। पुलिस दोनों मामले की जांच कर रही है। नीमचक बथानी पुलिस का दावा है कि घटना के 8 घंटे के भीतर ही आरोपियों को पकड़ा गया है।

**नीमचक बथानी थाने में शिकायत दर्ज कराई थीः** एसएसपी आशीष भारती ने कहा कि गुरुवार को एक महिला ने नीमचक बथानी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी जमीन से गांव के कुछ लोगों ने बालू चोरी कर ली है। इस पर जब वो पूछताछ करने गई तो गाली-गलौज और मारपीट की गई। रोहित पासवान, अकल चौधरी और उसके अन्य साथियों ने महिला को बुरी तरह से जख्मी कर दिया। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्राथमिक आरोपी अकल चौधरी और रोहित पासवान को गिरफ्तार कर लिया। दोनों तेलारी गांव के रहने वाले हैं।

**मारपीट के बाद भाग गए बदमाशः** दूसरी घटना में वादी संजय कुमार का कहना था कि मैं पीपल के पेड़ के नीचे बैठा था। तभी लालू खां उर्फ हनी खां और उसके सहयोगी पहुंचे और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट कर अधमरा कर दिया। इसके बाद सभी आरोपी मौके से भाग गए।

## पंजाब नैशनल बैंक मटुक बिगहा शाखा में नए शाखा प्रबंधक ने संभाला पदभार



**गुरारू**। प्रखण्ड क्षेत्र के पंजाब नैशनल बैंक, मटुक बिगहा शाखा में नए शाखा प्रबंधक के रूप में मोहम्मद शाहीन अख्तर ने पदभार ग्रहण कर लिया है। श्री अख्तर का स्थानांतरण पीएनबी शाखा इमामगंज से इस शाखा में किया गया है, जबकि पूर्व शाखा प्रबंधक पूजा कुमारी का ट्रांसफर पीएनबी शाखा टावर चौक, गया शहर में हो चुका है। नए पदभार ग्रहण के अवसर पर मोहम्मद शाहीन अख्तर ने कहा, "मैं क्षेत्र के सभी ग्राहकों से अनुरोध करता हूं कि किसी भी बैंक संबंधित कार्य के लिए स्वयं मुझसे मिलें। दलालों और बिचौलियों के जाल में न फंसे। ग्राहकों की पूर्ण संतुष्टि ही मेरी प्राथमिकता होगी।श्री अख्तर ने यह भी आश्वासन दिया कि बैंक की सभी सुविधाएं और सेवाएं ग्राहकों को सहज और सरल रूप में प्रदान की जाएंगी। उनका उद्देश्य है कि बैंकिंग अनुभव को अधिक सुरक्षित, सरल और सुविधाजनक बनाया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि ग्राहकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और किसी भी प्रकार की असुविधा को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। शाखा में नए प्रबंधक के आगमन से ग्राहकों में उत्साह का माहौल है और उन्हें उम्मीद है कि बैंकिंग सेवाओं में और सुधार आएगा। ग्राहकों ने श्री अख्तर के इस सकारात्मक दृष्टिकोण का स्वागत किया है और उन्हें पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। इस बदलाव से बैंक के कर्मचारियों और ग्राहकों दोनों को नई ऊर्जा और उत्साह मिला है, जिससे बैंक की कार्यप्रणाली में सुधार की उम्मीद की जा रही है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, एनएच-20 पर अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

निज संवाददाता। नालंदा



♦ दोस्त के साथ लौट रहा था घर

नालंदा में सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की शुक्रवार को मौत हो गई। एक जख्मी हो गया। मामला एनएच-20 बख्तियारपुर रजौली फोरलेन के वेना थाना क्षेत्र अंतर्गत अरौत गांव के समीप की है। मृतक की पहचान नूर सराय थाना क्षेत्र के सिरसिया विगहा गांव निवासी सुजीत जमादार का (22) वर्षीय पुत्र रॉकी कुमार है। जबकि इस घटना में रॉकी का दोस्त विनय चौहान जख्मी हो गया है। जिसका इलाज पावापुरी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। घटना के संबंध में रॉकी कुमार के परिजन ने बताया कि बाइक पर सवार होकर रॉकी अपने दोस्त विनय चौहान के साथ हरनौत के धर्मपुर गांव से परिवार के यहां से गुरुवार की रात लौट रहा था। तभी निर्माणाधीन एनएच-20 पर अरौत गांव के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पुलिस की मदद से दोनों जख्मियों को इलाज के लिए हरनौत रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

**हादसे की जानकारी पुलिस को दी गईः** इलाज के दौरान रॉकी की स्थिति गंभीर हो गई। जिसके बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। रास्ते में जाने के दौरान रॉकी की मौत हो गई। इसके उपरांत मौत की जानकारी वेना पुलिस को दी गई। वेना थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करा परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई। जांच में यह बात सामने आई है कि डिवाइडर से टकराने से बाइक सवार युवक जख्मी हो गया था। इलाज के क्रम में एक युवक की मौत हो गई है। एक युवक इलाजरत है।

## भगवान श्री जगन्नाथ का होगा विशेष स्नान, सात जुलाई को है प्रभु की रथ यात्रा

निज संवाददाता। गया



ज्येष्ठ पूर्णिमा शनिवार को है। इस दिन शहर के जीबी रोड स्थित गौड़ीय मठ में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा का आर्विभाव दिवस मनाया जाएगा। आर्विभाव दिवस पर भगवान को पंचामृत से स्नान कराया जाएगा। नए-नए वस्त्र भगवान को पहनाए जाएगें। अलौकिक श्रृंगार होगा, फिर विशेष पूजन के बाद भोग लगा आरती होगी। मठ के महंत उदासीन जी महाराज ने बताया कि पूजन का शुभारंभ सुबह 10 बजे से होगा। बताया कि वर्ष में सिर्फ एक दिन ज्येष्ठ पूर्णिमा को भगवान के पंचामृत स्नान से लेकर श्रृंगार गर्भगृह का पट खोल किया जाता है, ताकि श्रद्धालु भी दर्शन कर सके। ऐसी मान्यता है कि इस स्नान पूजन के दर्शन से भक्तों की हर मुरादें पूरी होती है। महाराज जी ने बताया कि उड़ीसा के जगन्नाथ मंदिर में इस स्नान से भगवान जगन्नाथ को सर्दी-बुखार आ जाता है, जिस वजह से 15 दिनों तक मंदिर का द्वार भक्तों के लिए बंद हो जाता था। रथयात्रा के एक दिन पूर्व मंदिर का द्वार भक्तों के लिए खोला जाता था। आविर्भाव दिवस पर मठ में विशेष पूजा मठ के महंत ने बताया कि भक्ति श्रीरूप भागवत् महाराज का भी इस दिन आर्विभाव दिवस मनाया जाएगा। उनके आर्विभाव दिवस पर गौड़ीय मठ में विशेष पूजा होगी। उनके तस्वीर को रख पुष्प अर्पित किए जाएगें। भोग के बाद आरती की जाएगी।

बताया कि समस्त कार्यक्रम सुबह से शुरू होंगे। शाम के बाद मठ में भजन कीर्तन भी चलेगा। भजन कीर्तन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण होगा। सात जुलाई को है प्रभु की रथ यात्रा भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा सात जुलाई को है। इस दिन शहर में गौड़ीय मठ, इस्कॉन मंदिर व कृष्ण द्वारिका मंदिर से प्रभु की रथ यात्रा निकलेगी। सबसे आकर्षण का केन्द्र इस्कॉन मंदिर से निकलने वाली रथ यात्रा होगी। यहां 35 फीट ऊंचे रथ पर विराजमान होकर प्रभु नगर भ्रमण करेंगे। जगह-जगह उनके स्वागत के लिए रंगोली बनेगी। वहीं गौड़ीय से निकलने वाली रथ यात्रा आजाद पार्क में तीन घंटों तक दर्शन के लिए रुकी रहेगी।

## गर्भवती की मिली लाश, बॉडी पर जख्म के कई निशान

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में शुक्रवार को पईन में एक गर्भवती महिला का शव मिला। मामला हिलसा थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव के पचकुर्वा खंधा का है। फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। सुबह ग्रामीण जब खेतों में काम करने के लिए निकले तो उन्हें पईन में एक शव दिखाई दिया। जिसके बाद स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। महिला की उम्र करीब 20 से 22 साल के बीच है। हिलसा थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। थाना अध्यक्ष ने बताया कि महिला के बाएं हाथ में एक टैटू बना हुआ है जिसमें अंग्रेजी में रिया लिखा हुआ है। शरीर पर जगह-जगह नुकीले हथियार का निशान है। बाई आंख के पास और चेहरे पर भी जख्म है। फिलहाल महिला की पहचान में पुलिस जुटी है। शव देखने से प्रतीत हो रहा महिला शादीशुदा और गर्भवती भी थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। गर्दन में गमछा भी मिला है। संभवतः गमछे के सहारे गला घोंट गया होगा। इसके बाद चाकू से वार कर हत्या की गई।

# पहाड़ों पर पानी को रोकने का बनाएं प्लान

निज संवाददाता। गया



कलेक्ट्रेट के सभागार में मंत्री, सहकारिता विभाग सह वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बिहार सरकार डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों द्वारा जनसरोकार के उद्देश्य से किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गई। इस दौरान डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने विभागवार कार्यों की जानकारी दी। डीएम ने कहा कि साल दर साल मौसम में अचानक बदलाव देखे जा रहे हैं। पहले की तुलना में हीट वेव का प्रकोप ज्यादा हो रहा है, जिससे आम जनमानस के साथ-साथ पशु पक्षियों को भी परेशानी हो रही है। तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन को देखते हुए अभियान के रूप में जिले वासियों को पेड़ लगाने होंगे। डीएम ने बताया कि इस वर्ष मानसून सीजन में वन विभाग व मनरेगा विभाग द्वारा कुल मिलाकर लगभग 25 लाख से अधिक पेड़ लगाने की योजना तैयार की गई है, इसमें पुलिस विभाग, विभिन्न लाइन डिपार्टमेंट, प्रशासनिक विभाग, स्वयंसेवी संस्थाओं आदि की पूरी सहभागिता अपेक्षित रहेगी। बताया गया कि इस वर्ष पहली बार पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रेतशिला, रामशिला, डुंगेश्वरी और ब्रह्मयोनि पहाड़ पर बरसात के मौसम में सीड बॉल का छिड़काव किया जाएगा। जिससे पहाड़ों पर भी हरियाली आने की संभावना रहेगी। इस वर्ष 1 लाख सीड बॉल डालने की योजना तैयार की गई है। मंत्री डॉ. कुमार ने डीएम को सुझाव दिया कि गया जिला पहाड़ों से घिरा हुआ है। यहां लगातार पानी की समस्या भी देखी जा रही है। बरसात के मौसम में पहाड़ों का पानी प्राय बर्बाद हो जा रहा है। पहाड़ों पर पानी रोकने के लिए एक कार्य योजना तैयार करें। इसके लिए विशेषज्ञ या कंसल्टेंसी के माध्यम से उनकी मदद लें। सर्वे कराकर पहाड़ों का पानी कैसे रोका जाए इस पर योजना तैयार करें। यह पहाड़ों पर हरियाली के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन में भी काफी लाभदायक साबित होगा। नेशनल हाईवे के अधिकारी ने बताया कि एनएच 83 एनएच 82 सहित अन्य जितने भी नेशनल हाईवे हैं उनके किनारे बड़े पैमाने पर पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा सभी स्टेट हाईवे के किनारे भी पौधा लगाने के कार्य योजना संबंधित विभाग द्वारा की गई है। मंत्री ने कहा कि आम के पौधे, नीम, पीपल, बरगद, पाकड़ जैसे लंबी आयु तक ठहरने वाले पौधों को ही सड़कों के किनारे लगवाएं ताकि राहगीरों को पूरी छाया मिले तथा पर्यावरण भी साफ बना रहे। उन्होंने औरंगाबाद चोरदाहा सड़क, वाराणसी कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना, आमस दरभंगा परियोजना, एनएच दो शेरघाटी से डोभी बाराचट्टी होते हुए झारखंड बॉर्डर तक जाने वाले सड़क के किनारे पूरी संख्या में पौधा लगाने का निर्देश सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को दिया गया है। डीएम ने डीसीओ व डीएओ को निर्देश दिया कि ज़िले के बड़े किसानों को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कृषि वाणिज्यिक योजना से जोड़ते हुए पेड़ लगवाएं।

# ई-केवाईसी को लेकर एसडीओ ने रजौली व सिरदला के डीलरों के साथ की बैठक

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड सभागार में शुक्रवार को एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष के नेतृत्व में रजौली एवं सिरदला प्रखण्ड के डीलरों के साथ बैठक किया गया। बैठक के दौरान एमओ रजौली राजेश कुमार गुप्ता व सिरदला एमओ दीपक कुमार के अलावे केशव झा मौजूद रहे। बैठक में एसडीओ ने सभी डीलरों को डोर-टू-डोर जाकर राशनकार्ड लाभार्थियों का ई केवाईसी करने का निर्देश दिया है। साथ ही प्रखण्ड स्तरीय गोदाम से खराब अनाज नहीं उठाने की बात कही है। एसडीओ ने कहा कि खराब चावल एवं गेहूं मिलने के बाद लाभार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अनाज उठाव के दौरान कई बार लाभार्थी एवं डीलर के बीच नोंकझोंक भी हो जाया करती है। एसडीओ ने कहा कि 30 सितम्बर तक ई केवाईसी किया जाना है। सरकार ने खाद्य सुरक्षा के लाभार्थी परिवारों के सभी सदस्यों की ई-केवायसी करवाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत राशन कार्ड के साथ परिवार के सभी सदस्यों को पोस मशीन में सभी लाभार्थियों को थंब इंप्रेशन देकर स्वयं का प्रमाणीकरण करना है। इसके तहत भविष्य में परिवार के सदस्य किसी भी कारण से बाहर रह रहे हैं या मृतक है, तो उनके नाम काट दिए जाएंगे तथा उनके नाम से उठ रहा राशन भी बंद हो जाएगा। सत्यापन के कार्य का पूरा दारोमदार राशन डीलरों के जिम्मे हैं। लेकिन, राशन डीलरों को इस कार्य की एवज में कोई भी अतिरिक्त मानदेय नहीं दिया जा रहा है। डीलरों का कहना है कि अधिकांश परिवार इन दिनों घुमने गए हैं। वहीं कई परिवारों के बच्चे ननिहाल गए हुए हैं।वहीं पोस मशीन से एक परिवार के सदस्यों के ई केवाईसी में लगभग एक घण्टा से अधिक लग जाता है। वहीं सरकार के निर्देश पर सभी डीलर ई केवाईसी में जुटे हुए हैं।



# गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

निज संवाददाता

**जमुहार।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आज प्रातः दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय था स्वयं एवं समाज के लिए योग। योगाभ्यास सत्र प्रातः साढ़े पांच बजे प्रारंभ होकर एक घंटे तक चला।इसमें सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम, योगासन एवं ध्यान की विधियां बताई गई और अभ्यास कराया गया। पुरातन काल से लेकर आज तक योग का व्यक्ति को निरोग रखने में महत्व तथा हमारे आज के तनाव भरे जीवन में योग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में योग को अपने जीवन का अंग बनाने के लिए एक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर प्रो. महेंद्र कुमार सिंह, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह, नारायण स्कूल आफ लॉ के निदेशक, विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ कुमार आलोक प्रताप सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में छात्रों तथा 42, बिहार बटालियन एनसीसी के कैडेटों ने उपस्थित होकर योग का लाभ उठाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि योग हमें निरोग रखने में सहायता करता है अतः योग को हम अपने दैनिक जीवन का अंग बनाएं। विश्वविद्यालय के प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि योग हमारे जीवन में तनाव को दूर करते हुए मन और शरीर में सामंजस्य स्थापित कराता है। नारायण स्कूल आफ लॉ के निदेशक ने कहा कि यदि योग को हम अपने जीवन शैली का अंग बनाएं तो वर्तमान प्रतिस्पर्धी समाज में अपनी क्षमता को बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम में योग शिक्षक की भूमिका नारायण स्कूल आफ लॉ के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ ज्ञानचंद यादव एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रजनीश कुमार ने निभाई जबकि कार्यक्रम का संचालन एवं कमेंट्री नारायण स्कूल आफ लॉ के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने किया।



# योग करने से लोग रहते हैं निरोग सचिव : श्रीकांत

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के पेंशनर समाज में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कराया गया। अध्यक्षता प्रखंड पेंशनर समाज रामधनी प्रसाद ने की। वही राजकीय बुनियादी विद्यालय नारदीगंज में शारिरिक शिक्षक राधे कुमार के निर्देशन में शिक्षकों व छात्र छात्राएं ने योगाभ्यास में सूर्य नमस्कार व तार आसान किया। मौके पर शिक्षक अखिलेश कुमार, पूनम कुमारी, योगेंद्र कुमार, इमराना खातून, रूबी राज समेत अन्य शामिल हुए। इस दौरान पेंशनर भवन में आयोजित कार्यक्रम में सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा कि योग शरीर को निरोग रखने का साधन है। यह कोई महज परंपरा या अभ्यास नहीं है, अपितु योग एक वैज्ञानिक सार्वभौमिक व पंथनिरपेक्ष जीवन पद्धति है।

## पति के हत्यारोपी पत्नी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि. सं.)।** थाना क्षेत्र के दिबौर गांव से थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने पति के हत्यारोपी पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बीते तीन माह पूर्व हरदिया के समीप पननमा जंगल के पहाड़ी के सबसे ऊंची चोटी पर एक युवक के सड़े-गले शव को पुलिस ने बरामद किया था। पननमा जंगल के पहाड़ी पर मिले युवक के शव मिलने पर पुलिस द्वारा छानबीन किया जा रहा था। जिसको लेकर हत्या एवं आत्महत्या के कयास लगाए जा रहे थे, इसी बीच मृतक मंटू पासवान के भाई दीपू पासवान ने थाने को ब्यान देकर कहा कि मंटू पासवान की हत्या उसके ससुराल वालों ने की है। साथ ही बताया कि शादी दिबौर निवासी पूनम देवी के साथ हुआ था। शादी के बाद ससुराल मंटू पासवान का सम्बंध पत्नी पूनम देवी समेत सास बैजंती देवी, साला प्रदीप पासवान एवं सरहज बबिता देवी से खराब चल रहा था। जिसको लेकर विवाद काफी बढ़ गया और नतीजतन पुलिस बलों ने बीते 15 मार्च को मंटू पासवान के शव को जंगल क्षेत्र से पेड़ में लटका हुआ बरामद किया था। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि मृतक के भाई दीपू पासवान के द्वारा मृतक युवक की पत्नी पूनम देवी समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों को हत्या आरोपित किया गया था।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर आयुवर्ग के लोगों ने उत्साहित होकर किया योग

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** नगर पंचायत समेत प्रखंड क्षेत्र के हरदिया व अमावां गांव में लोगों ने उत्साहपूर्वक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। नगर अंतर्गत मिनी सिटी पार-बाध में मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं, स्थानीय लोगों एवं पतंजलि योग परिवार के सदस्यों साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। योग प्रशिक्षक योगाचार्य वैध-न्यूटन कुमार ने सभी तरह का योग एक पारंपरिक तरीके से करवाया। योग प्रशिक्षक ने आम-जनों से निवेदन किया कि हम अपने दिनचर्या के रूप में योग को प्रतिदिन अपनाएं। योग ट्रेनर पंकज किशोर ने सभी लोगों को सूर्य नमस्कार करवाया।रजौली मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह भाजपा जिला प्रवक्ता प्रमोद कुमार ने सभी लोगों को प्रतिदिन योग करने का संकल्प दिलवाया। मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि हम सभी आज दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व में मना रहे हैं। आज ही के दिन पहली बार 2014 में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रस्तावित किया था। नरेंद्र मोदी के पहल से ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2015 में योग को अपनाया। यह दिन शारिरिक और मानसिक कल्याण को बढावा देने के साथ-साथ दुनिया भर के लोगों को एक साथ लाने की क्षमता को बढावा देने में योग के महत्व को दर्शाता है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देशवासियों से घर-घर योग करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी स्वयं शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर श्रीनगर में योग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित होकर योग किया। मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि हमारे अपने नवादा जिले के स्थानीय सांसद विवेक ठाकुर भी स्वयं आर्य समाज मंदिर नवादा में योग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित होकर योग किया। गगन ने बताया कि योग का एक लंबा इतिहास है जो प्राचीन भारत में हजारों साल पुराना है। मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि हम सबों ने आज के दिन एक संकल्प लिया कि प्रत्येक दिन हम सभी योग जरूर करें। इस योग शिविर में मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह जिला प्रवक्ता प्रमोद कुमार, मंडल महामंत्री संतोष वर्मा, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल राजवंशी, मंडल उपाध्यक्ष धनंजय कुमार, वीरेन्द्र प्रसाद, प्रवीण कुमार, पवन सिंह एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# क्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिता का सफल आयोजन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में बुधवार से शुक्रवार तक क्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। शुक्रवार को हिंदी वाक् प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। प्रतिभागियों को "सोशल मीडिया से लाभ व उसका दुष्प्रभाव व कृत्रिम बुद्धिमता और उसकी चुनौतियां' में से किन्ही एक विषय पर बोलना था। हिंदी वाक् प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शील आशीष, उप मुख्य सांख्यिकी व विश्लेषण अधिकारी व उभय रंजन, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक-1 थे। कार्यक्रम का उद्घाटन आदित्य कुमार आनंद, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी सह उप विसमुलेधि (वित्त व बजट), पूमरे/हाजीपुर ने किया। इस प्रतियोगिता में राजीव रंजन कुमार, तकनीशियन-1, सडिमका/हरनौत को प्रथम, अमितेन्द्र कुमार, वरि. सहायक लोको पायलट/पूमरे/सोनपुर को द्वितीय, रूपम कुमारी, प्रवर लिपिक/प्रशासन विभाग/पूमरे/हाजीपुर को तृतीय स्थान, कनिका दत्ता, कार्याधी/पूमरे/धनबाद, विजय कुमार चौबे, उप निरीक्षक/सुरक्षा/हाजीपुर व रमेश कुमार मिश्रा, मुख्य विधि सहायक, निर्माण/पटना ने प्रेरणा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 20.06.2024 को हिंदी टिप्पण व प्रारूप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतिभागियों से प्रशासनिक शब्दावली, प्रारूप लेखन, विलोम शब्द, अंग्रेजी से हिंदी व हिंदी से अंग्रेजी शब्दों का रूपांतरण तथा वर्तनी शुद्धी संबंधी प्रश्न पूछे गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उप मुख्य राजभाषा अधिकारी सह उप विसमुलेधि (वित्त एवं बजट) आदित्य कुमार आनंद ने सभी प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं साथ ही इस तरह के आयोजनाओं की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि पूर्व मध्य रेल राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के प्रति हमेशा सजग है और भारत सरकार की राजभाषा नीति-नियम को लागू के लिए कटिबद्ध है। इस प्रतियोगिता में कुल 06 पुरस्कार हैं : प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं प्रेरणा के 03 (तीन) राजभाषा विभाग पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर की ओर से क्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिता के दौरान हिंदी के प्रयोग-प्रसार हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है। इससे रेलकर्मियों के बीच हिंदी में कार्य करने की प्रवृत्ति बढ़ती है। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों/मंडलों/कारखानों व अधीनस्थ कार्यालयों के कर्मचारी/अधिकारी प्रतिभागी के रूप में उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि तीनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का नाम अखिल रेल स्तर पर आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए रेलवे बोर्ड भेजा जाएगा।

## गोलीकांड की जांच की एसपी से न्याय की गुहार

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)।** थाना क्षेत्र के पंडपा निवासी अरविन्द सिंह की पत्नी किरण देवी ने एसपी नवादा को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस मौके पर किरण देवी के अन्य परिवार भी पहुंचे, और मामले की जांच की गुहार लगाई। इस बाबत उन्होंने आवेदन में उल्लेख किया है कि नारदीगंज मुखिया रणविजय पासवान के ममेरे भाई के द्वारा जो नारदीगंज थाना में कांड संख्या 168/24 दर्ज करवाया गया है, वह फर्जी है। उक्त कांड संख्या में मेरे पति अरविंद सिंह, देवर टुनटुन सिंह और दोनों जाउत मुकेश सिंह और विक्की सिंह को आरोपित किया गया है। जो बेबुनियाद है। उन्होंने ने बताया कि वैसे मामला भूमि विवाद का है। कहा मेरे घर के आगे कुछ बिहार सरकार की भूमि है। उक्त भूमि का पर्चा भी कुछ मुसहर और रजवार जाति को डीएम के द्वारा दिया जा चुका है। उक्त जमीन को मुखिया रणविजय पासवान और उसका भाई लोग जबरदस्ती कब्जा करना चाहता है। जिसका विरोध हमारा जाउत मुकेश सिंह के द्वारा किया जाता है। इसी जमीन को कब्जाने के उद्देश्य से मुखिया व उसका भाई लोग हमारे सभी परिवार को जेल भेजवाने की साजिश रची है। उन्होंने कहा कांड में जो घटनास्थल बताया गया है, वहां पर कोई घटना नहीं हुआ है।

## उपप्रमुख ने एमओ के खिलाफ खोला मोर्चा

**कौआकोल (नि.सं.) (नि.सं.)।** प्रखण्ड के उपप्रमुख अनन्त कुमार यादव उर्फ नवीन यादव ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर एमओ के खिलाफ उनके विभाग में कथित भ्रष्टाचार एवं मनमानी को लेकर मोर्चा खोल दिया है। कौआकोल के एमओ राजीव कुमार पर डीलरों से मनमाने ढंग से कमीशन वसूलने एवं राशन कार्ड बनाने में जबरदस्त धांधली का आरोप लगाया गया है।

---

**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(खेल शाखा)**
Phone no-06562 224033 email id:- palamukhel@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, रांची –सह– कार्यकारी निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण, रांची के आदेश ज्ञापांक 15 दिनांक 08.06.2024 के द्वारा राज्य में विभागान्तर्गत स्वीकृत नये आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स (एकलव्य केन्द्रों) में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थानों को भरने हेतु सत्र 2024–25 के लिए 08 से 14 आयु वर्ग के प्रशिक्षुओं के चयन हेतु निम्नांकित विवरणी के अनुसार चयन ट्रायल किया जा रहा है, जिसका व्यापक प्रचार प्रसार आवश्यक है। चयन ट्रायल के आयोजन से संबंधित विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र0सं0 | प्रमण्डल का नाम | प्रतिभा चयन ट्रायल हेतु आयोजन स्थल | प्रतिभाग चयन ट्रायल की आयोजन की तिथि | समय | आयु वर्ग | खेल विधा का नाम, जिसमें वर्ष 2024–25 हेतु प्रतिभा चयन ट्रायल किया जाना है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू प्रमण्डल | जी0एल0ए0 कॉलेज स्टेडियम, मेदिनीनगर, पलामू | 25.06.2024 एवं 26.06.2024 | प्रातः 06:30 बजे | 08 वर्ष से 14 वर्ष के बीच | फुटबॉल (बालक) एथलेटिक्स (बालक एवं बालिका) हॉकी (बालक) |

**नोट** :– प्रतिभागियों को निम्नांकित कागजात लेकर आना आवश्यक है।

1. जन्मप्रमाण पत्र की छायाप्रति
2. आधार कार्ड की छायाप्रति
3. पासपोर्ट साईज फोटो 01 पीस

जिला खेल पदाधिकारी,
पलामू।

PR.NO.327196 District(24-25):D

---

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**चोरी गई वाहन**
**(स्पलेण्डर प्लस मोटर साईकिल)**

गढ़वा थाना कांड सं0–88/024 दिनांक–16.02.2024 धारा–379, भा0द0वि0 में चोरी गयी हीरो स्पलेण्डर प्लस मोटर साईकिल जिसका रजी0 नं0–**JH14J9621**, इंजन नं0–HA11EDNHB18842 एवं चेचिस नं0–MBLHAW122NHB46558 का अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 327156 Police(24-25)#D

---

**कार्यालय जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू**
**(जिला विकास शाखा)**
Phone No. 06562-224077,224033 E-mail : ddc-pal@nic.in

**अतिअल्पकालीन निविदा**

सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–80/स्वी0, दिनांक–16.03.2023 के आलोक में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (फेज–1) अन्तर्गत पलामू जिला के चयनित विभिन्न ग्रामों के लिए GFF (Gap Filling Fund) के तहत प्रशिक्षण से संबंधित स्वीकृत योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जाना है।

इस हेतु इच्छुक संस्थान/फर्म से अतिअल्पकालीन निविदा आंमत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता सीलबंद दो अलग–अलग लिफाफा में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड संबंधित कागजात दिनांक–01.07.2024 को अपराह्न 01:00 बजे तक उप विकास आयुक्त, पलामू के कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त निविदा को दिनांक–01.07.2024 को अपराह्न 03:00 बजे निविदा–सह–क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा से संबंधित शर्ते एवं विशिष्टियों का अवलोकन पलामू जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in अथवा कार्यालय से किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
पलामू

PR 327245 District(24-25)#D

---

सोन वर्षा वाणी में विज्ञापन देकर लाभ उठाएं
9934957121
7766886433

---

**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER,LATEHAR**
**District Planning Office, Latehar, 829206**
**Website: www.latehar.nic.in**

**(3rd Call)**
**Very Short term EOI**

EOIs are invited for the work of Supply, Installation, Testing & Commissioning including 5 years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) of **Solar High Mast Light Systems with Battery** on Turnkey basis across different identified points / locations in Latehar District.

The details are as follows:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply, Installation, Testing & Commissioning including 5 years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) of **Solar High Mast Light Systems with Battery** on Turnkey basis across different identified points / locations in Latehar District. |
| 2 | Contract Period | 2 years (Rate Contract period) |
| 3 | Period of contract | Completion period +2 years |
| 4 | Date of publication of EOI | 21.06.2024 |
| 5 | EMD and Tender fee etc. | EMD - 05,00,000 (Five Lakhs Rupees Only/-) Refundable & Tender Fees Rs10,000 (Ten Thousand Rupees Only/-) (Non-Refundable) Both DD will be in favour of District Planning Officer, Latehar Payable at Latehar. For MSMEs of Jharkhand EMD is NIL. |
| 6 | Presentation | The bidder which qualifies in technical round shall present presentation before the purchase committee members on the day of opening of tender. |
| 7 | Last date and time for Submission of Bids | 28.06.2024, Time :- 05:00 PM |
| 8 | Technical Bid Opening Date | 29.06.2024, Time :- 01:00 PM Place :- District Planning Office, Latehar |
| 9 | Name & address of office inviting tender | District Planning Office, Latehar, 829206 |
| 10 | Contact no. of officer | 8292415533 |

Complete EOI Document, Guidelines, terms & conditions are available on official website of the district: - https://latehar.nic.in/

PR 327215 Planning and Development(24-25).D

District Planning Officer
Latehar

---

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

आवश्यक सूचना।
(लापता व्यक्ति गिरवर चौधरी(दिमागी हालत ठीक नही) उम्र–45 वर्ष)



मेराल थाना सनहा सं0–19/2024 दिनांक–15.06.24 में लापता व्यक्ति गिरवर चौधरी (दिमागी हालत सही नही) उम्र–45 वर्ष, पिता– सिताराम चौधरी, ग्राम–गेरुवा, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड, के रहने वाला है। जो दिनांक–16.04.2024 से लापता है। उक्त लापता व्यक्ति गिरवर चौधरी का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता व्यक्ति के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
रंग–गोरा, उंचाई करीब–05 फिट, पहनावा–सर्ट सफेद चेक,
पैन्ट घुसर रंग सफेद, स्टोल लाल रंग व सफेद।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.327151 Police(24-25):D

---

**झारखण्ड सरकार**
**खान एवं भूतत्व विभाग**
**जिला खनन कार्यालय, पलामू, मेदिनीनगर**
(e-mail-id - dmo-palamau@jharkhandmail.gov.in)

**सूचना**

**मानसून अवधि (10-06-2024 से 15-10-2024) में लघु खनिज बालू की खरीदगी के संबंध में।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय NGT न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में मानसून सत्र (10-06-2024 से 15-10-2024) की अवधि में जिलान्तर्गत किसी भी नदी बालूघाट से बालू का उठाव पूर्णतः प्रतिबंधित है। उक्त अवधि में असैनिक निर्माण कार्यो में लघु खनिज बालू की उपलब्धता सुनिश्चित बनाये रखने हेतु जिले के निजी बालू भण्डारण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा संचालित बालू स्टॉकयार्ड में बालू उपलब्ध है, जिसकी सूची निम्नवत् है :–

| Sl No. | Dealer Name | Contact No. | Stockyard Address |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री कमलेश प्रसाद, पिता श्री छक्कन प्रसाद, ग्राम पोंची, थाना सतबरवा, पलामू। | 8789634443 7782074417 | मौजा पोंची, थाना सतबरवा, खाता संख्या 01 प्लॉट संख्या 478 रकबा 1.00 एकड़ |
| 2 | मेसर्स गुप्ता ट्रेडर्स, श्री अजय कुमार गुप्ता, पिता श्री रजाजराम गुप्ता, ग्राम पण्डवा, पलामू। | 9631189505 8210291870 | मौजा तुकबेरा, थाना नावा बाजार, खाता संख्या 03, प्लॉट संख्या 444, रकबा 00.75 डी० |

अतएव् संबंधित संवेदको/एजेन्सियों/प्रतिष्ठानों एवं आम लोगों से अनुरोध है कि मानसून अवधि में निम्नलिखित दो अनुज्ञप्तिधारियों से सम्पर्क कर बालू की आपूर्ति ली जा सकती है। विशेष जानकारी के लिए जिला खनन कार्यालय, पलामू में किसी भी कार्य दिवस को सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
पलामू, मेदिनीनगर।

PR.NO.327148 District(24-25):D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### फाइनेंस कर्मी से अपराधी ने 1 लाख रुपए लूटकर फरार

**गड़हनी**। शाम थाना क्षेत्र के बेरथ-रत्लाढ़ पथ पर हथियारबंद अपराधियों ने सुअरी फॉल के समीप उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस कंपनी के कर्मी से हथियार दिखाकर एक लाख तीन हजार रुपये लूटकर फरार हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही गड़हनी पुलिस मौके पर पहुंच छानबीन में जुट गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस कंपनी के सीआरओ पद पर कार्यरत एक कर्मी बुधवार को अगिआंव प्रखंड के रत्लाढ़ गांव में फाइनेंस कंपनी के द्वारा दिया गया ऋण का कलेक्शन कर वापस लौट रहा था उस दौरान अपराधियों ने रास्ते मे घेर कर एक लाख तीन हजार रुपये लूट लूट के आराम से फरार हो गए। अपराधी पूर्व से घात लगाकर सुअरी फॉल के पास घटना को अंजाम देने वाले ही थे कि मौके पर बाइक सवार दो अपराधी आ धमके और हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया। फाइनेंस कर्मी बड़हरा थाने के बखोरापुर निवासी गंगदयाल राम का पुत्र नागेंद्र कुमार है। कर्मी के तरफ से अगिआंव ( गड़हनी) थाने में लिखित आवेदन देने पर गड़हनी पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। बताया जा रहा है कि रुपये लूटने के बाद अपराधी अगिआंव की ओर हथियार लहराते हुए फरार हो गए। पुलिस निरीक्षक सह गड़हनी थानाध्यक्ष रणवीर कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। प्राथमिकी दर्ज कर पूरी टीम मामले के उद्भेदन में जुट गई है।

### भोजपुरिया जन मोर्चा 243 सीटों पर लड़ेगा विस चुनाव

**आरा**। भोजपुरिया जन मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बंधन टोला में हुई। अध्यक्षता भोजपुरिया जन मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत सिंह सहयोगी ने की। भरत सिंह सहयोगी ने कहा कि भोजपुरिया जन मोर्चा ने बिहार में होनेवाले उपचुनाव में उम्मीदवार नहीं खड़ा करने एवं 2025 के विधान सभा चुनाव में 243 सीटों पर लड़ने का निर्णय लिया है। साथ ही साथ बिहार प्रदेश कमिटी को भंग कर दिया गया है। नई कमिटी का गठन शीघ्र किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम अयोध्या सिंह, उपाध्यक्ष अरबिंद सिंह, बिहार दलित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ललन राम, राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद सिंह व गोरखनाथ अकेला, समेत कई लोग उपस्थित थें।

### छात्र संघ के साथ बैठक में शामिल नहीं हुए अधिकारी

**आरा**। स्नातक नामांकन गतिरोध समाप्त करने के लिए गुरुवार को छात्र संघ की बैठक बुलाई गई थी। मगर छात्र संघ प्रतिनिधियों से बात करने के लिए समय पर विश्वविद्यालय के अधिकारी मौजूद नहीं थे। इसके बाद तमाम छात्र संघों ने आक्रोश व्याप्त किया। राजभवन पत्र भेजकर व्याप्त कुव्यवस्था के जिम्मेवार कुलसचिव सह छात्र कल्याण पदाधिकारी और विवि के अन्य अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त करने तथा नामांकन में आ रहे गतिरोध को छात्र हित में शीघ्र दूर करने की मांग करने का निर्णय लिया है। भोजपुरी छात्र संघ का कहना है कि पिछली बार भी नए कोर्स के अनुसार स्नातक नामांकन हुआ था जो मेरिट के आधार पर हुआ था मगर इस साल वरीयता के आधार पर कैसे हुआ और इस निर्णय की पूर्व सूचना सार्वजनिक क्यों नहीं की गई? हर साल नियम किस आधार पर बदला जा रहा है। पूरी नामांकन सूची को या तो रद्द किया जाए अथवा स्लाइड अप का विकल्प छात्रों को दिया जाए। सह संयोजक सोहित सिन्हा ने बताया कि खानापूर्ति के लिए छात्र संघ की बैठक अधिकारी बुलाते हैं और एकतरफा निर्णय लेते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि प्राइवेट कॉलेजों से सांठगाठ करके गड़बड़ी की गई है जो जांच का विषय है। अगर 21 जून तक छात्र हित में कार्रवाई नहीं हुई तो भोजपुरी छात्र संघ राजभवन इसकी शिकायत करेगा।

### आज से प्रखंड स्तरीय खरीफ महाभियान होगा शुरू

**बक्सर**। प्रखंड स्तरीय खरीफ महाभियान का शुभारंभ शुक्रवार से होगा। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को यानी 21 जून को सदर प्रखंड स्थित ई किसान भवन में खरीफ महाभियान का आयोजन होगा। इसमें किसानों को खरीफ फसलों की खेती की आधुनिक तकनीक के बारे में जानकारी दी जाएगी। 22 जून को इटाढ़ी प्रखंड मुख्यालय में, 23 जून को चौसा प्रखंड में, 24 जून को राजपुर प्रखंड में, 25 जून को डुमरांव प्रखंड में, 26 जून को केसठ प्रखंड में, 27 जून को नावानगर प्रखंड में, 28 जून को चौगाई प्रखंड में, 29 जून को सिमरी प्रखंड में, 30 जून को ब्रह्मपुर प्रखंड में और 1 जुलाई को चक्की प्रखंड मुख्यालय में खरीफ महाभियान का आयोजन होगा।

### शहर के शिवपुरी व मठिया मुहल्ला में छापेमारीःबिजली चोरी में तीन पर केस

**बक्सर**। शहर में ऊर्जा चोरी पर अंकुश लगाने के लिए बिजली कंपनी के अधिकारी लगातार छापेमारी कर रहे हैं। बीते बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर बिजली कंपनी के एसडीओ शिव कुमार के नेतृत्व में कनीय अभियंता अजित कुमार गुप्ता, सुमित के अलावा कर्मी सुनील कुमार पासवान व प्रशांत कुमार की टीम ने शहर के शिवपुरी और मठिया मुहल्ला में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान बिजली चोरी के तीन मामले पकड़े गए। उक्त तीनों के खिलाफ आदर्श नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराते हुए 167271 रुपए का जुर्माना लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई है। बिजली कंपनी के एसडीओ शिव कुमार ने बताया कि शिवपुरी स्थित डॉनबास्को गली के लक्ष्मण सिंह, पिता स्व राम प्रसाद सिंह के आवासीय परिसर की जांच के क्रम में पाया गया कि मीटर के आगत टोका फंसाकर गलत तरीके से बिजली का उपयोग किया जा रहा है। उन पर बिजली चोरी के मामले में 41477 रुपए का जुर्माना लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई है। उक्त मुहल्ला के ही मनोज कुमार पांडेय के आवासीय परिसर की जांच के क्रम में पाया गया कि मीटर बाइपास कर बिजली का उपयोग किया जा रहा है। मनोज पांडेय पर 1 लाख 7 हजार 7 सौ 16 रुपए का जुर्माना लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई है। वहीं शहर के मठिया मुहल्ला निवासी मीना सिंह पति अशोक सिंह के आवासीय परिसर की जांच के क्रम में पाया गया कि अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा है। उन पर बिजली चोरी का मामला दर्ज कराते हुए 18078 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। एसडीओ शिव कुमार ने बताया कि अभियान जारी रहेगा।

### बुढ़िया काली मां की वार्षिक पंचित पूजा आज



**बक्सर**। नगर के बाईपास रोड स्थित बुढ़िया काली माई का वार्षिक पंचित पूजा शुक्रवार को धूमधाम से मनाया जायेगा। उक्त जानकारी जय मां काली बक्सर नगरवाली समिति के कोषाध्यक्ष अशोक कुमार सर्राफ एवम् सदस्य बसंत कुमार ने प्रेस वक्तव्य जारी कर दी। उन्होंने बताया कि मन्दिर में माता का जलाभिषेक का कार्यक्रम पिछले 10 जून से चल रहा है जिसका समापन वार्षिक पंचित पूजा के साथ शुक्रवार को होगा। मंदिर समिति के सदस्य बसंत कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं को परेशानी से बचने के लिए इस बार महिलाओं के लिए व पुरुषों के लिए अलग- अलग कतार लगवाने की व्यवस्था की गई है। टेंट की व्यवस्था की गई है, जिसमें टीवी के द्वारा मंदिर का पूजा आरती का प्रसारण चलते रहेगा। रात्रि में 8.30 बजे बुढ़िया काली मां की महा आरती होगी। अध्यक्ष प्रदीप राय, सचिव शिव जी खेमका, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार सर्राफ के साथ सौ सदस्यीय टीम हर समय श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर रहेगी।

# गांजा और हेरोइन के साथ चार तस्कर गिरफ्तार, पुलिस ने की छापेमारी

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर पुलिस ने जगदीशपुर थाना क्षेत्र के खपटाहा गांव में छापेमारी कर गांजा के साथ दो धंधेबाजों को पकड़ा। जानकारी जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चन्द्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि गांजा तस्करी में जगदीशपुर के खपटाहा गांव वार्ड-चार निवासी दुकानदार पप्पू लाल राम और बक्सर जिले के सोनवर्षा ओपी के महादेवगंज निवासी अनूप कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। करीब तीन सौ ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी की है। मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि खपटाहां गांव के वार्ड चार निवासी पप्पू लाल राम अपनी किराना दुकान में गांजा की खरीद-बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर जगदीशपुर थानाध्यक्ष बिगाउ राम के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इसके बाद टीम ने खपटहा निवासी पप्पू लाल राम की दुकान पर छापेमारी की। दुकान से करीब तीन सौ ग्राम गांजा बरामद किया गया। साथ ही दुकानदार पप्पू लाल राम और बक्सर जिले के सोनवर्षा ओपी के महादेवगंज निवासी अनूप कुमार सिंह को पकड़ा। टीम में एएसआई रामानुज कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**हेरोइन खरीद-बिक्री की मिली थी सूचनाः** टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर हेरोइन के साथ दो तस्करों को पकड़ा। जानकारी गुरुवार को एसपी प्रमोद कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पटना जिले के मनेर थाना के लोदीपुर निवासी दिनेश कुमार और चंदन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। करीब 15 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। तस्करी में प्रयुक्त एक बाइक भी जब्त की गई है। एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी गौसगंज क्षेत्र में कुछ तस्कर हेरोइन की खरीद-बिक्री कर रहे है। इसके बाद टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस टीम उमेश माली के घर पा पहुंची तो पुलिस को देखकर खरीद-बिक्री करने वाले भागने लगे। इस दौरान सशस्त्र बलों के सहयोग से दिनेश कुमार और चंदन कुमार को पकड़ा गया। तलाशी लिए जाने पर एक-एक ग्राम की 15 पुड़िया हेरोइन बरामद हुई। बाइक को भी जब्त कर लिया गया।

# 25 किमी में फैला ब्रह्मपुर का गोकुल जलाशय सूखा

निज संवाददाता। ब्रह्मपुर

प्रखण्ड के उतरी इलाके में स्थित सुप्रसिद्ध गोकुल जलाशय पूरी तरह से सूख चुका है। 25 किलोमीटर के दायरे में फैले इस जलाशय में कही एक बूंद पानी नही है। सूखने के कारण दियारा क्षेत्र के विभिन्न प्रजाति के पालतू पशुओं से लेकर जंगली जानवर अपनी प्यास बुझाने के लिए गोकुल जलाशय के सूखे भू-भाग के समीप भटकते हुए नजर आ रहे हैं। सुप्रसिद्ध गोकुल जलाशय जो गायघाट चक्की से शुरू होकर नैनीजोर बक्सर कोईलवर तटबंध के समीप तक करीब बीस से पच्चीस किलोमीटर तक फैला हुआ है।जो गर्मी के दिनों में दियारा क्षेत्र में वरदान के रूप देखा जाता है। यहां दियारा क्षेत्र में विचरण करने वाले पालतू पशुओं जंगली जानवर अपनी प्यास बुझाने के लिए झुंड के झुंड पहुंच प्यास बुझाकर प्राणों की रक्षा करते हैं। हमेशा गर्मी के दिनों में यह जलाशय वरदान के रूप साबित होता देखा जाता रहा है। उक्त जलाशय में निवास करने वाली जल की रानी कहे जाने वाली मछलियां भी जलाशय के सूखने के कारण लुप्त हो चुकी है। वहीं उक्त जलाशय में पाई जाने वाली मछलियों से क्षेत्र के मछुआरे व्यापार कर अपनी जीविकोपार्जन चलाया करते थे। लेकिन आज भीषण गर्मी और लू भरी तपती धूप से जलाशय



सूखने के कारण गंभीर संकट छा गया है। उक्त जलाशय से पालतू पशुओं जंगली जानवरों तथा पक्षियों अपनी भूख प्यास बुझाकर प्राणों की रक्षा करते थे। साथ-ही-साथ क्षेत्र के दर्जनों मछुआरे मछलियों का व्यापार कर अपनी परिवार का भरण-पोषण कर जीविकोपार्जन चलाया करते थे।जो आज गंभीर रूप से संकट का सामना कर रहे हैं। बड़े बुजुर्ग बता रहे है की कभी यह जलाशय सूखता नही था लेकिन इस साल की गर्मी में सूख गया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शिविर का आयोजन

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिले भर में योग के शिविर लगा लोगों ने योग कर इसे दिनचर्या में उतारने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर शहर से लेकर गांव तक योग शिविर का आयोजन किया गया। इसके तहत जिला गंगा समिति, नेहरू युवा केंद्र और द आर्ट ऑफ लिविंग के संयुक्त तत्वावधान में सोमेश्वर स्थान स्थित वामनेश्वर गंगा घाट पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग गुरु वर्षा पांडेय एवं उनकी टीम द्वारा लोगों को योग करा इसके फायदे भी बताए गए। योग के अंत में पौधा वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

**योग के फायदे को भी लोगों को बतायाः** इस मौके पर बक्सर के डीएम अंशुल अग्रवाल के साथ जिला प्रशासन के आला अधिकारी से लेकर राजनैतिक व सामाजिक संगठनों के लोगों ने योग शिविर में हिस्सा लिया। शिविर में द आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े प्रशिक्षकों ने लोगों को योग कराया। साथ ही, योग के फायदे भी लोगों को बताए। इस दौरान डीएम अंशुल अग्रवाल ने लोगों से दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने की अपील की। उन्होंने कहा की आज योग महिला सशक्तिकरण के लिए किया गया। उन्होंने बताया कि योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है, जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का काम होता है।

# प्री मॉनसून ने गर्मी से लोगों को पहुंचाई राहत

निज संवाददाता। आरा

मौसम की पहली और हल्की बारिश ने भीषण गर्मी से लोगो को काफी राहत पहुंचाई है, वहीं जिले के किसानों के चेहरे पर इस प्री मॉनसून से खुशहाली नजर आई है। मौसम विभाग के अनुसार हल्की बारिश से ही मौसम में करीब 4 डिग्री की गिरावट हुई है। बुधवार को जहां तापमान 44 डिग्री रहा वही गुरुवार को तापमान 4 डिग्री घटकर 40 डिग्री पर पहुंच गया। शुक्रवार को 4 डिग्री और तापमान में गिरावट के साथ शुक्रवार का अधिकतम तापमान 36 डिग्री रहने की उम्मीद है। हल्की बारिश की सम्भावना बन सकती है। तापमान में गिरावट से जिले के लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। कृषि विज्ञान केंद्र अनुसार के अनुसार जिले में मात्र 4 एमएम ही बारिश हुई है। मौसम में इस बदलाव से सड़कों पर लोगो का आवागमन भी पिछले एक सप्ताह की अपेक्षा अधिक रहा।



हालांकि यह बारिश रात से गुरुवार की सुबह तक ही रही, 10 बजे के बाद पुनः लोगो को गर्मी सताने लगी थी। लोगो को तेज धूप से बचाव के लिए गमछा, छाता व दुपट्टा का सहारा लेना पड़ा था। बचाव लेकिन पिछले दिनों की अपेक्षा गर्मी से काफी राहत थी। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ पीके द्विवेदी ने बताया कि यह प्री मॉनसून बारिश हुई है। यह किसानों की खुशहाली का सन्देश है। बारिश से लोगो को थोड़ी राहत भी मिली है। तापमान में भी थोड़ी और गिरावट आएगी। आम की फसल को इससे फायदा पहुंचेगा। रोपनी के लिए जो नर्सरी में बिचड़ा लगाए गए है, उन्हें काफी फायदा पहुंचेगा। मॉनसून में अभी थोड़ी देरी है, 28 जून से मॉनसून के आने की उम्मीद है।

> ऐसे मौसम में लापरवाही नहीं करे, पहनावे और खान-पान का खास ख्याल रखे। सूती कपड़े पहनें अन्यथा त्वचा संबंधी रोग हो सकते हैं। बच्चों और बुजुर्गों को गर्मी के प्रकोप से बचाकर ही रखें। घर में बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, ओआरएस का घोल आदि का सेवन करते रहे। धूप में कपड़े, दुपट्टा, गमछा, टोपी या छतरी का उपयोग करें।
>
> - एसीएमओ डॉ केएन सिन्हा

# बारिश से मिली राहत, स्कूल भी आज से खुल जाएंगे

निज संवाददाता। बक्सर

जिले में बुधवार की देर रात मौसम का मिजाज बदल गया। अचानक आई आंधी व प्री मानसून की बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। बुधवार को पूरे दिन हीट वेव की स्थिति रही तथा रात होते ही उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। देर रात होते ही मौसम ने करवट ली तथा आंधी व गरज के साथ बारिश हुई। रात में हुई बारिश का असर गुरुवार की सुबह देखने को मिला। सुबह की शुरुआत बादलों से हुई तथा मौसम सुहावना रहा। प्री मानसून की बारिश से अधिकतम तापमान में कमी आई। अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सामान्य तापमान के करीब है। हालांकि न्यूनतम तापमान में कमी नहीं आने से उमस भरी गर्मी रात में बरकरार रही। हीट वेव में आई कमी से विद्यालयों की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। डीएम अंशुल अग्रवाल ने



पत्र जारी कर कहा है कि पहले 22 जून तक विद्यालयों की छुट्टी की गई थी, परंतु अब मौसम अनुकूल हुआ है इसको लेकर अब 21 जून से जिले के सभी शिक्षण संस्थान संचालित किए जाएंगे। मौसम विभाग ने आगे भी हीट वेव से राहत की संभावना जताई है। अधिकतम तापमान में प्रतिदिन 1 डिग्री सेल्सियस की कमी होगी तथा आसमान में बादल का आवागमन तथा बूंदाबांदी होने की संभावना जताई है। जिससे लोगों को हीटवेव से राहत मिलेगी। बिहार में औरंगाबाद सबसे गर्म जिला रहा। औरंगाबाद का अधिकतम तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया है। कई दिनों बाद बक्सर का तापमान 40 डिग्री से नीचे आया है।

अधिकतम तापमान में पांच डिग्री की कमी आई है। बिहार के सिर्फ तीन जिलों औरंगाबाद, अरवल और रोहतास का अधिकतम तापमान 40 से अधिक रहा। अरवल का अधिकतम पारा 40 और रोहतास के डेहरी का 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बक्सर का अधिकतम पारा करीब 5 डिग्री लुढ़ककर 37.2 डिग्री दर्ज किय गया। मौसम विभाग की मानें तो आगामी दो दिनों में अधिकतम पारा में कोई खास बदलाव नहीं होगा। उसके बाद 4 डिग्री तक पारा में कमी का पूर्वानुमान है। जून में सामान्य वर्षापात 107 एमएम, अब तक बारिश 71.33 एमएम ही जून माह में पहली बार प्री मानसून की बारिश हुई। जिला कृषि कार्यालय के अनुसार सभी 11 प्रखंडों में बारिश हुई। जिसमें सबसे अधिक बारिश केसठ, ब्रह्मपुर, नावानगर, सिमरी, डुमरांव, चक्की, चौगाई, प्रखंड में हुई। जहां 10 मिमी से अधिक बारिश हुई। सबसे कम बारिश राजपुर, बक्सर, चौसा, इटाढ़ी में हुई। जहां 10 मिमी से कम बारिश हुई। 20 जून तक 14.45 मिमी बारिश हुई। हालांकि जून माह में 79.74 मिमी बारिश कम हुई है। जून माह का सामान्य वर्षापात 107 मिमी है। जबकि 71.33 मिमी ही बारिश हुई है।

# आरा-बक्सर NH पर एक्सीडेंट में इंजीनियर की मौत

निज संवाददाता। आरा

आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में एक इंजीनियर की मौत हो गई। बक्सर के कृष्णा ब्रह्म थाना क्षेत्र के डुमरांव गांव स्थित फोरलेन पर गुरुवार को ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे इंजीनियर की मौत हो गई। इलाज के दौरान आरा शहर के निजी अस्पताल में उसने उसने दम तोड़ दिया। छह महीने पहले ही शादी हुई थी। बाइक पर बैठा उसका दोस्त मामूली रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान टाउन थाना क्षेत्र के बाबू बाजार मोहल्ला निवासी 27 वर्षीय सत्यम के रूप में हुई है। वह पेशे से प्राइवेट इंजीनियर था। जख्मी उसका दोस्त उसी मोहल्ले का निवासी 22 वर्षीय लव कुमार है। इधर मृतक सत्यम के चाचा शिव शंकर माधव सिन्हा ने बताया कि उसके पिता की तबीयत काफी खराब थी। उनकी मौत हो गई थी। वह एक माह पहले अपनी जॉब छोड़कर उनकी देखभाल के लिए वापस घर आ गया था। बाइक से वह अपने दोस्त लव कुमार के साथ अपने किसी अन्य दोस्त से मिलने के लिए डुमरांव जा रहा था। डुमरांव गांव स्थित फोरलेन पर ट्रैक्टर ने उसके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

मौत की खबर परिजन द्वारा टाउन थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि सत्यम अपने दो भाई में छोटा था। उसकी शादी 6 महीने पहले मसाढ़ गांव में हुई थी। उसके परिवार में मां संगीता श्रीवास्तव, पत्नी शिल्पी सिन्हा और एक भाई शानू है। पिता की मौत एक महीने पहले बीमारी के कारण हो गई थी और वह आरा के सिविल कोर्ट में कर्मचारी थे। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।

# परीक्षाओं में धांधली का विरोध, आइसा ने शिक्षा मंत्री का किया पुतला दहन



निज संवाददाता। आरा

छात्र संगठन आइसा ने नीट -2024 में हुए धांधली की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। इसके लिए आइसा के कार्यकर्ताओं ने प्रतिरोध मार्च निकाला। परीक्षा रद्द करो और पुनः परीक्षा संचालित करने की नारेबाजी की। आरा रेलवे परिसर में केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया। संचालन आइसा के जिला सह सचिव रौशन कुमार ने किया। जिला सचिव विकास कुमार ने कहा कि लगातार परीक्षा में हो रही धांधली। छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ है। अफसोस है कि इसके खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा । लगातार पेपर लीक जैसी समस्या आम हो गई है, बेरोजगार युवा जो की किसी एग्जाम के लिए वर्षों तैयारी करते है, ये धांधलियां उनके सपनों पर मिनटों में पानी फेर देता हैं। आज देशभर में नीट की परीक्षा को रद्द करने के लिए मांग की जा रही है अभी नेट यूजीसी का एग्जाम हुआ जिसमे भी पेपर लीक समस्या एवं परीक्षा में धांधली सामने आने की चर्चा चल रही है। एटीए जो नेट से लेकर नीट तक की परीक्षाओं का संचालन करती है अपनी विश्वसनीयता को खो चुकी है। परीक्षाओं को साफ सुथरे तरीके से लेने में पूरी तरह से विफल नजर आ रही है। देश के इतने बड़े परीक्षाओं में धांधली होना काफी शर्मनाक है। मामले की उच्च स्तरीय जांच करते हुए दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि छात्र युवा के जीवन के साथ खिलवाड़ बंद हो सके।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या : एम०सी०–115–क्यू०डब्लू० बीएक्सआर एसटीएन, दि० 20/06/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यो के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी०पी०डब्लु०डी०, एम०ई०एस० अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन–लाइन खुली निविदा आमंत्रित करते हैं: **(1) कार्य के नाम, लोकेशन के साथः** बक्सर स्टेशन पर कैमटेक डिजाइन के अनुसार त्वरित जल व्यवस्था की सुविधा। कार्यस्थलः– बक्सर स्टेशन **(2) अनुमानित निविदा राशि (रूपया में):** रू. 1,19,33,671.92/– (रूपये एक करोड़ उन्नीस लाख तैंतीस हजार छः सौ इक्हत्तर एवं वानवे पैसे मात्र। **(3) अग्रधन राशि (रूपया में):** रू. 2,09,700/– (रूपये दो लाख नौ हजार सात सौ मात्र) । **(4) निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** निविदा ऑन लाइन **www.ireps.gov.in** पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 12.07.2024 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निर्धारित तिथि को 12:30 बजे निविदा खोली जायेगी। **(5) वेव साईट का नाम एवं निविदा, शुद्धि पत्र (अगर जारी हुआ) संबंधी सूचनाः** निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेव साईट CRIS **website: www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), पूर्व मध्य रेल, दानापुर**

पीआर/00541/डीएनआर/एमईसीएच/टी/24–25/32



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई. निविदा सं. :** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–15– 24–25, **कार्य का नाम :** मुख्य अभियन्ता/निर्माण/मध्य के अधीन मल्टी ट्रैक सोन नगर–अन्दाल तीसरी तथा चौथी लाइन तथा अन्य परियोजना के लिए प्रमुख पुलों, छोटे पुलों, एल.एच.एस, आरयूबी, आरओबी, थ्रस्ड बेड, एनिमल अंडरपास/ओवरपास, एफओबी, आरएफओ, बिल्डिंग का जीएडी तैयार करना डिजाईन तैयार करना, मिट्टी की स्थिरता, ढलान स्थिरता, ईवी2 टेस्ट करने का कार्य।, **अंकलित मूल्य (रु) :** 6,50,24,197.34, **निविदा प्रपत्र का लागत (रु.) :** 0.00, **अग्रधन राशि (रू.) :** 4,75,100.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 24 (चौबीस) महीने। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 12.07.2024, 15.30 बजे अपराह्न। ऐसी ई– निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइटः http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्यः** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेज़ी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धि–पत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण पू.म.रे. महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर/0530/कॉन/इंजी./टी/24–25/48

## संक्षिप्त समाचार

### डीएलएड उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के नामांकन का आवेदन शुरू

**भागलपुर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने डीएलएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों (स्कोर कार्ड के आधार पर) का ईआरसी-एनसीटीई से मान्यता प्राप्त सरकारी एवं निजी संस्थानों में नामांकन के लिए आवेदन की तिथि जारी कर दी है। अभ्यर्थी प्रशिक्षण सत्र 2024-26 में नामांकन के लिए 26 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा होगा। परीक्षा समिति के मुताबिक अधिकार पोर्टल आवेदन की तिथि तक खुला रहेगा। डीएलएड कोर्स संचालित संस्थानों में नामांकन के लिए समिति द्वारा दो जुलाई को प्रथम चयन सूची जारी की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों का तीन से आठ जुलाई तक नामांकन लिया जाएगा। उक्त अवधि में नामांकन नहीं लेने पर द्वितीय सूची पर विचार नहीं किया जाएगा।

### मूंग तोड़ रहे किसान को सांप ने काटा, मौत

**पीरपैंती।** इस्माइलपुर के छोटी परबत्ता निवासी तीजो मंडल (40) की मौत सांप के काटने से हो गई। परिजनों ने बताया कि तीजो सुबह खेत में मूंग तोड़ने गया था। तभी उसके पैर में सांप ने काट लिया। हम उसे नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार सांप काटने के बाद घर वालों ने जहर निकालने के लिए उस जगह पर धारदार हथियार से काटकर और जख्मी कर दिया था। जिससे अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम नहीं हो सका और शव को भागलपुर भेज दिया गया। उसकी मौत के बाद पत्नी पुष्पा देवी बार-बार बेहोश हो रही थी। उसे दो पुत्र और एक पुत्री है।

### निजी नलकूप योजना शिविर

**नारायणपुर।** अंचल कार्यालय परिसर में सात निश्चय योजना के तहत हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी कार्यक्रम को लेकर लघु जल संसाधन विभाग ने मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना शिविर लगाया। प्रभारी आरओ भरत कुमार झा के नेतृत्व में जेई, राजस्व कर्मचारी रविशंकर कुमार, अमित कुमार व धीरज कुमार ने दल गठित कर इच्छुक किसान से एलपीसी व जाति प्रमाणपत्र से संबंधित आवेदन लिए।

### शादी की नीयत से बेटी का अपहरण

**पीरपैंती।** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने शादी की नीयत से बेटी का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए गांव के ही युवक संतोष साह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि 19 जून को मेरी पुत्री घर से ब्लॉक कार्यालय परिसर स्थित कंप्यूटर कोर्स का सर्टिफिकेट लेने गई थी। जब शाम तक घर वापस नहीं लौटी तो हमने उसकी खोजबीन शुरू की। खोजबीन के क्रम में पता चला कि आरोपित ने शादी की नीयत से बेटी का अपहरण कर लिया है। पुलिस ने बताया कि महिला के आवेदन पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ट्रेनों में लगाए जाएंगे अतिरिक्त कोच

**टेटिया बंबर।** पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को लेकर जमालपुर रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाने की घोषणा की है। इन ट्रेनों में जमालपुर हावड़ा एक्सप्रेस में 1 एसी टू टियर और एक एसी थ्री टियर इकोनॉमी कोच लगाई जाएगी। इसके अलावा नई दिल्ली गोड्डा हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन, मालदा टाउन -पटना में एक एसी थ्री टियर कोच लगाई जाएगी। इसके अलावा मालदा टाउन पटना ट्रेन में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच भी लगाई जाएगी। जानकारी सीपीआरओ कौशिक मित्रा ने दी।

### अलग-अलग मामलों में तीन लोग गिरफ्तार

**टेटिया बंबर।** टेटिया बंबर थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष तारकेश्वर प्रसाद ने बताया कि बिच्छी चांचर गांव के एक गौहाल से 5 लीटर महुआ शराब के साथ दो धन्वेबाज बालेश्वर बिन्द पिता किशोरी बिन्द एवं फंटूश कुमार पिता सुरेन्द्र बिन्द को गिरफ्तार किया गया। वहीं बिच्छी चांचर गांव से ही वारंटी रहे दिलीप कुमार यादव को भी गिरफ्तार किया गया।

### "युवाओं को हिंदू होने पर गर्व होना चाहिए"

**भागलपुर।** हाउसिंग बोर्ड बरारी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उपनगर कार्यवाह राजीव सिंह के नेतृत्व में हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इसमें आरएसएस के विभाग बौद्धिक प्रमुख हरविंद नारायण भारती ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी को अपने देश और हिंदू होने पर गर्व करना चाहिए। मौके पर अजय जायसवाल, पवन गुप्ता, मनोहर महतो, स्वर्ण कुमार, प्रियरंजन कुमार, मंजेश कुमार, राजेश तिवारी, संतोष कुमार, मंटू आदि थे।

### गंगा में पूजन सामग्रियों को न डालने को जागरूक करेगा निगम

**भागलपुर।** नमामि गंगे योजना के तहत नगर निगम की ओर से लोगों को जागरूक किया जायेगा। ताकि, गंगा नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए जनभागीदारी बढ़ सके। इसके लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (आईआईपीए) की ओर से नमामि गंगे परियोजना के क्रियान्वयन के लिए नामित सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया है। इसमें नगर निगम की ओर से ठोस अपशिष्ट एवं स्वच्छता प्रभारी शशिभूषण सिंह शामिल हुए। दो दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर में बताया कि गंगा नदी में प्रदूषण को बढ़ने से रोकने के लिए किसी भी तरह का कूड़ा कचरा न डालें। यहां तक मंदिरों से निकलने वाले फूल मालाएं आदि भी नहीं बहाने के लिए भी लोगों को जागरूक करना जरूरी है। इस दौरान आईआईपीए की श्यामली सिंह ने नमामि गंगे योजना के तहत गंगा नदी को स्वच्छ रखने, बायो डायवर्सिटी के संबंध में विभिन्न जानकारी दी।

### बिजली चोरी मामले में एक पर केस किया गया दर्ज

**टेटिया बंबर।** प्रखंड में बिजली चोरी कर उपयोग करने को लेकर विभाग द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार को बनगामा पंचायत के ताजपुर गांव निवासी जगदेव बिन्द को बिजली चोरी कर उपयोग करते पाया गया। कनीय विद्युत अभियंता टेटिया बंबर रंजीत कुमार ने जगदेव बिन्द के खिलाफ खड़गपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही 26347 रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

### भ्रमरपुर में ब्राह्मण मिलन समारोह 23 को

**नारायणपुर।** भ्रमरपुर स्थित दुर्गा संस्कृत उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को अखिल भारतीय पुरोहित महासंघ बिहार राज्य इकाई द्वारा ब्राह्मण मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी अखिल भारतीय पुरोहित महासंघ के जिला अध्यक्ष संजय कुमार झा ने दी। समारोह की अध्यक्षता स्वामी नवगछिया शिवशक्ति पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी आगमानंद महाराज करेंगे।

### कुशहा के ग्रामीणों को समझाने पहुंचे जदयू नेता, नहीं माने लोग



**घोघा।** कुशहा के ग्रामीणों ने अंडरपास की मांग को लेकर सोमवार सड़क जाम किया था। फोरलेन का काम रोक दिया था। इसके बाद मंगलवार को भी निर्माणाधीन सड़क पर बैठकर काम रोका था। इसको लेकर जदयू के प्रदेश महासचिव शुभानंद मुकेश गुरुवार को मौके पर पहुंचे। उन्होंने फोरलेन का निर्माण करा रही एजेंसी के अधिकारी से फोन पर बात की और समस्या का निदान करने को कहा। उन्होंने बताया कि एजेंसी के अधिकारी ने कहा है कि अंडरपास के लिए प्राक्कलन तैयार कर विभाग को स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है। ग्रामीणों का ना कहना है कि जब तक अंडरपास का निर्माण शुरू नहीं होगा काम बंद रहेगा।

बकरी पालन में आ रही परेशानी को करें दूर, भागलपुर में डॉक्टर ने दिए टिप्स

# गर्मी में पशु को निमोनिया से बचाएं, व्यवसाय है मुनाफेदार

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में नई पीढ़ी के युवा अब रोजगार की तरफ रुख कर रहे हैं। ऐसे में कम पैसे में बड़ा रोजगार रखने की चाहत में युवा बकरी पालन कर रहे हैं। हालांकि गर्मी के बीच बकरी के बच्चे को निमोनिया बीमारी की शिकायत सबसे ज्यादा हुई है, जिसके कारण युवाओं के सपने पर पानी फिर रहा है। बकरी पालन नया ट्रेंड बन चुका है। डॉक्टर ने इसको लेकर सलाह दी है कि बकरी पालन करने वाले लोग सबसे बड़ी गलती बकरी के बच्चे को धूप में रख कर करते हैं। दोपहर में पानी पिला देते हैं, यह उसके लिए खतरनाक है। दोपहर के समय बकरी को बिल्कुल चराने के लिए ना भेजें क्योंकि बकरी अधिकतम तापमान 40 से 50 डिग्री तक बर्दाश्त करती है।



**गर्मी में दिनों में बकरी के बच्चे को बचाना बड़ी चुनौती:** गर्मी के दिनों में बकरी के बच्चों को निमोनिया जैसी बीमारी अधिक होती है। पशुपालन अधिकारी डॉ रणधीर कुमार ने बताया कि बकरी अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री तक बर्दाश्त करती है।

ऐसे में अगर बाड़े में इससे अधिक तापमान है तो तुरंत पंखा चलाएं जिससे उसका तापमान नियंत्रण में रहे। बकरी पालन कर रहे अंजनी कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बकरी पालन मुनाफेदयक है, लेकिन इसके बच्चे को बचाना ही सबसे बड़ी चुनौती है। अगर सभी चीजों का मैनेजमेंट सही रहा तो बच्चे भी बच जाते हैं. बच्चों को फीडिंग सही समय पर कराएं। वहीं पानी का मैनेजमेंट अच्छा रखें।

## 21 माह के बकाए मानदेय के भुगतान को अनिश्चितकालीन धरना, काम ठप

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर विश्वविद्यालय में गुरुवार को करीब 70 आउटसोर्सिंग कर्मियों ने 21 माह के बकाए मानदेय के भुगतान के लिए अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। जिससे विश्वविद्यालय का लगभग कार्य ठप हो गया है। उल्लेखनीय यह कि विश्वविद्यालय के खुलते ही धरना पर बैठे इन आउटसोर्सिंग कर्मियों से शाम तक विधिवत मिलने ना ही विवि के अधिकारी और ना ही एलीट फाल्कन कंपनी लिमिटेड के प्रतिनिधि पहुंचे। नतीजतन धरना के शुक्रवार को भी जारी रहने की संभावना है। वैसे कुछ कर्मियों ने बताया कि शुक्रवार को विवि प्रशासन से वार्ता हो सकती है। जिसका संकेत मिला है। बहरहाल इस बार सभी आउटसोर्सिंग कर्मी आर-पार की लड़ाई के मूड में है। उनका कहना है कि 21 माह तक विवि प्रशासन एवं कंपनी की लड़ाई के बीच फंसकर आश्वासन से ही काम चलता रहा है। इस बार हमलोग किसी झांसे में आने वाले नहीं है। दुर्भाग्यपूर्ण यह कि इन कर्मियों को कार्य करते 21 माह हो गए, मगर इन्हें खुद का निश्चित मानदेय पता नहीं है। इधर झूठे आश्वासनों से उबकर कतिपय कर्मियों ने कार्य छोड़ दिया है। अब तक केवल दो बाद किया गया है भुगतान मुंगेर विश्वविद्यालय में आउटसोर्सिंग कर्मियों का हाल बुरा है। मुंगेर विश्वविद्यालय में एलीट फाल्कन कंपनी लिमिटेड के अंदर कार्यरत करीब 70 आउटसोर्सिंग कर्मियों को लगभग 21 माह से लगातार कार्य करने के बावजूद मानदेय का भुगतान नहीं हो रहा है। वे सुरक्षा से लेकर परीक्षा तक की जिम्मेवारी विश्वविद्यालय में संभाल रहे हैं। कर्मियों ने बताया कि भुगतान के नाम पर केवल दो बार उन्हें 20-20 हजार और 40 हजार रुपए दिया गया है।

नगर निगम का अजीब तर्क-

# बकरीद की वजह से उड़ाही शुरू नहीं हुई

निज संवाददाता। मुंगेर

पूरबसराय दिलीप महल से लेकर पूरबसराय रेल ब्रिज होते हुए पूरबसराय ब्रह्मस्थान तक बड़े नाले की सफाई करायी जा रही है। लेकिन यहां नाले से गाद निकालकर सड़कों पर रख दी गयी है। यह हालत तब है जब नगर विकास व आवास विभाग ने नगर निगम प्रशासन 31 मई तक सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई करा लेने का निर्देश दिया था। नगर निगम का तर्क है कि बकरीद की वजह से कमेला रोड में काम शुरू नहीं कराया जा सका। जबकि बकरीद के मौके पर तो सफाई और बेहतर तरीके से होनी चाहिए थी। निगम का कहना है कि यहां के नाले की भी सफाई शुरू हो जाएगी। यहां फोकलेन मशीन से काम कराया जाएगा। कमेला रोड नाला में दिलावरपुर व कृष्णपुरी के नाले से पानी आता है। यह पूरबसराय, रिफ्यूजी कॉलोनी होते हुए 2 नंबर गुमटी व वार्ड-17 माधोपुर होते हुए गंगा नदी में मिल जाता है। इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र में जो 4 बड़े आउट फॉल हैं, सभी आउट फॉल की सफाई का काम पूरा कर लिया गया है। 45 वार्डों के छोटे-बड़े नालों की सफाई का काम भी नियमित रूप से कराया जा रहा है। नगर निगम का दावा है कि नगर निगम क्षेत्र के 95% नालों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है। दो-चार दिनों में शत-प्रतिशत नालों की सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। बड़े नालों की सफाई के लिए नगर निगम प्रशासन ने अलग से 50 सफाईकर्मी को लगाया है। कमेला रोड में बड़े नाले की नहीं हुई अबतक सफाई। बारिश होने पर शहर के विंदवारा मोड़ से बड़ी मिर्जापुर की सड़कों पर घुटने तक पानी बहने लगता है। लाल दरबाजा, मोगल बाजार व पूरबसराय रेल अंडरब्रिज में भी पानी घंटों तक फंसा रहता है। इसके अलावा शहर में कुछ ऐसे जगह हैं, जहां जलजमाव की शिकायत ज्यादा रहती है। खासकर फिलिप बेकरी के पास, मुर्गयाचक, कमेला रोड, पीएनबी बैंक चौक, हजरतगंज चौक आदि इलाकों में नाला जाम हो जाने के कारण भारी बारिश के बाद सड़क पर जलजमाव की समस्या ज्यादा रहती है। सिटी मैनेजर अवध किशोर सिंह ने बताया कि इन इलाकों में जलजमाव की मुख्य वजह यह है कि नाला में पुलिया बनी है। इसमें 4-5 तरह के पाइप हैं। पाइप में पॉलीथीन व कूड़ा-कचरा फंस जाता है, जिस कारण नाला की साफ-सफाई के बाद भी जलजमाव की समस्या पैदा हो जाती है।



# पीजी सेमेस्टर 4 की परीक्षा से एक परीक्षार्थी निष्कासित

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर विश्वविद्यालय में पीजी सेमेस्टर-4, सत्र 2022-24 की परीक्षा गुरूवार से तीन परीक्षा केन्द्रों पर शुरू हुई। परीक्षा के पहले दिन और पहली पाली में एसबीएन कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर एक परीक्षार्थी को कदाचार करते पकड़े जाने पर परीक्षा से निष्कासित कर दिया गया। गुरूवार को परीक्षा दोनों पालियों में हुई। पहले दोनों पालियों में कुल 07 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। वहीं कुल 1871 परीक्षार्थी दोनों पालियों में उपस्थित हुए। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि पहली पाली में तीन परीक्षा केन्द्रों पर कुल 789 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 07 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। एक परीक्षार्थी को एसबीएन कॉलेज गढ़ीरामपुर परीक्षा केन्द्र से निष्कासित किया गया। वहीं दूसरी पाली में तीनों परीक्षा केन्द्रों पर कुल 1082 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। कोई भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं रहा। शुक्रवार को भी दोनों पालियों में परीक्षा होगी।

### परीक्षाएं समय पर नहीं होने से मनोबल टूटता है

**मुंगेर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन की मुंगेर शाखा ने बार-बार परीक्षाओं में धांधली को लेकर जमालपुर स्थित जेआरएस कॉलेज के प्रांगण में प्रदर्शन करते हुए अपनी मांग रखी। आइसा के मुंगेर जिला संयोजक और शोधार्थी सुमित कुमार ने कहा कि अभी हाल ही में नीट एग्जाम में हुई धांधली से पूरा देश स्तब्ध है। इस घटना से अभी उभरा भी नहीं था कि कल यूजीसी नेट पेपर के रद्द होने का समाचार विद्यार्थियों को मिला। इतनी भीषण गर्मी में विद्यार्थी यूजीसी नेट की परीक्षा देने गए और अगले ही दिन पेपर रद्द हो गया। इस तरह की घटना से छात्र-छात्राओं का न सिर्फ मनोबल टूटता है बल्कि सरकार की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न चिन्ह लगा है। आइसा के मुंगेर जिला कमेटी की सदस्य श्रेया सिन्हा ने कहा कि परीक्षा रद्द होने से सबसे ज्यादा परेशानी विद्यार्थी और उनके अभिभावकों को होता है। बढ़ती उम्र से जूझते देश के बेरोजगार नौजवान ऐसी परिस्थितियों में काफी निराश और हताश महसूस करते हैं। वहीं आइसा जिला कमेटी के सदस्य रत्नम राज, मेघा आदि ने कहा कि इस मामले में शिक्षा मंत्री की जवाबदेही तय होनी चाहिए। परीक्षा रद्द होने से पहले मंत्रालय को जानकारी हासिल करनी चाहिए कि परीक्षा में कोई गड़बड़ी तो नहीं है।


**पूर्व रेलवे**

**संशोधनी** - मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा पूर्व प्रकाशित **ई-निविदा सूचना संख्या : ओ-एसी-टी-82 टू 90-24-25 (ओपन), दिनांक: 12.06.2024** के अधीन **निविदा केस संख्या : ओ-एसी-टी-82-24-25 से ओ-एसी-टी-85-24-25** में **संशोधनी।** उक्त निविदा के अधीन **निविदा बंद होने की तारीख** 10.07.2024 के स्थान पर **12.07.2024** पढ़ें। अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
(ASN-92/2024-25)
निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ओ-एसी-टी-93 टू 98-24-25 (ओपन), दिनांक: 19.06.2024।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या:** 1। **केस संख्या : ओ-एसी-टी-93-24-25 । कार्य का नाम:** दिनांक 30.06.2025 को समाप्त अवधि के लिए आसनसोल मंडल की ज़ोन संख्या 21 में एसएसई/कार्य/मधुपुर के अधीन समपार, छोटे सड़क, लकड़ी के कार्य, पाइप बिछाना तथा स्वच्छता कार्य सहित सीतारामपुर-झाझा खंड में रूपनारायणपुर (सहित) किमी. 227.200 से जसीडीह (छोड़कर) तक सभी सेवा भवन एवं कॉलोनियों आदि सहित सभी जोनल कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 70,00,000। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 1,40,000। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **क्रम संख्या:** 2। **केस संख्या : ओ-एसी-टी-94-24-25 । कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2/आसनसोल के अधीन ब्लॉक खंड में 14 अदद इंटरलॉक्ड समपार फाटकों पर एकीकृत विद्युत आपूर्ति की शेष मात्रा के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 87,25,521.66। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 1,74,500। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **क्रम संख्या:** 3। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-95-24-25 । कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2/आसनसोल के अधीन मधुपुर में मंडल ट्रैफिक सेंटर पर बहु अनुशासनात्मक प्रशिक्षण संस्थान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,19,49,031.90। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 2,09,700। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 महीना। **क्रम संख्या:** 4। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-96-24-25 । कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/जसीडीह के अधीन जसीडीह में प्लेटफॉर्म सतह का सुधार, नए पीएफ शेड का प्रावधान, नए शौचालय परिसर का प्रावधान सहित अन्य आनुषंगिक कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,64,51,053.40। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 2,32,300। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 महीना। **क्रम संख्या:** 5। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-97-24-25। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2/आसनसोल के अधीन विद्यासागर में पैदल ऊपरी पुल का प्रावधान सहित अन्य आनुषंगिक कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,75,24,641.74। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 2,37,600। **कार्य पूरा करने की अवधि :** 09 महीना। **क्रम संख्या:** 6। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-98-24-25 । कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/3/आसनसोल के अधीन विभिन्न लोकेशनों पर एसओडी की समरूपता में कोपिंग दूरी का सुधार तथा पीएफ का विस्तार कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 70,84,132.55। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 1,41,700। **कार्य पूरा करने की अवधि :** 08 महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 18.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे (क्रम संख्या 1 से 6 प्रत्येक के लिए)। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।
(ASN-89/2024-25)
निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, ऑफिस बिल्डिंग, पो. ऑ. -झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) (नीलामी आयोजित करने वाले अधिकारी) मालदा मंडल के भागलपुर (बीजीपी) रेलवे स्टेशन पर प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) के अधीन विज्ञापन लॉट के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी कैटेलॉग आमंत्रित करते हैं। **नीलामी कैटेलॉग संख्या : पीएमबीजेके-2024-06। नीलामी शुरू:** 05.07.2024 को सुबह 11.45 बजे। **प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) के लिए ई-नीलामी। एसईक्यू. संख्या:** एए/1। **लॉट संख्या/श्रेणी:** पीएमबीजेके-2024-06। **बयाना राशि:** ₹ 50,000। **स्टेशन:** भागलपुर। तत्पश्चात विवरण के लिए भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस ई-नीलामी मॉड्यूल देखें।
(MLD-51/2024-25)
निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा ठेका प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के मार्फ़त आईआरईपीस पोर्टल के जरिये ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है : **नीलामी की श्रेणी :** वाणिज्यिक प्रचार (विज्ञापन)। **ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या: एएसएन-एडीवीटी-05-07। नीलामी शुरू होने की तारीख :** 05.07.2024 को सुबह 10.30 बजे। **स्टेशन का नाम/लोकेशन/ट्रेन संख्या एवं एसएलआर: आरडीएन नॉन डिजीटल-** जोड़ामौ, घोरमारा, जामा, मथुरापुर, राजला, पंचरा, भीमगारा, चंदन, गलसी, कटोरिया, सुगापहाड़ी 7/11, चिनपाई, बासुकीनाथ, सुगापहाड़ी 6/3, शंकरपुर, कासीटांड़ हाल्ट, कालूबथान, कालीपहाड़ी, बराकर, बाराबानी, काकबारा, सत्संग नगर, तापसी, करझौसा, सोनाचारा, थापर नगर, न्यू नवाडीह, कृष्ण बल्लभ हाल्ट, महेशमुंडा, उखरा, रूपनारायणपुर, न्यू मदनपुर, चंदनपहाड़ी, नरगंजो, पांडबेश्वर, मानकर, राजबांध, जगदीशपुर, छोटा अंबाना, बराचक, वारिया, मदनकट्टा, सिमुलतला, मुगमा, तेलवा बाजार हाल्ट, कुमारडुबी, काजोराग्राम, मोहनपुर, कुमराबाद रोहिणी, पराज, चिनपाई, सीतारामपुर, भलुआ स्टेशन के अंदर। **ओओएच (घर से बाहर)-** रूपनारायणपुर, कुल्टी, तेलवा बाजार हाल्ट, उखरा, वारिया, कटोरिया, सलानपुर, सीतारामपुर, राजबांध, पराज, विद्यासागर, अंडाल जंक्शन, सिमुलतला, काजोराग्राम, चंदन, गलसी, कालीपहाड़ी, पराज, कुमारडुबी, पांडबेश्वर, थापर नगर। **कुल 74 परिसंपत्तियां:** आरडीएन (नॉन डिजीटल) परिसम्पत्तियों की संख्या: 53। ओओएच (घर से बाहर) परिसम्पत्तियों की संख्या : 21। सम्पूर्ण विवरण तथा दी गई अनुसूची के अनुसार ऊपर उल्लिखित ई-नीलामी के तहत भाग लेने के लिए सभी भावी बोलीदाताओं को यह सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।
(ASN-95/2024-25)
निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/483, दिनांक: 20.06.2024।** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा संख्या: एसडीएसटीई/सिग/टी/11/24-25/आरआरएसके। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** सियालदह मंडल में ट्रैक नवीकरण कार्य के सम्बन्ध में सिग्नलिंग कार्य। **निविदा मूल्य:** रु.1,99,41,751.69। **जमा की जानेवाली बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 2,49,700। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 16.07.2024। **निविदा जमा बंद होने की तारीख:** 30.07.2024 को दोपहर 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 30.07.2024 को दोपहर 2.30 बजे। **विवरण जहाँ उपलब्ध है : www.ireps.gov.in। तकनीकी पात्रता की शर्तें:** निविदादाता को जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गई है उसके ठीक पहले वाले महीने की अंतिम तारीख को समाप्त विगत 07 (सात) वर्षों के दौरान कार्य (यों) की निम्नलिखित श्रेणियों में से कोई भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया हुआ होना अथवा काफी हद तक पूरा किया हुआ होना चाहिए : (i) समरूप प्रकृति के 03 कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 30% की राशि के समान हो अथवा (ii) समरूप प्रकृति के 02 कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 40% की राशि के समान हो अथवा (iii) समरूप प्रकृति का एक कार्य, जिसकी कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 60% की राशि के समान हो। **वित्तीय पात्रता की शर्तें:** निविदादाता के पास वी/एन अथवा 'वी', जो भी कम हो, का न्यूनतम औसतन वार्षिक ठेकागत कारोबार अवश्य होना चाहिए; जहाँ वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन = कार्य संपादन हेतु निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना लेखा-परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार विगत तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकागत भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, पिछले वर्ष का तुलन पत्र अभी तक तैयार/लेखा-परीक्षित ना होने के मामले में, औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा-परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जायेगा। निविदादाता को लेखा-परीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथोचित समर्थित सनदी लेखापाल से प्राप्त प्रमाणपत्र/सनदी लेखापाल द्वारा यथोचित प्र माणित ले खा-परीक्षित तुलन पत्र की प्रतियों के साथ जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इंस्टेंट निविदा दस्तावेज की प्रपत्र-6) के अनुसार आवश्यक जानकारियां अवश्य जमा करनी होंगी। **जमा किये जाने वाले अन्य दस्तावेज :** निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार। **समरूप प्रकृति का कार्य:** पैनल इंटरलॉकिंग या रूट रिले इंटरलॉकिंग या इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग या आईबीएच या ऑटोमैटिक सिग्नलिंग या एलसी गेट इंटरलॉकिंग या एएफटीसी या एसएसडीएसी या एमएसडीएसी के किसी भी कार्य पर इस निविदा हेतु समरूप प्रकृति के कार्य के रूप में विचार किया जायेगा। **द्रष्टव्य :** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार पात्रता की शर्तों को पूरा करने के उनके/उसके दावे के समर्थन में दस्तावेज अवश्य जमा करना होगा।निविदादाता द्वारा जमा किये जाने वाले अनुशंसा पत्र के समर्थन में दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की प्रतियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता या निविदा देने वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-अभिप्रमाणन/डिजीटल रूप से हस्ताक्षर अवश्य होने चाहिए। स्व-सत्यापन में शामिल हैं हस्ताक्षर, मुहर एवं तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर)।
(SDAH-96/2024-25)
निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### शेरघाटी से गायब हंटरगंज के युवक का 18 दिनों बाद भी सुराग नहीं

**गया, एजेंसी।** शेरघाटी बाजार से गायब हुए हंटरगंज के युवक का 18 दिन गुजर जाने के बावजूद कोई पता नहीं चल सका है। शेरघाटी थाने की पुलिस ने लापता हुए युवक की पत्नी की शिकायत पर गत 14 जून को अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। हंटरगंज थानाक्षेत्र के मायापुर गांव का 30 वर्षीय युवक देवकी दास गत 2 जून को तब लापता हुआ था, जब वह एक प्राइवेट बैंक की शेरघाटी शाखा में 25 हजार रुपये जमा करने के लिए शेरघाटी बाजार आया था। लापता युवक की पत्नी रीना देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि 700 रुपये कम रहने के कारण बैंक के मैनेजर ने उससे पैसा नहीं लिया था और वह पचीस हजार रुपयों के साथ बैंक से बाहर आ गया था, लेकिन उसके बाद उसका कोई पता नहीं चल रहा है। युवक के पास मौजूद फोन भी स्वीच ऑफ आ रहा है। शिकायत करने वाली महिला का कहना था कि समूह का पैसा बैंक में जमा करने के लिए वह घर से निकला था। इस मामले का अनुसंधान अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक संतोष राम को बनाया गया है। इधर, शेरघाटी के थानेदार अजीत कुमार ने बताया कि युवक की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है। बैंक के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

### छपरा में महिला ने पंखे से लटक कर की खुदकुशी

**छपरा, एजेंसी।** शहर के भगवान बाजार थाना क्षेत्र के नई बाजार बेतिया छावनी में किराए के मकान में रह रही महिला दिव्या ने पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। यह घटना बुधवार की देर रात की बताई जाती है। महिला ने सुसाइड नोट भी छोड़ा है। दाउदपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले रोहित के साथ तीन साल पहले दिव्या ने प्रेम विवाह किया था। दोनों बेतिया छावनी में किराए के मकान में रह रहे थे। घटना के समय पति एक निजी क्लीनिक में अपनी ड्यूटी कर रहा था तभी दिव्या घर के दरवाजे बंद कर लिये व पंखे में दुपट्टा लगाकर लटक गयी। तत्काल इसकी सूचना किसी ने उसके पति को दी। पति मौके पर पहुंचा तो देखा कि दरवाजा बंद है। फिर उसने भगवान बाजार थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर सुभाष कुमार सिंह को इसकी सूचना दी । सब इंस्पेक्टर सुधीर कुमार व महिला पुलिस पदाधिकारी पहुंचे व दरवाजा को किसी तरह से तोड़ा गया। देखा गया कि महिला पंखे से लटकी हुई है। शव को नीचे उतारा गया। ? भगवान बाजार पुलिस ने मोबाइल, दुपट्टा व सुसाइड नोट को जब्त कर लिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में गुरुवार को कराया। पुलिस ने यूडी केस दर्ज किया है। । उधर घटना की सूचना मिलने के बाद आसपास के लोग भी रात में इकट्ठा हो गए थे। मरने से पहले दिव्या ने डायरी में एक सुसाइड नोट लिखकर बिस्तर पर छोड़ दिया था। सुसाइड नोट में उसने लिखा है कि मैं जो कर रही हूं, अपने होशो हवास में कर रही हूं। किसी के दबाव में नहीं कर रही हूं । मेरे मरने के बाद मेरे पति रोहित कुमार दास को तंग न करें। इसमें उनका कोई दोष नहीं है। अपनी हालातों से लड़ते-लड़ते थक गई हूं। इसलिए अब यह दुखों से भरी दुनिया छोड़कर जा रही हूं- दिव्या कुमारी।

### गड़खा में किराये के मकान में संदेहास्पद स्थिति में मिला युवक का शव

**छपरा/गड़खा, एजेंसी।** गड़खा थाना क्षेत्र के चिरांद रोड स्थित पशु अस्पताल के पास गुरुवार की सुबह किराये के मकान में एक युवक का शव मिला। हालांकि उसकी मौत की वजह साफ नहीं हुई है। मामला हत्या का है या आत्महत्या या फिर स्वाभाविक मौत, इसका इसका खुलासा नहीं हो सका है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है। वैसे स्थानीय लोग उसका नाम बादल बता रहे थे। मृतक की पत्नी किराये के घर से गायब है। ऐसे में मामला संदेहास्पद हो गया है। जानकारी के मुताबिक उक्त युवक की पत्नी यहां किराये के मकान में रहती है। युवक पटना में कहीं काम करता है और वहीं से यहां आता-जाता है। बक़रीद के मौके पर वह गड़खा आया था। उक्त मकान में कई और किरायेदार रहते हैं। गुरुवार की सुबह जब लोगों की नींद खुली तो देखा कि उक्त युवक गली में पेट के बल पड़ा हुआ है। इसके बाद वहां लोगों की भारी भीड़ जुट गई। मुखिया प्रतिनिधि राकेश चौधरी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि व जन सुराजी अशोक प्रसाद गुप्ता, उप मुखिया बाबूजान व अन्य मौक़े पर पहुंचे। बाद में लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार, सब इंस्पेक्टर अमान अशरफ़ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अपनी तहक़ीक़ात शुरू की। मृतक की पत्नी वहां नहीं थी।

# दुकानों में भटकते रहे मरीज, 537 करोड़ की सरकारी दवाएं एक्सपायर हो गई



**पटना, एजेंसी।** बिहार के सरकारी अस्पतालों में फरवरी से अप्रैल के बीच 537 करोड़ की दवाएं और सर्जरी के सामान खराब हो गए। स्वास्थ्य विभाग के डीवीडीएमएस (ड्रग्स एंड वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों की समीक्षा के बाद विभाग ने रिपोर्ट तैयार की है।

मामला उजागर होने के बाद विभाग में खलबली मच गयी है। सरकार दावा करती है कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त इलाज से लेकर दवाओं की सुविधाएं दी जाती हैं। इसके बावजूद मरीजों को बाजार से दवा खरीदना पड़ता है और अस्पतालों के गोदाम में दवाएं एक्सपायर हो रही हैं। जानकारी के मुताबिक स्टोर में ही पड़े-पड़े फरवरी में 175 करोड़, मार्च में 180 करोड़ और अप्रैल में 182 करोड़ की दवाएं एक्सपायर हो गईं और सर्जरी के सामान बेकार हो गए। विभाग के अपर निदेशक (तिरहुत) डॉ. ज्ञान शंकर ने कहा कि कोई भी दवा एक्सपायर नहीं हो, इसके लिए सभी सीएस को निर्देशित किया जा रहा है। विभाग ने मुजफ्फरपुर सहित सभी सीएस को दवाओं की इंट्री डीवीडीएमएस पोर्टल पर कराने का निर्देश दिया है। साथ ही दवा एक्सपायर होने के बारे में राज्य मुख्यालय व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से जारी निर्देशों का सख्ती से पालन कराने को कहा है। कई बार सही इंट्री नहीं करने से एक्सपायरी का गलत डाटा भी पोर्टल पर दिखने लगता है। इस पर भी अंकुश लगाने को कहा है।

### मुजफ्फरपुर जिले में 1500 तरह की दवाएं एक्सपायर

डीवीडीएमएस पोर्टल पर मुजफ्फरपुर में मुजफ्फरपुर में 88 करोड़ 53 लाख सात हजार की 1500 तरह की दवाएं एक्सपायर होना दर्ज है। सबसे ज्यादा दवाएं सीएचसी और पीएचस में एक्सपायर हुईं हैं। रिपोर्ट के अनुसार पूरे राज्य में पीएचसी में 28 प्रतिशत और सीएचसी में 21 प्रतिशत दवाएं एक्सपायर हुईं हैं। वहीं, मेडिकल कॉलेजों में 11 फीसदी, सदर अस्पतालों में तीन फीसदी व अनुमंडल अस्पतालों में चार फीसदी दवाएं एक्सपायर हुईं हैं। मुजफ्फरपुर सदर में 100 तरह की दवाएं एक्सपायर हुईं हैं।

### सरकारी अस्पतालों को नहीं मिल रहीं सभी दवाएं

स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट बताती है कि रिजनल वेयर हाउस से जिलों को मांग के अनुसार दवाओं की आपूर्ति नहीं हो रही है। इससे सरकारी अस्पतालों को सभी तरह की दवाएं उपलब्ध नहीं पा हो रही हैं। एक अप्रैल से आठ जून तक मुजफ्फरपुर जिले को रिजनल वेयर हाउस से 196 की जगह 151 तरह की दवाएं ही मिलीं। जिले में काफी दिनों के बाद शुगर मरीजों के लिए मेटफॉर्मिन दवा 19 जून को आई है। दवा नहीं मिलने से मरीजों को पूरी दवा नहीं मिल रही है।



## तेजस्वी यादव को नित्यानंद राय ने बताया भ्रष्टाचारी

**पटना, एजेंसी।** केंद्र की मोदी सरकार में दूसरी बार केंद्रीय गृह राज्यमंत्री बनने के बाद पहली बार पटना पहुंचे नित्यानंद राय ने विपक्ष पर हमला बोला। कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव में परिवारवादी और भ्रष्टाचारी नेता तेजस्वी यादव को समाप्त कर देंगे। उन्हें राजनीति में धूल चटा देंगे। 2025 के चुनाव में महागठबंधन को जीरो पर आउट करेंगे। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव और उनके पिता लालू यादव के लिए परिवार से उपर कोई नहीं है। तो दूसरी ओर पीएम नरेंद्र मोदी दिन रात देश की चिंता करते रहते हैं। 2025 में इन लोगों को उखाड़ कर फेंक देंगे। इससे पहले एयरपोर्ट पर हजारों कार्यकर्ताओं ने उनका ढोल-नगाड़े के साथ नित्यानंद राय का भव्य स्वागत किया। उत्साही कार्यकर्ताओं ने नित्यानंद राय को सीएम पद का दावेदार बता दिया। समर्थक बिहार का मुख्यमंत्री कैसा हो, नित्यानंद राय जैसा हो के नारे भी लगाने लगे। भीड़ देख नित्यानंद राय भी उत्साह में आ गए और गाड़ी के बोनट पर खड़े हो गए। लोगों से फूल-माला और बुके को स्वीकार किया और आभार जताया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चार दशक से पार्टी से जुड़ा हूं। न कभी दल बदला और न दिल। जातिवादी और परिवारवादी राजनीति से दूर रहा। शायद इसलिए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का स्नेह मिलता है। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में दुनिया के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और उनके आशीर्वाद से बिहार में विकास की धारा बढ़ रही है। अभी केंद्र में डबल इंजन की सरकार है। 2025 में फिर से एनडीए की जीत होगी और बिहार के विकास की गति और तेज हो जाएगी। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने तेजस्वी के अपराध के बयान पर कहा कि सुशासन की सरकार है। पहले राजद के समय में अपराधियो को संरक्षण मिलता था। एयरपोर्ट से कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री को प्रदेश भाजपा कार्यालय तक लाया।

## नाबालिग से रेप का 16 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार, नालंदा में छापेमारी में पुलिस ने हथियार कारतूस किए जब्त

### कोर्ट से लाल वारंट निकाला था



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा की मानपुर थाना की पुलिस ने 16 साल से फरार चल रहे रेप के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया अभियुक्त मानपुर थाना क्षेत्र के तेतरावां गांव निवासी कारू पासवान का बेटा प्रदीप पासवान है। मानपुर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि प्रदीप पासवान पिछले 16 सालों से फरार चल रहा था। कोर्ट ने लाल वारंट लगा रखा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि प्रदीप पासवान अपने घर में ही मौजूद है। इसके बाद कार्रवाई करते हुए प्रदीप पासवान के घर की घेराबंदी की गई। उसे घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

छापेमारी के दौरान अभियुक्त के घर से एक हथियार और एक कारतूस भी बरामद हुआ है। प्रदीप पासवान साल 2008 से फरार चल रहा था। पुलिस जब भी रेड करने उसके घर जाती वह भनक पाकर फरार हो जा रहा था। वह साल 2008 में नाबालिग लड़की को भगा कर ले जाने और रेप करने के मामले में आरोपित है। मानपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि प्रदीप पासवान के पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और एक मोबाइल बरामद किया गया है। इसके अलावा उसके आपराधिक इतिहास को भी खंगाला जा रहा है। छापेमारी टीम में मानपुर थाना अध्यक्ष समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन

- योग से जुड़े प्रश्नों का सही उत्तर देने वालों को पुरस्कृत किया गया।
- उपस्थित लोगः विश्वविद्यालय के छात्र एवं कर्मचारी।



निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, केन्द्रीय संचार ब्यूरो, छपरा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज वैशाली स्थित सी वी रमन विश्वविद्यालय परिसर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति ने एम एल गौर ने कहा की योग हमारी संस्कृति और पहचान है। आज इस कार्यक्रम को पूरे 10 वर्ष हो गए।पूरा विश्व आज योग के माध्यम से लाभान्वित हो रहा है। योग हमे नियमित करना चाहिए जीवन में संतुलन बनाए रखने में यह सहायक है। योग हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। हर वर्ष असंख्य लोग योग से जुड़ रहे है और जीवन को निरोग बना रहे है। कार्यक्रम में योग गुरु श्री राम सिंह ने योगा सत्र की शुरुआत ॐ के उच्चारण से की और योग के विभिन्न आसनों को सिखाया। उन्होंने आसनों के उपयोगिता के बारे में बताया की हमे किस आसान से क्या फायदा होता है। वही केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सर्वजीत सिंह ने कहा कि इस साल का थीम है स्वयं और समाज के लिए योग। योग करने से मानसिक तनाव में कमी आती है और जीवन में संतुलन बना रहता है। जब हम मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे तभी हम समाज के लिए अपना योगदान दें पाएंगे। हमे नियमित रूप से अपने जीवन में योग को स्थान देना होगा। आज हम फिजियोथेरिपी के लिए जाते है वहा पर हमे एक्सरसाइज सिखाया जाता है आप ने देखा होगा सभी योग के आसनों की भाती होता है। भारत की विरासत का सुनहरा भविष्य है योग। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में योग से जुड़े प्रश्नों का सही जवाब देने वालो को पुरस्कृत किया गया। योगाभ्यास में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के छात्र एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ब्रजेश सिंह (रजिस्टार सी वी रमन विश्वविद्यालय, वैशाली), शौरव कुमार, विभाग के ऐश्वर्या कुमार सहित अन्य लोगो का योगदान रहा।

## मुजफ्फरपुर में लकड़ी माफिया ने वन विभाग के दारोगा को ट्रक से रौंदा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार में बालू, पत्थर के तर्ज पर लकड़ी का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। इसमें माफिया तत्वों की एंट्री हो गई है जो अपने कारोबार के लिए अपराधी की तरह काम करते हैं। यहां तक कि वन विभाग के अधिकारियों का भी इन्हें खौफ नहीं होता। मुजफ्फरपुर में कार्रवाई के दौरान वन विभाग का एक दारोगा उनका शिकार बन गया। बैरिया-पुरानी मोतिहारी रोड में लकड़ी लदे ट्रक को रोकने पर ट्रक चालक ने वन विभाग के दारोगा को रौंद दिया और गाड़ी लेकर फरार हो गया। दारोगा गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें इलाज के लिए बैरिया स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वन विभाग के दारोगा रवि शंकर श्रीवास्तव लकड़ी लदे ट्रक को रोकने का प्रयास कर रहे थे। इसके लिए वह सड़क पर सामने से आकर ट्रक को आगे से हाथ दे रहे थे। चालक ने ट्रक नहीं रोका और दारोगा को रौंदते हुए भाग निकला। गंभीर रूप से जख्मी दारोगा सड़क पर पड़े रहे। आसपास के लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल प्रबंधन ने वन विभाग के अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद बड़ी संख्या में वनकर्मी अस्पताल पहुंचे।





इस मामले को मुजफ्फरपुर पुलिस ने भी गंभीरता से लिया है। घायल दारोगा का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनकी स्थिति ठीक नहीं है। अहियापुर पुलिस ट्रक की पहचान कर उसे पकड़ने की कार्रवाई में जुट गई है। इलाके के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है ताकि उस ट्रक का सुराग मिल सके। इधर वन विभाग भी इस घटना के बाद और एक्टिव हो गया है। मुजफ्फरपुर वन प्रमंडल के सभी आधिकारियों को छापेमारी का निर्देश दिया गया है। मुजफ्फरपुर पुलिस और प्रशासन की मदद लेकर लकड़ी के अवैध कारोबार को उखाड़ने की तैयारी शुरू हो गई है।

## व्यवसायी की करंट की चपेट में आकर मौत

**छपरा/दिघवारा, एजेंसी।** नगर पंचायत के शंकरपुर रोड निवासी व्यवसायी की करंट की चपेट मे आने से मौत हो गई। मृतक शंकरपुर रोड निवासी स्व बिहारी शर्मा का 30 वर्षीय पुत्र रमण कुमार शर्मा बताया जाता है। घटना के संबंध मे बताया जाता है कि बुधवार की रात्रि 9:30 बजे को उक्त व्यवसायी रोज की तरह दिघवारा पंप के निकट से अपनी दुकान बंद कर बाइक लगाने के लिए मीरपुर भुआल स्थित गोदाम में गया। गोदाम का गेट खोलकर बाइक रख दिया। इसी बीच गोदाम में ही करंट की चपेट मे आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वह पांच भाइयों मे दूसरे नम्बर पर था। घटना के बाद वृद्ध मां मीरा कुंअर, भाई राज कुमार शर्मा, सोनू शर्मा, अमरजीत शर्मा व गोलू शर्मा का रो-रो कर बुरा हाल था।

**करंट लगने से युवक झुलसा, रेफर :** थाना क्षेत्र के चंचलिया गांव में अपने घर में पंखा चालू करने के क्रम में करंट लगने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। झुलसा युवक मंजीत कुमार यादव बताया जाता है जिसका रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर छपरा सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। उपचार चल रहा है।

### मऊ और कोलकाता के बीच चलेगी समर स्पेशल, छपरा के यात्रियों को भी मिलेगी सुविधा, देखें टाइम टेबल

**छपरा, एजेंसी।** रेलवे द्वारा यात्रियों के यात्रा को सहूलियत और सुविधापूर्ण बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में छपरा के रास्ते स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 05180 मऊ-कोलकाता ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन से 21 जून, 2024 को एकल यात्रा के लिये किया जायेगा। इस ट्रेन के संचालन से छपरा के यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। छपरा से कोलकाता तक सफर करने वाले यात्री इस ट्रेन के माध्यम में अपना यात्रा कर सकते है। यह ट्रेन शाम 5:26 बजे मऊ से चलकर शाम 7:55 में छपरा पहुचेगी।



**21 कोच लगाये जाएंगे :** 05180 मऊ-कोलकाता ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 21 जून, 2024 को मऊ से 17.15 बजे प्रस्थान कर इंदारा से 17.30 बजे, रसड़ा से 17.54 बजे, बलिया से 18.30 बजे, छपरा से 19.55 बजे, हाजीपुर से 21.15 बजे, मुजफ्फरपुर से 22.20 बजे, समस्तीपुर से 23.35 बजे, दूसरे दिन बरौनी से 00.40 बजे, जसीडीह से 03.45 बजे तथा आसनसोल से 04.50 बजे छूटकर कोलकता 10.00 बजे पहुँचेगी।

# अनियंत्रित बालू लदे ट्रैक्टर ने युवक को रौंदा, मौत



**नवगछिया (भागलपुर), एजेंसी।** नवगछिया के राजेंद्र कॉलोनी में पुलिस फाड़ी के पास एक बिना नंबर के बालू लदे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने माखातकिया निवासी मो. मुमताज (30 वर्ष) पिता मो. ठिठर को रौंद दिया, जिससे घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद अनियंत्रित ट्रैक्टर बिजली के खंभे को तोड़ते हुए दीवार में जा घुसा। इससे अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही मृतक के परिवार सहित पूरे मोहल्ले के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया। बड़ी संख्या में महिलाएं भी एकत्रित हो गईं। महिलाएं काफी आक्रोशित थीं। घटना की सूचना पर पहुंची नवगछिया पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया। चालक मुस्कान मिल्की का निवासी बताया जा रहा है। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा। सूचना मिलने पर अस्पताल में लोगों की भीड़ जुटने लगी, जिससे स्थिति गंभीर होने लगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी पूरण झा के निर्देश पर नवगछिया एसडीपीओ ओम प्रकाश सहित कई थाने की पुलिस नवगछिया अस्पताल पहुंची और विधि व्यवस्था बनाए रखने में जुट गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को समझाकर मामला शांत करवाया और शव का पोस्टमार्टम करवाया।

### गुवाहाटी में सिलाई बुनाई का काम करता था मृतक

मृतक के बड़े भाई मो. इस्लाम ने बताया कि उसका छोटा भाई गुवाहाटी में 15 वर्षों से रहकर सिलाई बुनाई का काम करता था। 2 दिन पहले ही बकरीद पर वह घर आया था। उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। घटना के बाद मृतक की पत्नी के साथ-साथ छोटे-छोटे बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### अनियंत्रित गति से चलते हैं बालू लड़ा ट्रैक्टर

नवगछिया बाजार सहित आसपास के इलाके में बालू लागे ट्रैक्टर अनियंत्रित गति से चलते हैं। छोटे-छोटे कम उम्र के लड़के तेज गति से लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हैं। विरोध करने पर यह मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। इन चालकों के ऊपर बालू माफिया का हाथ रहता है। पार्षद मुन्ना भगत, नेहाल, फैयाज ने कहा कि सभी ट्रैक्टर के कागजात की जांच हो। नवगछिया एसडीपीओ प्रकाश ने बताया कि बालू लदे ट्रैक्टर के ठोकर लगने से युवक की मौत हुई है। ट्रैक्टर जब्त कर लिया गया है।



# हिन्दू धर्म में क्यों की जाती है वृक्ष की पूजा

**एकेश्वरवादी धर्म के लोगों को लिए यह बात बड़ी अजीब लगती है कि हिन्दू धर्म के लोग वृक्ष की पूजा क्यों करते हैं जबकि वह कोई ईश्वर या भगवान नहीं है? दरअसल, हिन्दुइज्म यह मानता है कि इस ब्रह्मांड में सभी कुछ परमात्मा का ही अंश है और सभी एक दूसरे से आंतरिक रूप से जुड़े हुए हैं।**

## पीपल और बरगद

वृक्ष की पूजा या प्रकृति की पूजा करने के पीछे साइंटिफिक रीजन भी है। जैसे कि हिन्दू धर्म में बरगद और पीपल के पेड़ की पूजा का प्रचलन है। हम सभी जानते हैं कि यह वृक्ष 24 घंटे ऑक्सीजन देते हैं। अथर्ववेद के उपवेद आयुर्वेद में पीपल और बरगद के औषधीय गुणों का अनेक असाध्य रोगों में उपयोग वर्णित है। औषधीय गुणों के कारण ही इन्हें 'कल्पवृक्ष' की संज्ञा दी गई है। यानी की हमारे ऋषि मुनि कहीं न कहीं इस वृक्ष के महत्व को समझते थे। अक्सर आपने देखा होगा की पीपल और वट वृक्ष की परिक्रमा का विधान है। इनकी पूजा के भी कई कारण है। स्कन्द पुराण में वर्णित पीपल के वृक्ष में सभी देवताओं का वास है। पीपल की छाया में ऑक्सीजन से भरपूर आरोग्यवर्धक वातावरण निर्मित होता है। इस वातावरण से वात, पित्त और कफ का शमन-नियमन होता है तथा तीनों स्थितियों का संतुलन भी बना रहता है। इससे मानसिक शांति भी प्राप्त होती है। पीपल की पूजा का प्रचलन प्राचीन काल से ही रहा है। इसके कई पुरातात्विक प्रमाण भी है। अश्वत्थोपनयन व्रत के संदर्भ में महर्षि शौनक कहते हैं कि मंगल मुहूर्त में पीपल वृक्ष की नित्य तीन बार परिक्रमा करने और जल चढ़ाने पर दरिद्रता, दुःख और दुर्भाग्य का विनाश होता है। पीपल के दर्शन-पूजन से दीर्घायु तथा समृद्धि प्राप्त होती है। अश्वत्थ व्रत अनुष्ठान से कन्या अखण्ड सौभाग्य पाती है।

## तुलसी और आंवला

इसी तरह यदि हम औषधीय पौधों की बात करें तो तुलसी और आंवला की भी पूजा होती है। कोविड 19 के समय जब विटमिन सी को अच्छे से लेने की सलाह दी गई तब हम सब ने आमला का सेवन और शुरु कर दिया था। इसी तरह जब इम्यूनिटी को बूस्ट करने की बात की गई तो सभी ने तुलसी का रस पीना प्रारंभ कर दिया था। यह दोनों ही तरह के पौधे अत्यंत ही औषधीय गुणों से संपन्न है। यह कई तरह के रोगों को खत्म करने की क्षमता रखते हैं। आयुर्वेद में आमला को सूपरफूड कहा गया है और तुलसी को अमृत माना है।



# इस तरह से की जानी चाहिए लड्डू गोपाल की सेवा वरना मिलते हैं बुरे परिणाम

**लगभग सभी घरों में लड्डू गोपाल की सेवा की जाती है। शास्त्रों में कहा गया है कि लड्डू गोपाल की सेवा करने से शुभ फल प्राप्त होते हैं। इसलिए घर में लड्डू गोपाल की मूर्ति रखनी चाहिए, साथ ही उनकी सेवा एक बच्चे की तरह करनी चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार, अगर आपने भी अपने घर में लड्डू गोपाल को विराजित किया है, तो आपको कुछ नियमों का पालन जरूर करना चाहिए। पूजा घर में जहां आपने लड्डू गोपाल को बैठाया हुआ है, वहां कुछ चीजें नहीं रखना चाहिए। आइए, जानते हैं कि वे चीजें कौन-सी हैं।**



## खंडित मूर्तियां न रखें

वास्तु के अनुसार, घर में टूटी हुई मूर्तियां रखना अशुभ माना जाता है। जिस स्थान पर लड्डू गोपाल विराजित हैं, उस स्थान पर खंडित मूर्तियां नहीं रखनी चाहिए। ऐसी मूर्तियों के घर में होने से नकारात्मक ऊर्जा आती है। ऐसा करने से लड्डू गोपाल की सेना की कृपा भी आपको नहीं मिलती है।

## गंदे कपड़े न रखें

शास्त्रों में यह भी बताया गया है कि जिस कमरे के पूजा घर में लड्डू गोपाल विराजित हैं, उस कमरे में गंदे वस्त्र नहीं होने चाहिए। ऐसा करने नकारात्मक ऊर्जा आकर्षित होती है। घर में दुर्भाग्य प्रवेश करता है।

## इतनी देर तक रखें भोग

अगर आप घर पर भी लड्डू गोपाल को भोग लगाते हैं, तो इस बात का विशेष ध्यान रखें कि 10 मिनट के अंदर ही भोग को वहां से हटा लें। ऐसा माना जाता है कि भोग लगाने के बाद वह झूठा हो जाता है। ऐसे में जूठी थाली लंबे समय तक वहां न रखें।

## सजावटी वस्तुएं

घर के जिस कमरे में लड्डू गोपाल विराजित हैं, उसमें कभी भी सजावटी वस्तुएं न रखनी चाहिए। लड्डू गोपाल के कमरे को हमेशा साफ-सुथरा रखना चाहिए।

## न रखें कोई पत्थर या रत्न

कई लोग अपने घर में कोई न कोई चमत्कारी पत्थर या राशि रत्न आदि रखते हैं। लेकिन इन चीजों को लड्डू गोपाल के आसपास रखने से बचना चाहिए। जिस कमरे में लड्डू गोपाल स्वयं बैठते हैं, उस कमरे का वातावरण सुखद और सकारात्मकता हो जाता है।



# घर के मंदिर में नहीं रखनी चाहिए शनिदेव की मूर्ति

हर घर के मंदिर में अलग-अलग देवी-देवताओं की मूर्तियां रखी होती हैं। लेकिन वास्तु शास्त्र में माना जाता है कि घर के मंदिर में कुछ देवी-देवताओं की मूर्तियां या तस्वीरें नहीं रखनी चाहिए। इन मूर्तियों के रखे होने से नकारात्मक परिणाम भी हो सकते हैं। आइए, जानते हैं कि घर के मंदिर में किन देवी-देवताओं की मूर्तियां या तस्वीरें नहीं रखना चाहिए।

## शनिदेव की मूर्ति

हिंदू धर्म में शनिदेव को न्याय का देवता माना जाता है। शनिदेव की पूजा की जाती है, लेकिन घर के मंदिर में उनकी तस्वीर या मूर्ति रखना वर्जित होता है। उन्हें एक उग्र देव माना जाता है। इसलिए शनिदेव की पूजा घर की बजाय किसी मंदिर में जाकर करना शुभ मना होता है।

## मां काली की मूर्ति

शनिदेव की तरह ही घर के मंदिर में मां काली की मूर्ति और तस्वीर रखना भी अच्छा नहीं माना जाता है। इन्हें भी उग्र देवताओं में शामिल किया जाता है। इनकी पूजा घर में नहीं करनी चाहिए। मां काली की पूजा के नियम भी बहुत कठिन हैं और घर पर ऐसा करना उचित नहीं माना जाता है।

## नटराज की मूर्ति

कई लोगों के घर में नटराज की मूर्ति रखी होती है, लेकिन नटराज असल में भगवान शिव का रौद्र रूप माने जाते हैं। ऐसे में घर के मंदिर में नटराज की मूर्ति नहीं रखनी चाहिए। ऐसा करने से घर में कलह बनी रहती है।

## भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की मूर्ति

देवी-देवताओं की मूर्तियां भी विभिन्न मुद्राओं में पाई जाती हैं। लेकिन ध्यान रखें कि घर में हमेशा भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की बैठी हुई मूर्ति ही लानी चाहिए। मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियां खड़ी या किसी अन्य स्थिति में रखना शुभ नहीं माना जाता है।

# शिव की शक्ति का प्रतीक माना जाता है त्रिशूल



भगवान शिव की पूजा करने से सभी प्रकार की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इतना ही नहीं, विशेष लाभ भी प्राप्त होते हैं। विधि-विधान और सच्चे मन से शिव जी पूजा की जाए, तो समस्याओं से मुक्ति मिलती है। कई बार मन में सवाल आता है कि भगवान शिव के साथ त्रिशूल क्यों रखा जाता है और त्रिशूल की उत्पत्ति कैसे हुई थी, आज हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं।

ऐसे हुई थी त्रिशूल की उत्पत्ति

कहा जाता है कि त्रिशूल भगवान शिव की शक्ति का प्रतीक होता है। बुरी शक्तियों के विनाशक के रूप में त्रिशूल हमेशा शिव जी से जुड़ा रहता है। समुद्र मंथन के दौरान शिव जी को भगवान विष्णु से त्रिशूल उपहार के रूप में मिला था। वहीं, कुछ पौराणिक कथा में यह भी कहा गया है कि शिव जी को देवी दुर्गा से त्रिशूल प्राप्त हुआ था। उन्होंने इसका इस्तेमाल राक्षस महिषासुर के खिलाफ लड़ाई में किया था। शिव पुराण में कहा गया है कि संपूर्ण ब्रह्मांड की शुरुआत में भगवान शिव ब्रह्मनाद से प्रकट हुए थे। उनके साथ तीन गुण भी प्रकट हुए, रज, तम और सत गुण, इन तीन गुणों से मिलकर शिव शूल का निर्माण हुआ, जिससे त्रिशूल बना।

प्रचलित कथाओं के अनुसार, एक बार मंगल ग्रह ने भगवान शिव की घोर तपस्या की, जिससे भोलेनाथ अत्यंत प्रसन्न हुए। उन्होंने भगवान शिव से हमेशा उनके साथ रहने का वरदान मांगा, उन्होंने ग्रहों के चक्र से दूर रहने के लिए कहा। भगवान शिव ने कहा कि वे ग्रहों के चक्र से दूर हैं, ऐसे में किसी भी ग्रह को अपने साथ नहीं रख सकते। मना करने के बाद, मंगल ने शिव जी के पास रहने की इच्छा व्यक्त की और कहा कि वे अपने किसी प्रतीक के साथ मेरे किसी प्रतीक को जोड़ लें। भगवान शंकर औघड़दानी कहे जाते हैं, इसीलिए उन्होंने अपने त्रिशूल पर हमेशा के लिए लाल रंग का कपड़ा बांध लिया था। तभी से यह सनातन धर्म की एक महत्वपूर्ण प्रथा बन गई, जिसका पालन आज भी किया जाता है।



# इन सजावटी वस्तुओं या कलाकृतियों को घर में रखने से होगा नुकसान

**आजकल घर में भारतीय संस्कृति के अनुसार परंपरागत सजावट नहीं की जाती है। पाश्चात्य संस्कृति के चलते कई तरह की नकली सजावट का भी प्रचलन बढ़ गया है। ऐसे में जानिए कि वास्तुशास्त्र के अनुसार कौन सी सजावटी वस्तुएं या कलाकृतियां नुकसान पहुंचा सकती है।**

## चित्र

घर में ताजमहल, जंगली वह हिंसक जानवर, रोते हुए बच्चे, नंगे बच्चे, युद्ध के दृश्य, कटे पेड़ या ढूंठ आदि के चित्र न लगाएं। इसके अलावा अभिनेता या अभिनेत्रियों के चित्र, बाइक, कार, मॉडल या अपने गुरु का बड़ा-सा चित्र भी न लगाएं।

## पुरानी टूटी वस्तुएं

कई लोग पुरानी या फालतू चीजों से भी अपना घर सजाते हैं, जो कि गलत है। ऐसी वस्तुएं घर में नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देती हैं। वास्तु के अनुसार जब घर में नकारात्मक ऊर्जा में बढ़ोतरी होती है तो इसका सीधा असर परिवार की आर्थिक स्थिति पर भी पड़ता है। इसके साथ ही स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं।

## नकारात्मक पेंटिंग

बहुत से घरों में देखा गया है कि जहां ऐसी पेंटिंग लगी होती है जिसमें क्या है यह कोई नहीं जानता या उसमें खंडहर, सूखे ढूंठ, मानवरहित उजाड़ शहर, बिखरा हुआ घर या सूखा बंजर पहाड़ नजर आता है। ऐसी पेंटिंग नकारात्मकता फैलाती है।

## कलाकृतियां

आजकल कलाकृतियों के नाम पर कुछ ऐसी वस्तुएं घर में होती है जिसमें सूखे ढूंठ, प्लास्टिक के नकली पेड़ या कोई ऐसी कलाकृति जिसे अश्लीलता झलकी हो। यह सभी मृतप्राय: सजावटी कलाकृतियां जो मानी तो जाती हैं कलात्मक लेकिन वास्तु शास्त्र अनुसार ये सभी नकारात्मक ऊर्जा पैदा करती हैं।

## कांटेदार पौधे



कुछ लोग घर को कलात्मक लुक देने के लिए नकली या कांटेदार पौधे लगा लेते हैं अत: घर में कांटेदार पेड़-पौधे न लगाएं, इससे पारिवारिक संबंधों में भी कांटों-की-सी चुभन पैदा होने लगती है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# हादसों की पटरी

पिछले कई वर्षों से रेल सेवाओं को सुंदर, सुरक्षित और सुविधानजक बनाने के दावे बढ़-चढ़ कर किए जाते रहे हैं, मगर रेल हादसों को रोकना अब भी चुनौती है। वर्ष भर पहले ही ओड़ीशा के बालासोर में तीन गाड़ियां आपस में टकरा गई थीं, जिसमें दो सौ नब्बे से अधिक लोग मारे गए। अब पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में एक मालगाड़ी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। इसमें करीब पंद्रह लोगों के मरने और साठ से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। पीछे के जिन डिब्बों में टक्कर लगी और वे पटरी से उतर गए उनमें से दो सामान और गार्ड के डिब्बे थे। अगर उनमें भी मुसाफिर रहे होते तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि हादसा कितना बड़ा होता।इस दुर्घटना के पीछे स्वचालित सिग्नल प्रणाली का खराब होना कारण बताया जा रहा है। जैसा कि हर दुर्घटना के बाद मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की जाती है, वह औपचारिकता निभा दी गई है, मगर असली वजह का पता नहीं चल पाया है। जिस रेल लाइन पर यह हादसा हुआ, वह पूर्वोत्तर का सबसे व्यस्त मार्ग है। कहा जा रहा है कि इस मार्ग पर अभी टक्कररोधी उपकरण कवच नहीं लगा है, वरना यह हादसा न होने पाता। हर रेल हादसे के बाद नियम-कायदों के उल्लंघन, तकनीकी खामियों आदि को लेकर मंथन चलता रहता है और आखिरकार उस पर पर्दा डाल कर किनारे कर दिया जाता है। अगर रेल विभाग सचमुच रेल दुर्घटनाएं रोकने को लेकर गंभीर होता, तो ऐसी मामूली लापरवाहियों और तकनीकी खामियों की वजह से ऐसे बड़े हादसे न होने पाते। ट्रेनों में टक्कररोधी उपकरण लगाने का प्रस्ताव करीब पच्चीस साल पुराना है। वर्तमान सरकार ने इसके लिए कवच नामक उपकरण विकसित किया और बढ़-चढ़ कर दावा किया गया कि इस उपकरण से रेल हादसे पूरी तरह रोके जा सकेंगे। मगर हकीकत यह है कि अभी तक केवल डेढ़ हजार किलोमीटर रास्ते में इस उपकरण को लगाया जा सका है। हालांकि रेल हादसे केवल गाड़ियों के टकराने से नहीं होते। कभी रेल की पटरियां उखड़ जाने से डिब्बे उतर जाते हैं, तो कभी गलत पटरी पर गाड़ियों को रवाना कर दिया जाता है, कभी सिग्नल प्रणाली ठीक न होने से गाड़ियां स्टेशन छोड़ कर आगे बढ़ जाती हैं। ज्यादातर हादसे व्यस्त मार्गों और तेज रफ्तार गाड़ियों में ही देखे जाते हैं। विचित्र है कि देश में बुलेट ट्रेन चलाने का नक्शा खींचा जा रहा है, वंदेभारत जैसी तेज रफ्तार गाड़ियां बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है, मगर पटरियों को सुगम बनाने के लिए जो जरूरी संसाधन चाहिए, वे नहीं जुटाए जा रहे। असुरक्षित पटरियों और कमजोर संचालन प्रणाली के जरिए मुसाफिरों को सुरक्षित सफर मुहैया कराना चुनौती ही रहेगा।

# जल का जंजाल, पुराने समझौते में बदलाव हो

पानी जैसी बुनियादी जरूरत की किल्लत सबसे ज्यादा मार करती है गरीबों पर। अमीर तबका पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझा सकता है, लेकिन टैंकर के पीछे दौड़ने और सार्वजनिक नलों पर धूप में लंबी लाइन लगाने वाली आम जनता कहां जाए? भीषण गर्मी के बीच दिल्ली के लोगों को पानी की कटौती का भी सामना करना पड़ रहा है। इन हालात में दिल्ली ने पड़ोसी राज्य हरियाणा से मानवता के आधार पर अधिक पानी देने की अपील की है। अगर हरियाणा के पास अधिक पानी है तो उसे दिल्ली की मदद जरूर करनी चाहिए। दिल्ली जल संकट का मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा हुआ है। हालांकि शीर्ष अदालत का यह कहना बिल्कुल सही है कि उसके पास पानी के बंटवारे का फॉर्म्युला तय करने की विशेषज्ञता नहीं। वैसे भी अभी यह समय फॉर्म्युला निकालने का नहीं है। अभी दिल्ली को पानी चाहिए, जल्द से जल्द। पानी को लेकर हिमाचल, हरियाणा, यूपी, राजस्थान और दिल्ली के बीच 1994 में एक स्रू साइन हुआ था। हालांकि इस बात को तीन दशक बीत चुके हैं और इस दौरान दिल्ली की आबादी, उसकी जरूरतें बहुत ज्यादा बढ़ चुकी हैं। इसलिए पुराने समझौते में बदले हुए हालात के मुताबिक बदलाव करना बेहतर होगा। पानी की समस्या केवल दिल्ली की नहीं, देश के लगभग सभी बड़े शहर इससे जूझ रहे हैं। कुछ अरसा पहले बेंगलुरु से ऐसी खबरें आ रही थीं। मुंबई में भी इस साल बीएमसी को पानी में कटौती करनी पड़ी। यह साफ इशारा है कि हमारा जल प्रबंधन ठीक नहीं। अभी तक जो भी इंतजाम किए हैं।

# यूक्रेन पर हुई बैठक क्यों बेनतीजा रही युद्ध को बंद करवाने का रास्ता कैसे निकलेगा

(नीरज कुमार दुबे)

*सुलिवन ने शांति शिखर सम्मेलन में कहा, 'अगर रूस का प्रस्ताव माना जाता है तो यूक्रेन को न केवल वह क्षेत्र छोड़ना होगा जिस पर रूस ने वर्तमान में कब्जा कर रखा है, बल्कि यूक्रेन को अतिरिक्त क्षेत्र भी छोड़ना पड़ सकता है।' इस बैठक में अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी उपस्थित थीं। उन्होंने इस अवसर का उपयोग यूक्रेन के लिए 1.5 बिलियन डॉलर के सहायता पैकेज की घोषणा करने के लिए किया।*

हम आपको यह भी बता दें कि भारत समेत कुछ देशों ने यूक्रेन में शांति के लिए स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित शिखर सम्मेलन में संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर नहीं किए और किसी भी विज्ञप्ति या दस्तावेज से खुद को अलग कर लिया। यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने का रास्ता तलाशने के लिए स्विट्जरलैंड में आयोजित दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में 90 से अधिक देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में हालांकि कोई ठोस हल नहीं निकल सका और आगे भी शांति के प्रयास जारी रखने पर सहमति व्यक्त की गयी। इस सम्मेलन में रूस को आमंत्रित नहीं किया गया था इसलिए इसके सफल होने की संभावना पहले से ही कम थी। रूस ने भी इस सम्मेलन को समय की बर्बादी बताया था। हालांकि राष्टपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के समक्ष एक सशर्त शांति प्रस्ताव रखा था जिस पर भी इस सम्मेलन में चर्चा की गयी और उसे लगभग खारिज कर दिया गया। इस सम्मेलन से चीन भी नदारद रहा। हम आपको यह भी बता दें कि भारत समेत कुछ देशों ने यूक्रेन में शांति के लिए स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित शिखर सम्मेलन में संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर नहीं किए और किसी भी विज्ञप्ति या दस्तावेज से खुद को अलग कर लिया। भारत के अलावा सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, थाईलैंड, इंडोनेशिया, मैक्सिको और संयुक्त अरब अमीरात ने विज्ञप्ति पर हस्ताक्षर नहीं किए। गौरतलब है कि भारत, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात ब्रिक्स आर्थिक समूह के सदस्य हैं और इन सभी का रूस के साथ महत्वपूर्ण व्यापारिक संबंध है। शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाले स्विट्जरलैंड ने कहा है कि 90 से अधिक देशों ने वार्ता में भाग लिया और उनमें से अधिकांश ने विज्ञप्ति पर हस्ताक्षर किए। इसके अलावा ब्राज़ील, जिसने 'पर्यवेक्षक' देश के रूप में शिखर सम्मेलन में भाग लिया, उसने भी हस्ताक्षर नहीं किये। तुर्की के बारे में माना जा रहा था कि वह भी हस्ताक्षर नहीं करेगा लेकिन चूंकि वह रूस और यूक्रेन के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाना चाहता है इसलिए उसने दस्तखत कर दिये। बताया जा रहा है कि शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले 90 देशों में से लगभग 83 ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर किए। बयान में दोहराया गया कि युद्ध समाप्त करने के लिए किसी भी शांति समझौते में यूक्रेन की 'क्षेत्रीय अखंडता' का सम्मान किया जाना चाहिए। संयुक्त बयान में आह्वान किया गया है कि युद्ध के सभी कैदियों को रिहा किया जाये और 'निर्वासित तथा अवैध रूप से विस्थापित' किए गए सभी यूक्रेनी बच्चों को यूक्रेन वापस भेजा जाये। शिखर सम्मेलन में कार्य समूहों ने वैश्विक खाद्य सुरक्षा और परमाणु सुरक्षा के मुद्दों पर भी चर्चा की। बैठक में शामिल देशों ने यूक्रेन से ज़ापोरीज़िया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर 'पूर्ण संप्रभु नियंत्रण' रखने का भी आह्वान किया। इस बैठक के बाद यूक्रेन के राष्टपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने कहा है कि शांति शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने सहमति जताई है कि वह शांति कायम करने के लिए विभिन्न समूहों में रहते हुए काम करते रहेंगे और एक बार 'शांति के लिए कार्य योजना' तैयार हो जाने पर, दूसरे शिखर सम्मेलन के आयोजन का रास्ता खुला रहेगा। जेलेंस्की ने चीन से भी अपील की है कि वह रूस को शांति के लिए मनाने में मदद करे। जहां तक इस बैठक के दौरान अमेरिका के रुख की बात है तो आपको बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा प्रस्तुत शांति प्रस्ताव को अनुचित बताते हुए खारिज कर दिया। सुलिवन ने शांति शिखर सम्मेलन में कहा, 'अगर रूस का प्रस्ताव माना जाता है तो यूक्रेन को न केवल वह क्षेत्र छोड़ना होगा जिस पर रूस ने वर्तमान में कब्जा कर रखा है, बल्कि यूक्रेन को अतिरिक्त क्षेत्र भी छोड़ना पड़ सकता है।' इस बैठक में अमेरिकी उपराष्टपति कमला हैरिस भी उपस्थित थीं। उन्होंने इस अवसर का उपयोग यूक्रेन के लिए 1.5 बिलियन डॉलर के सहायता पैकेज की घोषणा करने के लिए किया। यह पैसा यूक्रेन में मानवीय कार्यों में मदद और वहां युद्ध से जर्जर बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण में उपयोग होगा। वहीं कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि उनका देश यूक्रेन की मदद के लिए आने वाले महीनों में यहां मौजूद देशों के विदेश मंत्रियों की एक बैठक की मेजबानी करने की योजना बना रहा है। दूसरी ओर, भारत ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए रूस और यूक्रेन के बीच ''ईमानदारी और व्यावहारिक भागीदारी'' का आह्वान किया। हम आपको बता दें कि विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) पवन कपूर ने स्विस रिसॉर्ट बर्गेनस्टॉक में आयोजित शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें कई राष्ट्राध्यक्षों सहित 90 से अधिक देशों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। अपने संक्षिप्त संबोधन में भारत के वरिष्ठ राजनयिक ने कहा कि शांति शिखर सम्मेलन में भारत भागीदारी और यूक्रेन के शांति फार्मूले पर आधारित वरिष्ठ अधिकारियों की कई पूर्व बैठकें ''हमारे स्पष्ट और सुसंगत दृष्टिकोण के अनुरूप हैं कि स्थायी शांति केवल बातचीत और कूटनीति के माध्यम से ही प्राप्त की जा सकती है।'' भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने शिखर सम्मेलन के उद्घाटन और समापन पूर्ण सत्र में भाग लिया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''भारत ने इस शिखर सम्मेलन से जारी होने वाले किसी भी विज्ञप्ति या दस्तावेज से खुद को संबद्ध नहीं किया है।'' मंत्रालय ने बयान में कहा, ''सम्मेलन में भारत की भागीदारी, साथ ही यूक्रेन के शांति फार्मूले पर आधारित पूर्ववर्ती एनएसए या राजनीतिक निदेशक स्तर की बैठकों में भागीदारी, संवाद और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान को सुगम बनाने के हमारे सतत दृष्टिकोण के अनुरूप है।'' विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत का मानना है कि इस तरह के समाधान के लिए संघर्ष में शामिल दोनों पक्षों के बीच ईमानदारी और व्यावहारिक भागीदारी की आवश्यकता है। मंत्रालय ने कहा, ''इस संबंध में, भारत सभी हितधारकों के साथ-साथ दोनों पक्षों के साथ बातचीत जारी रखेगा, ताकि शीघ्र और स्थायी शांति लाने के लिए सभी गंभीर प्रयासों में योगदान दिया जा सके।'' दूसरी ओर, स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि 83 देशों और संगठनों ने ''यूक्रेन में शांति पर उच्च स्तरीय सम्मेलन'' के अंत में संयुक्त बयान को मंजूरी दी। हम आपको बता दें कि रविवार को संपन्न हुए शिखर सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भविष्य की शांति प्रक्रिया को प्रेरित करना था। रूस को शिखर सम्मेलन में आमंत्रित नहीं किया गया था।

# कई प्रमुख टीमें विश्व कप से हुई बाहर, अब शुरू होगी सुपर-8 की जंग

(आदर्श प्रकाश सिंह)

विश्व कप चाहे वनडे हो या टी20, भारत का पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड बहुत उम्दा रहा है। केवल एक बार 2021 के टी20 विश्व कप में हम पाकिस्तान से हार गए थे। यह मैच दुबई में हुआ था। इसके अलावा हर बार भारत ही विजेता रहा है। आजकल टी20 विश्व कप के मैच खेले जा रहे हैं। यह सबसे बड़ा विश्व कप है क्योंकि इस बार 20 टीमें इसमें हिस्सा ले रही हैं। इन टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप से दो टीमें सुपर-8 में प्रवेश करेंगी। इस चरण की तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। हैरानी की बात यह है कि न्यूजीलैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान की टीम सुपर8 में नहीं जा पाई जबकि पहली बार अंतरराष्टीय क्रिकेट में कदम रखने वाली अमेरिका की टीम इस चरण में प्रवेश कर गई है। अमेरिका विश्व कप का सह मेजबान है जो आमतौर पर क्रिकेट नहीं खेलता। मगर, उसकी टीम ने सुपर-8 में प्रवेश कर सबको चौंका दिया है। कैरीबियाई देशों का समूह वेस्ट इंडीज भी इस विश्व कप का मेजबान है। शुरुआती मैच न्यूयार्क के नसाउ काउंटी मैदान पर खेले गए। भारत ने अपने तीन मैच खेल लिये हैं और इन तीनों को जीत कर सुपर-8 में पहुंच चुका है। शनिवार को भारत का कनाडा से होने वाला आखिरी लीग मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। भारत से हारने वाली एक टीम पाकिस्तान भी है जिसे रोमांचक मुकाबले में हमारी टीम ने 6 रन से हरा दिया। भारत और पाकिस्तान के मैच को लेकर रोमांच चरम पर होता है। पूरी दुनिया के खेल प्रेमी इस मुकाबले पर नजर गड़ाए रहते हैं। विश्व कप चाहे वनडे हो या टी-20, भारत का पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड बहुत उम्दा रहा है। केवल एक बार 2021 के टी-20 विश्व कप में हम पाकिस्तान से हार गए थे। यह मैच दुबई में हुआ था। इसके अलावा हर बार भारत ही विजेता रहा है। इस बार जब दोनों टीमें 9 जून को भिड़ीं तो एक समय पाकिस्तान का पलड़ा भारी लग रहा था। वजह, पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने केवल 119 रन बनाए थे। यह लक्ष्य कोई मुश्किल नहीं था। लेकिन 14वें ओवर के बाद भारतीय गेंदबाजों ने ऐसा शिकंजा कसा कि पाकिस्तानी बल्लेबाज आउट होते चले गए। अंततरू भारत 6 रन से जीत गया। बुमराह की गेंदबाजी ने पाक की कमर तोड़ दी। खासतौर से रिजवान को जब बुमराह ने बोल्ड आउट किया तो उसके बाद से ही मैच का रुख भारत की ओर मुड़ गया। छोटे लक्ष्य का बचाव करते हुए भारत ने अपनी झोली में मैच डाल लिया। इसके बाद जैसा कि भारत से हारने के बाद हमेशा होता है, सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी खिलाड़ियों को खूब लताड़ा गया। इस बार का विश्व कप कई उलटफेर का शिकार हो रहा है। मसलन, अमेरिका जैसी नौसिखिया टीम ने सुपर ओवर में पाकिस्तान को हरा दिया। इसी तरह अफगानिस्तान ने श्रीलंका और न्यूजीलैंड को हरा दिया। इससे कुछ मजबूत टीमों के लिए संकट खड़ा हो गया है। पाकिस्तान की किस्मत खराब थी कि वह सुपर-8 से बाहर हो गया है। शुक्रवार को आयरलैंड और अमेरिका का मैच बारिश की वजह से धुल गया। अंक बंटने से अमेरिका सुपर-8 में पहुंच गया। शनिवार को दक्षिण अफ्रीका भी उलटफेर का शिकार होने से बच गया। नेपाल की टीम रोमांचक मुकाबले में एक रन से हार गई। आखिरी गेंद पर नेपाल को जीत के लिए दो रन चाहिए थे। अगर ऐसा हो जाता तो दक्षिण अफ्रीकी टीम हार जाती। न्यूयार्क की पिच को लेकर इस दौरान खूब चर्चा हो रही है। यहां रन बनाना कठिन हो गया है। 20 ओवर में मुश्किल से 100 या सवा सौ के आसपास रन बन रहे हैं। दोषपूर्ण पिच के बारे में आईसीसी से भी शिकायत की गई है। आयरलैंड के साथ भारत के मैच के दौरान कई खिलाड़ियों के शरीर पर गेंद लगी। असमान उछाल वाली ऐसी पिच क्यों बनाई गई, इस पर सवाल उठ रहे हैं। दरअसल, ये पिचें बाहर से लाकर यहां स्थापित की गई हैं। इन्हें ड्राप इन पिंच कहा जा रहा है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5408

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 3 | | | 1 | |
| 1 | 3 | 9 | | 8 | 2 | | 6 | |
| 6 | | | | | | | 8 | |
| 7 | | 2 | | | | | | 1 |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 9 | | 6 |
| | 8 | | | | | | | 5 |
| | 5 | | 1 | 4 | | 2 | 9 | 7 |
| | 1 | | | 9 | | | 3 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5407

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 5 | 8 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 |
| 7 | 9 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 5408

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | ■ | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | | ■ | 17 | | 18 | ■ | |
| 19 | | 20 | ■ | 21 | | | |
| | ■ | 22 | | ■ | | ■ | |
| 23 | | | ■ | 24 | | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 2002 को इस देश के गोंजालों लोजाडा नए राष्ट्रपति चुने गए (4)
4. यह पश्चिमी प्रशांत में आर्किपेलागों है जो 26 द्वीपों और 300 से अधिक आइसलेट्स से बना है जिसकी राजधानी मेलेकि योक है (3)
7. काज, कार्य, कर्म (2)
8. समकोटिय, समतल, समकक्ष (3)
9. एक प्रकार का चंचल पक्षी जो चितकबरा और काला दो प्रकार का होता है (3)
11. बोझा या सामान उठाकर अपनी आजीविका चलाने वाला (2)
12. कोणयुक्त, नागा या अनुपस्थिति (2)
13. कला आदि सिखलाने वाला (2)
14. मिथ्या संवाद, झूठी खबर (2)
16. शतरंजी, बिछाने का मोटा कपड़ा (2)
17. भारत की मुख्य भाषाओं में से एक (3)
19. धातु या मिट्टी आदि को टोंटीदार लोटा जो पूजादि में पयुक्त होता है(3)
21. पाशबद्ध करना, ठिठुरना (4)
22. फटे हुए कपड़े या छेद में तागा भरकर उसे बंद करना (2)
23. नृत्य करना (3)
24. हिमाचल प्रदेश राज्य की पहाड़ियों का एक महत्वपूर्ण पर्वतीय स्थल है (3)

**ऊपर से नीचे**

1. मौन करना, चुप करना (8)
2. दुर्गण, अपभ्रंश, कसर, बिगाड़ (3)
3. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
4. पार्श्वास्थि, गोलाकार अस्थियों का पिंजरा (3)
5. तिब्बत में बौद्धों का धर्माचार्य, वज्राचार्य (2)
6. वूल, रोम, मेष, लोम (2)
10. कथन, भाषण (4)
11. धृतराष्ट्र या दुर्योधन को यह भी कहा जाता था (4)
13. लापता, पलायित, विलब्ध (2)
15. परिधान, वेश, जामा, ड्रेस (4)
18. सही आकार होना, आकार अनुकूल होना (4)
20. न्यौछावर करना, उत्सर्ग करना (3)

### वर्ग पहेली 5407 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | रा | क | ओ | बा | मा | ■ | टो |
| ह | ह | क | र | ना | ■ | रो | ड |
| री | ■ | ह | ■ | ■ | ग | ज | र |
| न | ख | रा | ■ | गु | म | ना | म |
| ■ | र | ■ | रा | ज | क | म | ल |
| रा | ज | कु | मा | र | ■ | चा | ■ |
| त | ■ | ■ | य | ■ | फि | ■ | आ |
| ना | रा | य | ण | ■ | जी | व | न |

# आज का राशिफल

## मेष

आज का दिन आपके लिए सफलता से भरा होगा। आज के दिन हर मामले में सावधानी और सतर्कता रखें। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो आपको लाभ होगा। रोजमर्रा के काम से अलग कुछ नए काम आपको करने पड़ सकते हैं। आपको किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आस-पास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है।

## वृष

आज लाभ का दिन है और आपके लिए धन में वृद्धि के योग बन रहे हैं। कारोबार में शाम तक कोई डील फाइनल हो सकती है। आपको ऑफिस में अपने अच्छे प्रदर्शन के लिए विशेष सम्मान प्राप्त होगा। भौतिक विकास के योग अच्छे हैं और आपको किस्मत का साथ मिलेगा। आप सामाजिक कार्य में भाग लेंगे। समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

## मिथुन

आज का दिन करियर के मामले में व्यस्तता से भरा होगा। आज आपका मन धार्मिक कार्य में लगेगा और आपको पढ़ाई के लिए थोड़ा सा वक्त निकालने की जरूरत है। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्य में बाधा डालने का प्रयास करेंगे। रात्रि का समय मांगलिक कार्य में बीतेगा और आपका मन प्रसन्न होगा।

## तुला

आज का दिन सफलता से भरा होगा और आज आपको नई योजनाओं से लाभ मिलेगा। आपके यात्रा करने से आपके सभी उद्देश्य की पूर्ति होगी और आपको कारोबार में लाभ होगा। कानूनी विवाद में सफलता के योग हैं और आपका मनचाही जगह पर ट्रांसफर हो सकता है। शाम को कुछ उलझनें रहेंगी इसके बावजूद आपके पराक्रम की वृद्धि होने से सभी कार्य में शुभ परिणाम प्राप्त होाग।

## वृश्चिक

आज का दिन सावधानी से बिताने का है। आपसी वार्ता और व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस पास के लोगों से विवाद में पड़ने से बचें तो आपको लाभ होगा। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात का समय आनंद में बीतेगा और आपका दिन आनंद में बीतेगा।

## धनु

आज लाभ होगा और आपका दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रियेटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आपको सफलता मिलेगी और लाभ होगा। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वहीं करने को मिलेगा और उसमें आपको अच्छा रिजल्ट भी मिलेगा। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी और आपको सीनियर का सहयोग प्राप्त होगा। आपको हर कार्य में किस्मत का साथ मिलेगा।

## कर्क

आज करियर के मामले में सफलता प्राप्त होगी। सेहत के प्रति सावधानी रखें और अपने काम पर फोकस करें। खान पान में लापरवाही न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें। आपके हर कार्य की पूर्ति होगी और मनचाहा लाभ होगा।

## सिंह

आज लाभ का दिन है। साझे में किए जाने वाले कार्य में आपको किस्मत का साथ मिलेगा। आपको व्यापार में काफी लाभ होगा। आज आपको रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें, वरना आपके हाथ से कुछ गलत हो सकता है।

## कन्या

आज का दिन लाभकारक होगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। परेशानियों को धैर्य से सुलझाएं वरना हड़बड़ाहट में गलत फैसला ले सकते हैं। अपनी बुद्धि का प्रयोग कर आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है।

## मकर

आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। ऑफिस से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन जायदाद के मामले में कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। आपको इन सबसे दूर अपने काम पर फोकस करने की जरूरत है।

## कुंभ

आज आर्थिक लाभ होगा और आज भाग्य आपका साथ देगा। दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, इसलिए प्रयास करते रहें तो आपको सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख शांति और स्थिरता का लाभ आपको मिलेगा और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आपको लाभ होगा। आपके काम में नई जान आएगी।

## मीन

आज का दिन काफी सृजनात्मक है और हर कार्य में मनचाहा फल मिलेगा। जो भी काम लगन के साथ करेंगे, उसमें आपको लाभ होगा। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचार के मुताबिक माहौल बन जाएगा और हर मामले में सहयोग प्राप्त होगा। रात में विवाह में जाने का अवसर मिल सकता है और वहां आपकी जेब से खर्च हो सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## संक्षिप्त समाचार

### सीसीडीएसआई के अधिवेशन में 150 विशेषज्ञ चिकित्सक होंगे शामिल

**जमशेदपुर।** क्लीनिकल कार्डियो डायबिटीज सोसाइटी ऑफ इंडिया (सीसीडीएसआई) की ओर से जमशेदपुर में 21 से 23 जून तक बिहार एवं झारखंड का आठवां वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आयोजन अध्यक्ष डॉ. उमेश खान ने संवाददाता सम्मेलन में दी। उनके साथ डॉ. सतीश प्रसाद, डॉ. एके विरमानी, डॉ. एके पॉल भी उपस्थित थे। अधिवेशन में देश के विभिन्न प्रांतों से विशेषज्ञ चिकित्सक हिस्सा ले रहे हैं, जिनकी संख्या 150 के करीब है। डॉ. सुजय मजूमदार कोलकाता से, डॉ. सुरेश पुरोहित मुंबई से, डॉ. मधुकर राय वाराणसी से, डॉ. नरसिंह वर्मा लखनऊ से, डॉ. अभिषेक कुमार पटना से और डॉ. केएन पदिहारी भुवनेश्वर से पहुंचेंगे। इस दौरान विचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान होगा और शोध की प्रस्तुति होगी। संस्था के संस्थापक डॉक्टर एएन राय मुख्य अतिथि होंगे। स्नातकोत्तर विद्यार्थी भी इसमें हिस्सा ले रहे हैं, जिन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा। मौके पर आयोजनकर्ता ने बताया कि 32 फीसदी मधुमेह के मरीजों को हृदय संबंधी बीमारी होती है। वहीं, कई लोगों की जान भी वली जाती है। अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन की एक रिपोर्ट में मधुमेह के कारण हार्ट फेलियर के केस बढ़े हैं। मधुमेह रोगियों में इसका प्रसार 22 फीसदी तक है और इसका दर प्रति वर्ष बढ़ रहा है। सामान्य लोगों की तुलना में मधुमेह रोगियों में हृदय संबंधी बीमारी चार गुना तक बढ़ जाती है। हार्ट ब्लॉक की संभावना भी बढ़ जाती है। मधुमेह को नियंत्रित रखना अत्यंत आवश्यक हैं। अधिवेशन में इससे बचाव के तरीकों पर चर्चा की जाएगी।

### जिले के सरकारी शिक्षक अब टैबलेट से लेंगे कक्षाएं

**जमशेदपुर।** शिक्षा विभाग की ओर से सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को टैबलेट कंप्यूटर दिए जाएंगे। इसके लिए झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल (जेईपीसी) ने टेंडर भी जारी कर दिया है। पूरे प्रदेश में 28,945 टैबलेट शिक्षकों को प्रदान किए जाएंगे। पूर्वी सिंहभूम जिले के 1300 शिक्षकों को पहले चरण में टैबलेट मिलेगा। झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल के मुताबिक सरकारी शिक्षकों को अब इन्हीं टैबलेट की मदद से बच्चों का लेसन प्लान से लेकर ऑनलाइन हाजिरी तक बनानी है। जल्द ही ये टैबलेट शिक्षकों को प्रदान किए जाएंगे। शिक्षकों के बीच बीईईओ के द्वारा इन टैबलेट का वितरण किया जाएगा। इस टैबलेट में स्कूल की प्रतिदिन की पंजी को ऑनलाइन फीड करने के फीचर्स तो होंगे ही, इसके अलावा ऑडियो-वीडियो एजुकेशनल कंटेट को बच्चों को दिखाने के लिए भी फीचर उपलब्ध होंगे। गौरतलब हो कि कुछ वर्ष पूर्व भी सरकारी शिक्षकों को टैबलेट दिए गए थे, जिनमें ज्यादातर खराब हो चुके हैं। सरकार बदलने के बाद भी पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के वीडियो आने पर इसपर काफी विवाद हुआ था। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने टैब से इस वीडियो को हटाने के लिए भी कंपनियों से संपर्क किया। इसमें यह बात सामने आई कि वीडियो हटाने पर अधिक राशि खर्च होगी। इस कारण टैब से वीडियो हटाया नहीं जा सका। अब सबको नए टैब प्रदान किए जा रहे हैं। टैबलेट मिलने के बाद शिक्षकों की यह शिकायत समाप्त हो जाएगी कि सरकार ने टैबलेट दिया नहीं है और ऑनलाइन हाजिरी बनाने का दबाव बनाया जाता है। अब शिक्षकों को स्कूल के लाइव लोकेशन पर सेटिंग कर इस टैब की मदद से ऑनलाइन हाजिरी बनानी होगी। प्रत्येक स्कूल में इस टैब की मदद से ऑनलाइन पठन-पाठन सामग्री भी बच्चों के अभिभावकों के वाट्सएप ग्रुप पर भेजे जाएंगे।

### महाजुटान कार्यक्रम में 18 सूत्री मांगपत्र डीसी को सौंपने का लिया निर्णय

**हजारीबाग/ केरेडारी।** केरेडारी प्रखण्ड के उत्तरी क्षेत्र के भू रैयतों ने गुरुवार को विभिन्न मांगों को लेकर बसरिया बाजार टांड़ में महजुटान कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कोल माइंस से विस्थापित, प्रभावित बसरिया, हेवई, पाण्डु, बलेदेवरी, चट्टीबरियातु, बसरिया, पगार समेत अन्य कई गांवों के प्रभावित रैयतों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, सीओ रामरतन वर्णवाल, बीईईओ जवाहर प्रसाद उपस्थित हुए। कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के विस्थापित, प्रभावित लोगों के प्रति कंपनियों की मनमानी नहीं चलेगी। पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि क्षेत्र के लोगों के लिए हक अधिकार के लिए लड़ता रहूंगा। सभा में 18 सूत्री मांगों पर चर्चा करते हुए डीसी को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। कहा गया कि अगर 18 सूत्री मांगों पर कम्पनी अगर नहीं मानती है तो हम सभी विस्थापित, प्रभावित भू रैयत मिलकर कोल माइंस के कार्यलय में ताला बंदी करेंगे। मांग पत्र में ग्रामीणों के अधिग्रहित जमीन के उपर बने मकान, तालाब, कुआं, पेड़ पौधों के अचल सम्पति का मुआवजा उत्खनन कार्य करने से पहले देने की मांग की गई है। साथ ही स्थानीय बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण देकर कम्पनी रोजगार की व्यवस्था, मृतक बिरहोर परिवार के परिजनों को 25 - 25 लाख रुपएदेने आदि की मांग की गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेम लाल गुप्ता व संचालन सुरेश साव ने किया। इस मौके पर रविन्द्र गुप्ता, चंदन गुप्ता, पप्पु दस, विजय देवा, उमेश साव, अमित दुबे, प्रदीप महतो, राजेंद्र प्रजापति, रामकुमार दुबे, साजन कुमार, बबलू वर्मा, तनु वर्मा, सागर कुमार समेत कई महिला पुरुष उपस्थित थे।

# श्रावणी मेला : श्रद्धालुओं की सुविधा को बाबाधाम एप की सुविधा



**देवघर।** समाहरणालय के सभागार में गुरुवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर की अध्यक्षता में आगामी राजकीय श्रावणी मेला 2024 को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान डीसी ने श्रावण मास के दौरान बाबा मंदिर प्रांगण व आसपास के क्षेत्रों में किए जाने वाले विभिन्न कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। मौके पर डीसी ने श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को लेकर बाबा मंदिर में किये जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुए बाबा मंदिर प्रांगण स्थित 22 मंदिरों के रंगरोगन, विद्युतीकरण से जुड़े कार्य और आवश्यक कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश संबंधित कार्यपालक अभियंता को दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुरूप क्यू कॉम्प्लेक्स, संस्कार मंडप, उमा भवन, फुट ओवर ब्रिज से जुड़े कार्यों को दुरुस्त करने के साथ शिवगंगा की साफ-सफाई, मानसिंघी तालाब की सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए क्यू कॉम्प्लेक्स में स्थायी स्पाईरल के कार्यों को सही व गुणवतापूर्ण तरीके से करने के अलावा गर्मी को देखते हुए क्यू कॉम्पलेक्स के हॉल को हवादार बनाए रखने, साफ-सफाई, स्वच्छ शौचालय, शुद्ध पेयजल (आरओ) की दुरूस्त सुविधा के अलावा उमश से बचाव के लिए एग्जोस्ट फेन, पंखा की सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ताकि गर्मी के दौराने वेंन्टीलेशन की व्यवस्था बेहतर बनी रहे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

**सभी व्यस्थाओं को जल्द से जल्द दुरुस्त करने का निर्देश :** मौके पर डीसी ने बाबा मंदिर प्रांगण, संस्कार मंडप, क्यू कॉम्प्लेक्स में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी कैमरा, अग्नि से सुरक्षा, जलापूर्ति, विद्युत व्यवस्था, वेन्टिलेशन, अग्निशमन यंत्रो की स्थिति जांच कर आवश्यक सभी व्यस्थाओं को जल्द से जल्द दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही बाबा मंदिर व उसके आसपास के क्षेत्रों में व्यवस्थाओं को और भी बेहतर करने के उद्येश्य से मंदिर प्रांगण व आसपास के क्षेत्रों में बिजली व लाईटिंग की व्यवस्था को और भी दुरूस्त करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर बाबाधाम एप की व्यवस्था को सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। ताकि एप के माध्यम से श्रावणी मेला से संबंधित जानकारी, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की जानकारी, मेला से संबंधित हेल्पलाईन नंबर, आवासन, श्रद्धालुओं की कतार आदि की जानकारी आसानी से मिल सके।

**बैठक में कौन-कौन थे उपस्थित :** इस अवसर पर बाबा वैद्यनाथ मंदिर प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सागरी बराल, सहायक मंदिर प्रभारी संतोष कुमार, संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, मंदिर प्रबंधक रमेश परिहस्त, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित विभाग व मंदिर के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### विदेशी भक्तों के संकीर्तन पर झूमेंगे देशी भक्त

**हजारीबाग/चौपारण।** सियरकोनी धाम, चौपारण में स्थापित श्री जगन्नाथ मंदिर की ओर से आगामी सात जुलाई को जगन्नाथ रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा रथ में विराजमान होकर नगर भ्रमण कर भक्तों को दर्शन देंगे। यात्रा में बिहार झारखण्ड के अलावा करीब पांच से दस देशों के करीब एक सौ से अधिक विदेशी भक्त शामिल होंगे। जो विदेशी बैंड पर हरे कृष्णा, हरे रामा के धुन पर देशी भक्तों को झूमने पर मजबूर करेंगे। भिन्न भिन्न बैंडों से सुसज्जित विदेशी भक्तों का संकीर्तन इस बार के रथयात्रा में आकर्षण का केंद्र बिंदु बने रहेंगे। आयोजकों ने बताया कि पिछली बार की तरह इस बार भी विदेशी भक्तों के लिए अलग से दो ट्रेलर पर चलंत स्टेज बना रहेगा। जहां से रथयात्रा के दौरान विदेशी भक्त भक्तिमय प्रस्तुति देते नजर आएंगे।

कई वीआईपी विदेशी मेहमान रथयात्र में आमजनों के साथ सम्मिलित होकर रथयात्र की शोभा बढ़ाएंगे। आयोजक तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं। इस संदर्भ में मंदिर संस्थापक डॉ केसवानंद प्रभु ने बताया कि सुबह आठ बजे से ही भक्तों के आने का क्रम शुरू हो जाएगा।

### विमेंस यूनिवर्सिटी में शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर विमेंस यूनिवर्सिटी में वोकेशनल कोर्स के लिए संविदा पर होने वाली शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया सवालों के घेरे में आ गई है। इस पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों ने नियुक्ति प्रक्रिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि विश्वविद्यालय की ओर से नियुक्ति हेतु चुनिंदा आवेदकों को ही इंटरव्यू के लिए बुलाया जा रहा है। कई आवेदकों को यह कहकर नियुक्ति प्रक्रिया से अलग कर दिया गया है कि उनके पास नेट क्वालिफाई होने अथवा पीएचडी की योग्यता नहीं है, जबकि आवेदकों का आरोप है कि कई ऐसे आवेदकों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है, जो नेट-पीएचडी क्वालिफाई नहीं हैं और वे सिर्फ स्नोतकोत्तर हैं। आरोप यहां तक है कि विवि के पदाधिकारी अपने परिचितों को नियुक्ति के लिए बुला रहे हैं। वोकेशनल कोर्स बीबीए के शिक्षक पद के लिए बुलाये गए करीब 15 में से चार-पांच उम्मीदवार ही नेट क्वालिफाइड अथवा पीएचडीधारक हैं। इनके अलावा सभी एमबीए उत्तीर्ण हैं।

जानकारी के अनुसार, बीबीए में शिक्षक पद के लिए कम से कम एमबीए और बीसीए के लिए एमसीए पास होना अनिवार्य है। बावजूद कुछ उम्मीदवारों को नेट उत्तीर्ण अथवा पीएचडी की उपाधि नहीं होने का हवाला देते हुए इंटरव्यू के लिए नहीं बुलाया गया। पिछले दिनों इसे लेकर आवेदन जमा लिए गए थे। आरोप है कि विश्वविद्यालय के एक वरीय पदाधिकारी के पीए और अपने एक क्लर्क को भी इंटरव्यू के लिए कॉल किया गया। वे भी नेट क्वालिफाइड अथवा पीएचडीधारक नहीं हैं। दोनों के पास एमबीए और एमसीए की डिग्री है। एक आवेदक ने बताया कि वह प्रथम श्रेणी में एमबीए उत्तीर्ण है, बावजूद उन्हें नहीं बुलाया गया है। यूनिवर्सिटी में संपर्क करने पर बताया गया कि उक्त पद पर नियुक्ति के लिए नेट अथवा पीएचडीधारक होना अनिवार्य है। बताते चलें कि यह इंटरव्यू करीब डेढ़-दो साल के बाद होने जा रहा है। दिसंबर 2022 में इसके लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, उसमें आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किया गया था। मामला फंसने पर जून 2023 में पुनः विज्ञापन प्रकाशित किया गया।इस संबंध में विमेंस यूनिवर्सिटी की सीवीसी डॉ. अन्नपूर्णा झा के नंबर पर मोबाइल पर जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। इसके बाद कुलसचिव डॉ. राजेंद्र कुमार जायसवाल को भी फोन किया गया, लेकिन उन्होंने भी फोन रिसीव नहीं किया।

### बोकारो में अधिकारियों सहित विभिन्न संस्था ने योजन कराया



**बोकारो।** बोकारो जिला में विभिन्न स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया इस क्रम में अधिकारियों व नेताओं, विभिन्न विद्यालय व संस्था कई सामाजिक संगठन सहित आम जनता ने जगह-जगह योग किया दर्जनों स्थान पर योग शिविर का आयोजन किया गया इसी क्रम में भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह की ओर से फुसरो नगर परिषद के सुभाष नगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर योग गुरू पंकज मिश्रा एवं लवली थापा ने सैकड़ों लोगों को योग कराया। प्रकाश सिंह ने कहा कि आज के दौड़ भाग की ज़िंदगी में योग का महत्व और भी बढ़ता जा रहा है और खुद को निरोग रखने के लिए योग सबसे बड़ा माध्यम है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मदन वर्मा, श्रमिक नेता विकास सिंह, कुंजबिहारी, आरएस तिवारी, उज्जवल मुखर्जी, अनुसूचित जाती मोर्चा के मंडल अध्यक्ष चंदन राम, ज़िला मंत्री रामु तांती, अनिल गुप्ता, मनोज कुमार, पुष्पा देवी, अनीता देवी, गीता देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहें।

# रंगोली बनाकर नशापान से दूर रहने का दिलाया संकल्प



**चाईबासा/गुवा।** खेलकूद एव युवा कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची के निर्देश के आलोक में नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत गुवा के विभिन्न क्षेत्रों कल्याण नगर, हिरजीहाटिंग, स्टेशन कॉलोनी, नुईया गांव में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता को लेकर गुवा पश्चिमी पंचायत अंतर्गत कल्याण नगर स्थित दुर्गा मंडप के प्रांगण में बैठक कर पेंटिंग के माध्यम से लोगों को मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने को लेकर जागरूक किया।

मादक पदार्थों के दुरुपयोग से बचने एव इसके नुकसान को लेकर अपनी प्रतिभा को निखारते हुए जमीन पर रंगोली के माध्यम से उकेरी तथा मादक पदार्थों को रोकने हेतु अपनी अपील समाज में की। अंत में रैली निकाल लोगों को जागरूक किया तथा नशापान नहीं करने की शपथ ली। ज्ञातव्य हो जिले के विभिन्न प्रखंडों समेत जिला मुख्यालय में 19 जून से 26 जून पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, योग कार्यक्रम, युवा संगोष्ठी, क्विज कंपटीशन, प्रभात फेरी, भाषण प्रतियोगिता,ड्राइंग कंपटीशन ,साइकिल रैली समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि वन विभाग पदाधिकारी परमानंद रजक, पश्चिमी पंचायत मुखिया पद्मिनी लागुरी, पूर्वी पंचायत मुखिया चांदमनी लागुरी, जेएसएलपीएस सीआरपी जेंडर ममता देवी, गीता देवी, समूह की महिलाओं में मीनू देवी, सुमित्रा दास, विमला नाग, बेलमती केवर्ट, शालू देवी, अनीता पान, अनुराधा राव, नीलम समद, संजू कर्मकार, अलका देवी, लता कर्मकार, सरिता साहू, सुमित्रा पूर्ति, सावित्री नाग सहित अन्य महिला मौजूद थे।

### झरिया में ब्लड बैंक स्थापना के लिए सांसद निधि से मंच को दूंगा 50 लाख: ढुलू महतो

**झरिया।** मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा की ओर से गुरुवार को अग्रसेन भवन में रक्तदान शिविर आयोजित की गई। उद्घाटन धनबाद के सांसद ढुलू महतो, मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, मंच अध्यक्ष अमित अग्रवाल, ललित कटेसरिया, रघुवीर गोयल, गोपाल अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक नीरज अग्रवाल, अजय तायल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

शिविर में पहली बार रक्तदान करने वाले 20 लोगों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। शिविर में कुल 68 लोगों ने रक्तदान किया। रक्त संग्रह करने के लिए धनबाद ब्लड बैंक सेंटर से डॉ. रंजन सिंह, डॉ. सीएस सुमन, राजीव राय, चितरंजन पासवान, अंजली, सोनी आदि की सराहनीय भूमिका रही। झरिया मारवाड़ी सम्मेलन व मारवाड़ी युवा मंच की ओर से सांसद ढुलू महतो का अभिनंदन किया गया।

# चंद्रप्रकाश चौधरी की आभार यात्रा : सांसद ने जनता को दिया



**गिरिडीह।** गिरिडीह से दूसरी बार सांसद निर्वाचित होने पर गुरुवार की शाम चंद्रप्रकाश चौधरी का आभार सह पदयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो शामिल हुए, लेकिन खुद सीपी चौधरी नहीं नजर आए। पदयात्रा विमेंस कॉलेज रोड से निकलकर झंडा मैदान, टावर चौक, बरगंडा , मकतपुर कालीबाड़ी चौक होते हुए बड़ा चौक पहुंची जहां एक सभा में तब्दील हो गई। मौके पर सुदेश महतो ने लोगों को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि चंद्र प्रकाश चौधरी को गिरिडीह की जनता ने दोबारा सांसद बनाने का काम किया है। चंद्रप्रकाश चौधरी जनता की आकांक्षाओं पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कहा की आने वाले दिनों में गिरिडीह लोकसभा में विकास की गंगोत्री बहाने का काम किया जाएगा।मौके पर पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहाबादी, भाजपा नेता दिनेश यादव, गोमिया विधायक लंबोदर महतो, प्रोफेसर विनीता कुमारी, आजसू जिला अध्यक्ष गुड्डू यादव, प्रकाश सेठ, जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, विभाकर पांडेय, कंपू यादव, संजय सिंह, विनय सिंह, शालिनी वैशिखियार, प्रियंका कुमारी, पूनम देवी समेत कई शामिल थे।

# धनबाद में युवक की हत्या :प्रेम प्रसंग गोली मारने की आशंका, पुलिस जाँच में जुटी



**धनबाद।** धनबाद शहर के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलीपाड़ा में शुक्रवार की अहले सुबह एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल फैल गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि लॉ कॉलेज के समीप फुटबॉल ग्राउंड में एक युवक जख्मी हालत में पाया गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना सदर पुलिस को दिया। सदर पुलिस ने आनन-फानन में घायल को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं युवक के गले में गोली लगने का निशान है। मृतक अपनी मां के साथ स्टील गेट के वास्तु विहार में किराए के मकान पर रहता था। जबकि उसके पिता मनाइटार्ड के झारखंड ऑफिस के समीप रहते हैं।

वहीं परिजनों ने प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या का आशंका जताई है। घटनास्थल के पास एक स्कूटी, दो हेलमेट पाए गए हैं। मामले की सूचना मिलने पर डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने मामले की पूरी जानकारी ली। मृतक के पिता सब्जी विक्रेता है। मृतक का नाम अमरदीप भगत बताया जा रहा है।

### चाईबासा में कई जगह पर योगाभ्यास, कई संस्थाओं ने कराया योग अभ्यास

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले भर में तमाम स्थानों पर योगाभ्यास का आयोजन हुआ। जहां चाईबासा पुलिस लाइन में उपायुक्त एवं एसपी सहित अन्य पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारी ने जवानों के संग योगासन किया। वहीं चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम ने अपने कर्मचारियों के संग ऑफिसर्स क्लब में योगाभ्यास किया, तो वही चक्रधरपुर अनुमंडल प्रशासन के द्वारा पोहाहाट स्टेडियम में आयोजित योग प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।

# बिजली संकट से परेशान झरिया की जनता उतरी सड़क पर

**झरिया।** बिजली संकट से त्राहिमाम कर रही झरिया की जनता का सब्र गुरुवार की दोपहर टूट गया। करीब 2 बजे आक्रोशित लोगों ने शहर के इंदिरा चौक को जाम कर दिया। सड़क जाम से यातायात पुरी तरह से ठप हो गई। झरिया सिन्दरी मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। एम्बुलेंश छोड़कर कर छोटे बड़े वाहनों को जाने नहीं दिया जा रहा था।

आक्रोशित लोगों ने बिजली विभाग व झरिया विधायक के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की। जाम की सूचना पाकर पुलिस गश्ती दल पहुंची। जिसे आक्रोशित लोगों ने रोक दिया। इसके बाद झरिया अंचलाधिकारी रामसुमन प्रसाद, झरिया इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार दल बल के साथ पहुंचे। आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं थे। लोगों का कहना था कि पिछले डेढ़ माह से स्वीच खराब होने के कारण झरिया एक एवं तीन में घोर बिजली संकट है।

सुबह से लेकर देर रात तक बिजली के आते जाते रहती है। एक घंटा भी बिजली नहीं रह रही है। बच्चें, बुर्जूग व महिलाएं बीमार हो रहे है। 10 दिनों पूर्व विभाग ने स्वीच बदलने के नाम पर पुराना स्वीच मरम्मत कर लगाया। लेकिन वह भी सफल नहीं हो पाया। समस्या बनी हुई है। वही विभाग के अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे रहे है। जनप्रतिनिधि एसी में रह रहे है। उन्हें झरिया की जनता की समस्या से कोई लेना देना नहीं है।

-सड़क जाम कर रहे लोगों से वार्ता करने के लिए झरिया सीओ ने कई बार थाना आने की बात कही। लेकिन लोगों का कहना था कि जो भी बात होगी। वह यही पर होगी। थाना में झरिया सीओ राम सुमन प्रसाद, इंस्पेक्टर शशिरंज कुमार, विद्युत विभाग कार्य पालक अभियंता मनीष चंद्र पूर्ति, एसडीओ आलोक करकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि केडी पाण्डेय, भाजपा नगरध्यक्ष अरूण साव सहित अन्य लोग घंटो बैठे रहे। बाद में वार्ता हुई। विभाग ने समय लिया। 5 घंटे बाद जाम हटा।

#### -इन मुहल्ले के लोग है प्रभावित:

विभागिय लापरवाही के कारण झरिया वन के उपर कुल्ही, नीचे कुल्ही, शमशेर नगर, शाहनगर, हमीन नगर, बालू बंकर, थाना मोड़, पोद्दार पाड़ा और झरिया तीन के फुलारीबाग, झरिया बाजार, गांधी रोड़, सब्जी बगान, नई दुनिया, गुजराती मुहल्ला, धर्मशाला रोड़, हेटलीबांध, मिश्रा पाड़ा, बोरा पट्टी आदि क्षेत्र के लोग प्रभावित है।

### अनियंत्रित एक्सयूवी कार की टक्कर से महिला की मौत, तीन लोग घायल, सदर अस्पताल में भर्ती

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझारी थाना क्षेत्र के ग्राम टोन्टो में अनियंत्रित महिन्द्रा एक्सयूवी कार के धक्के ने दुकान पर बैठी एक महिला को टक्कर मार थी। इसके साथ ही तीन अन्य लोग भी घायल हो गए।आनन-फानन में सभी को टोटो उपस्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां चिकित्सकों ने दयमंती कुई को जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। वही अन्य लोगों को प्राथमिकी उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल चाईबासा भेजा गया।

1.मुरलीधर बिरूवा 2. महेश चंद्र बिरूवा 3 . शिवशंकर बिरूवा सभी ग्राम टोन्टो निवासी हैं। तीनों घायलों का सदर अस्पताल चाईबासा में ईलाज चल रहा है। वही वाहन चालक को पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री निर्मला भुरिया ने एसओएस चिल्ड्रन्स विलेज का दौरा किया

**भोपाल।** एसओएस चिल्ड्रन्स विलेज भोपाल ने मध्यप्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्र निर्मला भुरिया का स्वागत किया। मंत्री के इस दौरे का उद्देश्य चिल्ड्रन्स विलेज के संचालन को समझना, बच्चों एंव स्टाफ़ के साथ बातचीत करना और उनकी आवश्यकताओं का मूल्यांकन करना था। पहली बार दौरे पर आई मंत्री जी ने बाल कल्याण एवं सामुदायिक सहयोग के लिए अपनी उत्सुकता और प्रतिबद्धता दिखाई। इस अवसर पर मंत्री ने बच्चों के साथ मिलकर पौधे लगाए और हरित भविष्य के लिए हमारे प्रयास में योगदान दिया।चिल्ड्रन्स विलेज पहुंचने पर बच्चों, स्टाफ़ और ग्राम निदेशक ने मंत्री जी का स्वागत किया। उन्होंने बच्चों के साथ बातचीत की, उनकी कहानियां, उनकी महत्वाकांक्षाएं और उनके अनुभवों को सुना। मंत्री जी का प्रोत्साहन बच्चों के चेहरों पर मुस्कान ले आया और यह बातचीत सभी के लिए यादगार बन गई। बच्चों ने मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें रीसायकल्ड पेपर से बनी हस्तनिर्मित आदिवासी हस्तशिल्प भेंट की, जो उनकी रचनात्कता और प्रत्यास्थता का प्रतीक है। आभार एवं सराहना को व्यक्त करते हुए एसओएस चिल्ड्रन्स विलेज के सीईओ सुमंता कार ने कहा, ''माननीय निर्मलाजी का स्वागत करते हुए हमें बेजोड़ प्रसन्नता हो रही है।

### कलाकारों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**मुंबई, एजेंसी।** 'शिव शक्ति - तप त्याग तांडव' में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले, राम यशवर्धन कहते हैं, भगवान शिव को आदियोगी - योग के अवतार के रूप में पूजा जाता है। वह परमेश्वर हैं जो शरीर, मन और चेतना के मिलन को नियंत्रित करते हैं। हमारे प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, भगवान शिव ने ही सबसे पहले योग और ध्यान का ज्ञान अपनी प्रिय पत्नी देवी पार्वती के साथ साझा किया था। मेरे लिए, शिव शक्ति - तप त्याग तांडव शो में ऐसी पवित्र भूमिका को निभाना बड़े सम्मान की बात है। इस भूमिका के माध्यम से, मुझे दर्शकों के समक्ष भगवान शिव की शिक्षाओं और ज्ञान को जीवंत करने का सौभाग्य मिला है। मेरा लक्ष्य भगवान शिव के सबक - आत्म-अनुशासन का महत्व, और ध्यान की ताकत को प्रदर्शित करना है। 'खतरों के खिलाड़ी 14' की प्रतियोगी सुमोना चक्रवर्ती कहती हैं, 'खतरों के खिलाड़ी 14' की प्रतियोगी सुमोना चक्रवर्ती कहती हैं, योग कई वर्षों से मेरे जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है। यह सिर्फ एक अभ्यास नहीं है, बल्कि एक जीवनशैली है जिसने मुझे स्थिरता दी है, मुझे मजबूत बनाया है, और जीवन की चुनौतियों के बीच अपार शांति दी है। इस योग दिवस पर, मैं सभी को इसके शक्ति का अनुभव करने और इसके द्वारा मिलने वाले गहरे आनंद को खोजने के लिए प्रोत्साहित करती हूँ ।'मंगल लक्ष्मी' में मंगल की भूमिका निभाने वाली दीपिका सिंह कहती हैं, योग मेरे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है, और लंबे समय तक शूटिंग के बाद, योग मुझे आराम करने और रिचार्ज होने में मदद करता है।

### कार्तिक आर्यन की मां ने कार्तिक की शरारतो के बारे में बताया

**मुंबई, एजेंसी।** लेवल अप, लेवल अप, लेवल अप! द ग्रेट इंडियन कपिल शो का फ़िनाले एपिसोड उम्मीद से बढ़ कर है। हँसी-मज़ाक, भावनाओं और शरारतों का रोलरकोस्टर प्रो मैक्स!!! सुपरस्टार कार्तिक आर्यन और उनकी माँ माला तिवारी के वैलकम के लिए तैयार हो जाइए! इस एपीसोड में होगा सिर्फ़ एंटरटेनमेंट! एंटरटेनमेंट! और एंटरटेनमेंट इस शनिवार रात 8 बजे सिर्फ़ नेटफ्लिक्स पर! हम कार्तिक को थोड़ा और करीब से जानेंगे, क्योंकि उनकी माँ माला तिवारी हमें कार्तिक के कुछ अनजाने किस्से बताने वाली हैं। इस मज़ेदार बातचीत के बीच कपिल के पूछने पर कार्तिक की माँ एक मज़ेदार घटना सुनाती हैं जो उनके स्कूल के दिनों में हुई थी। पढ़ाई के मामले में एक सख़्त पेरेंट होने के नाते, उन्होंने बताया कि कैसे एक बार उन्होंने कार्तिक को रंगे हाथों पकड़ लिया था। माला जी ने कहा, एक दिन कार्तिक यह कहते हुए घर से निकला था- मम्मी मैं कोचिंग जा रहा हूँ। मैंने उसका पीछा किया और देखा कि वह किसी और रास्ते पर जा रहा था। वह अपने दोस्त के साथ एक आटा-चक्की की दुकान में घुस गया। मैं भी उनके पीछे पीछे उस दुकान में घुस गई तो देखा कि वहाँ एक बड़ी स्क्रीन लगी थी ।

# दिल्ली में जानलेवा गर्मी से 25 और लोगों की मौत

## श्मशानों में बढ़े शव, एक हफ्ते में 500 अंतिम संस्कार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में गर्मी की चपेट में आने से मौत के मामले थम नहीं रहे हैं। वहीं, श्मशान घाटों पर पहले के मुकाबले अंतिम संस्कारों की संख्या बढ़ने लगी है। राजधानी के अलग-अलग अस्पतालों में बीते 24 घंटे में 25 मरीजों की मौत की पुष्टि हुई है। सफदरजंग अस्पताल में बीते 24 घंटे में 33 मरीजों को भर्ती किया गया, जबकि इलाज के लिए भर्ती 13 मरीजों ने दम तोड़ दिया। अस्पताल में 16 जून से अब तक 62 मरीज भर्ती और 24 की मौत हो चुकी है। वार्ड में 45 मरीज भर्ती और 28 की हालत गंभीर है।

डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के मेडिसिन विभाग में प्रोफेसर डॉ. अजय चौहान ने बताया कि बुधवार सुबह नौ बजे से लेकर गुरुवार सुबह नौ बजे तक अस्पताल में लू को लेकर 26 मरीज इलाज के लिए भर्ती हुए, जबकि सात मरीजों की मौत हो गई। इधर, लेडी हार्डिंग अस्पताल में गुरुवार को एक मौत हुई है।

सूत्रों के अनुसार, लोक नायक अस्पताल में गुरुवार को लू लगने से चार लोगों की मौत हो गई। अस्तपताल में सात मरीज वेंटिलेटर पर हैं। बता दें कि अस्पतालों में मरीज तेज बुखार सहित बेहोशी की हालत में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इसमें अस्पतालों से रेफर होकर आने वाले मरीज भी शामिल हैं।

### एक हफ्ते में 500 अंतिम संस्कार

भीषण गर्मी के बीच राजधानी में काफी संख्या में लोगों की मौत हो रही है। इस कारण निगम बोध घाट के साथ-साथ दूसरे श्मशान घाटों पर भी अंतिम संस्कार के लिए शव की संख्या बढ़ गई है। एक हफ्ते के अंदर निगम बोध घाट पर 500 से अधिक शवों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है। 19 जून को 142 शवों का अंतिम संस्कार किया गया, वहीं 21 जून को दोपहर 12 बजे तक 30 शवों का अंतिम संस्कार किया गया था।

घाट के महाप्रबंधक सुमन कुमार गुप्ता ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से औसतन 60 शव अंतिम संस्कार के लिए आ रहे थे। मगर, सबसे ज्यादा 142 शव एक दिन में बुधवार को अंतिम संस्कार के लिए लाए गए। इसने कोरोना काल की याद दिला दी। अंतिम संस्कार करने के लिए 10 अतिरिक्त लोगों की संख्या बढ़ाई गई है। क्योंकि गर्मी से यहां काम करने वाले लोग भी थक रहे हैं। उधर, लोधी कॉलोनी के आर्य समाज शवदाह गृह पर 18 जून को 18 शवों का अंतिम संस्कार किया गया। पंडित रामलाल ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में करीब 80 शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

### कैट्स एंबुलेंस को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश

दिल्ली में भीषण गर्मी को देखते हुए अस्पतालों से लेकर कैट्स एंबुलेंस को अतिरिक्त सावधानी बरतने को लेकर 'स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग की ओर से दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। इसमें एंबुलेंस को हाई अलर्ट पर रखने से लेकर अस्पतालों में इमरजेंसी सेवा का संचालन 24 घंटे करने सहित कई दूसरे निर्देश शामिल हैं। इस संबंध में विभाग की ओर से सर्कुलर जारी किया गया है। विभाग की ओर से अस्पतालों को कहा गया है कि लू की चपेट में आने वाले मरीजों को भर्ती करने और इलाज में कोई देरी नहीं होनी चाहिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों की जिंदगी को बचाया जा सके। सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को कहा गया है कि कोई मरीज डिस्पेंसरी में इलाज के लिए आता है तो उसे तुरंत इलाज दिया जाए और एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल में शिफ्ट कराया जाए। शेल्टर होम के बाहर एंबुलेंस तैनात होगी : विभाग ने कैट्स एबुलेंस को भी निर्देश दिए हैं कि मरीज को भर्ती कराने को लेकर आने वाली कॉल पर तुरंत सक्रियता दिखाएं। मरीज को नजदीकी अस्पताल में शिफ्ट करें। कैट्स विभाग की सभी एबुलेंस दिन और रात में हाई अलर्ट पर रहेंगी। इधर, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मदन मोहन मालवीय अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों का हाल जाना।

#### वरिष्ठ डॉक्टर तैनात होंगे

सर्कुलर के अनुसार, सभी अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षक/चिकित्सा निदेशकों को इमरजेंसी का 24 घंटे संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। लू की चपेट में आने वाले मरीजों की देखरेख के लिए अस्पताल की इमरजेंसी में एक वरिष्ठ डॉक्टर अनिवार्य तौर पर उपस्थित होगा।

# आठ लोकसभा सीटों के 92 पोलिंग बूथों पर होगी ईवीएम की जांच

## चुनाव आयोग ने इस वजह से जारी किया आदेश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विभिन्न राजनीतिक दलों के निशाने पर रहने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर खींचतान अभी तक जारी है। चुनाव परिणामों पर संदेह जताते हुए अलग-अलग राजनीतिक दलों की ओर से ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत करते हुए केंद्रीय चुनाव आयोग से जांच की मांग की गई।

आयोग ने एक जून, 2024 को जारी एसओपी के तहत मिले कुल 11 शिकायत पत्रों का संज्ञान लेते हुए छह राज्यों की आठ संसदीय सीटों पर 92 पोलिंग स्टेशन, जबकि आंध्र प्रदेश और ओडिशा राज्य विधानसभा की कुल तीन सीटों के 26 पोलिंग बूथों पर ईवीएम की जांच का आदेश जारी किया है।

तेलंगाना, तमिलनाडु और महाराष्ट्र में तीन लोकसभा सीटों के 66 पोलिंग स्टेशन पर ईवीएम की शिकायत भाजपा ने की थी। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से गुरुवार को जारी पत्र में बताया गया कि चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद लोकसभा आम चुनाव से आठ और विधानसभा चुनावों से संबंधित तीन आवेदन प्राप्त हुए। इनके माध्यम से शिकायतकर्ताओं ने ईवीएम के माइक्रोकंट्रोलर की जांच व सत्यापन की मांग की है।

**राज्यों निर्वाचन अधिकारियों के जरिए शिकायतें आयोग के पास आई:** संबंधित राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के माध्यम से यह शिकायतें आयोग के पास आई। अब चुनाव याचिका के स्टेटस की पुष्टि के आधार पर ईवीएम निर्माताओं द्वारा एसओपी का पालन करते हुए कार्यक्रम जारी कर चार सप्ताह के भीतर ईवीएम की जांच शुरू करा दी जाएगी।

#### करनाल लोकसभा सीट के छह पोलिंग बूथ पर ईवीएम की जांच

दरअसल, आंध्र प्रदेश में वाइएसआरसीपी की शिकायत पर विजियानगरम लोकसभा सीट के दो पोलिंग स्टेशन, कांग्रेस की शिकायत पर छत्तीसगढ़ की कांकेर संसदीय सीट के चार पोलिंग बूथ, हरियाणा की करनाल लोकसभा सीट के चार, जबकि फरीदाबाद सीट के दो यानी कुल छह पोलिंग बूथ पर ईवीएम की जांच होनी है।

#### अहमदनगर लोकसभा सीट के 40 बूथों पर ईवीएम की जांच

महाराष्ट्र की अहमदनगर लोकसभा सीट के 40 और तेलंगाना की जहीराबाद सीट के 20 बूथों पर ईवीएम की जांच कराई जाएगी। तमिलनाडु की वेल्लोर सीट विरुधनगर संसदीय क्षेत्र के कुछ बूथों पर सत्यापन कराया जाएगा। इस तरह छह राज्यों की आठ संसदीय सीटों के 92 पोलिंग बूथों पर ईवीएम की जांच का निर्णय किया गया है।

#### वाइएसआरसीपी की शिकायत पर जांच होगी

इसी तरह आंध्र प्रदेश में गजपतिनगरम विधानसभा सीट पर एक और अंगुल विधानसभा क्षेत्र के 12 यानी कुल 13 पोलिंग स्टेशन पर वाइएसआरसीपी की शिकायत पर जांच कराई जाएगी। ओडिशा में झारसुगुडा विधानसभा सीट के 13 पोलिंग स्टेशन पर ईवीएम की जांच बीजद की शिकायत पर कराने का फैसला आयोग ने किया है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : आदि कैलाश से सीएम धामी ने दिया योग का संदेश

# उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने भगवान शंकर की पवित्र भूमि आदि कैलाश में किया गया योगाभ्यास

सुनील तिवारी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समुद्रतल से लगभग 15 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित आदि कैलाश में योग कर पूरे विश्व के शिवभक्तों को आदि कैलाश दर्शन का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन से आज सीमांत के गांवों की तस्वीर बदल रही है। प्रधानमंत्री मोदी के पार्वतीकुण्ड आदि कैलाश के दर्शन के बाद व्यास घाटी में आदि कैलाश, ॐ पर्वत, कैलाश दर्शन, काली मंदिर, व्यास गुफा आदि तीर्थ स्थलों के दर्शन को हर रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भगवान शिव की प्रवास स्थली में योग कर दुनिया के सैलानियों और तीर्थयात्रियों को आदि कैलाश के साथ ही इस समूची व्यास घाटी की यात्रा का न्योता देने के साथ ही स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की अपेक्षा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत द्वारा विश्व को दी गई 'योग' रूपी अमूल्य धरोहर से आज करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर सभी से शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक शक्ति हेतु योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की भी अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नैसर्गिक प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के सुदूर क्षेत्र में स्थित देवाधिदेव महादेव को समर्पित श्री आदि कैलाश और ओम पर्वत का अद्भुत वातावरण मन में भक्ति, शक्ति और असीम ऊर्जा का संचार करता है। पर्वत राज हिमालय की गोद में बसे गुंजी, कुटी और नाभीढाँग गाँव जहां व्यास घाटी की संस्कृति, परंपरा और विरासत को अपने आँचल में समेटे हुए हैं तो वहीं शिव-पार्वती मंदिर, गौरीकुंड, पार्वती सरोवर, व्यास गुफा और पाण्डव पर्वत सनातन धर्म की अनंत ऊर्जा का परिचय कराते हैं। योग दिवस पर मुख्यमंत्री ने आदि कैलाश में योग कर देश दुनिया के तीर्थयात्रियों को आदि कैलाश, ॐ पर्वत और पार्वती सरोवर के दर्शन का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री का यह आह्वान मानसखण्ड मन्दिरमाला मिशन अभियान को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।



#### आदिकैलाश क्षेत्र को मिली अन्तरराष्ट्रीय पहचान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते वर्ष 12 अक्टूबर को पिथौरागढ़ जिले के एक दिवसीय दौरे पर आए थे। तब प्रधानमंत्री ने ज्योलिंगकोंग पहुंचकर आदि कैलाश और पार्वती सरोवर के दर्शन किए थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी की यात्रा ने आदि कैलाश धाम को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देने के साथ ही मानसखण्ड में धार्मिक पर्यटन को नए आयाम प्राप्त हुए है। यहां पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की संख्या में भारी बढोत्तरी हुई है। इन दिनों हर रोज एक हजार से लेकर डेढ़ हजार तक की संख्या में पर्यटक और तीर्थयात्री ॐ पर्वत, आदि कैलाश और पार्वती सरोवर के दर्शन को पहुंच रहे हैं। पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या से अब यह भी स्पष्ट है कि आगामी कुछ वर्षों में ही पिथौरागढ़ का यह सीमांत क्षेत्र बड़ा टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। है। इससे इस क्षेत्र के चतुर्दिक विकास और स्थानीय कारोबार को भी बढ़ावा मिलेगा।

#### पर्यटकों से गुलजार चीन बॉर्डर से सटे इलाके

पिथौरागढ़ के सीमांत इलाके इन दिनों देश दुनिया के सैलानियों से गुलजार हैं। आदि कैलाश, पार्वती सरोवर और ॐ पर्वत के दर्शन को हर रोज बड़ी संख्या में पर्यटक और तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। पिथौरागढ़ से लेकर ज्योलिंगकांग तक होटल और होम स्टे यात्रियों और पर्यटकों से पैक हैं। आदि कैलाश, पार्वती सरोवर, गौरी कुंड, ओम पर्वत देखकर यात्री अभिभूत हैं। हर रोज बस, टैक्सी और निजी वाहनों से ही नहीं बल्कि दोपहिया वाहनों से भी बड़ी संख्या में पर्यटक और तीर्थयात्री धारचूला पहुंच रहे हैं।

#### ऑनलाइन उपलब्ध है इनर लाइन परमिटे

कैलाश मानसरोवर यात्रा बंद होने से शिवभक्तों का आदि कैलाश यात्रा के प्रति रुझान बढ़ा है। कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए चीन सरकार का वीजा लेना पड़ता है, जबकि आदि कैलाश के भारत की सीमा में ही होने से मात्र इनर लाइन परमिट पर ही यह यात्रा हो जाती है। पर्यटकों और तीर्थयात्रियों को इनरलाइन परमिट के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए आनलाइन परमिट की व्यवस्था की गई है।

#### यह है आदि कैलाश यात्रा का रूट

आदि कैलाश की यात्रा के लिए सबसे पहले टनकपुर या हल्द्वानी होकर पिथौरागढ़ पहुंचना होगा। दिल्ली से बस या ट्रेन से आप हल्द्वानी या टनकपुर पहुंच सकते हैं। इसके बाद पिथौरागढ़ की यात्रा बस या टैक्सी से तय कर सकते हैं। पिथौरागढ़ से धारचूला तक की 90 किमी की दूरी टैक्सी से तय करने के बाद आगे के सफर के लिए इनर लाइन परमिट लेना अनिवार्य है। धारचूला से आदि कैलाश पहुंचने के लिए 80 किमी का सफर तय करना होगा। इसके लिए धारचूला में टैक्सियां उपलब्ध हैं।

### इंस्टाग्राम फ्रेंड ने 13 साल की लड़की संग ओयो होटल में की हैवानियत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद के मोदीनगर की एक कॉलोनी में दुष्कर्म से आहत होकर आत्महत्या करने वाली कक्षा आठ की छात्रा के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित तीन को जेल भेज दिया है। छात्रा को ओयो होटल में ले जाकर नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया गया था। होटल संचालक ने आरोपी को बिना आईडी के कमरा महंगे दाम पर दिया था। पुलिस सुरक्षा के बीच छात्रा का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मोदीनगर की एक कॉलोनी निवासी 13 वर्षीय कक्षा आठ की छात्रा के साथ इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद युवक हिंमाशु सोनी ने सोमवार शाम को छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद से वह काफी परेशान थी। मेडिकल कराकर लौटने के बाद बुधवार शाम को छात्रा ने अपने घर पर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली।

### एनसीआर में आएगी रोजगार की बहार, ग्रेटर नोएडा में बनेगा कार्गो टर्मिनल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में दादरी के समीप गति शक्ति योजना के तहत कार्गो टर्मिनल विकसित होने से क्षेत्र में पांच हजार करोड़ रुपये का निवेश और 15 हजार लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा। परियोजना के लिए 260 एकड़ जमीन चिन्हित कर ली गई है, जो क्षेत्र के पाली और मकोड़ा गांव के पास स्थित है। इस महत्वपूर्ण परियोजना का प्रस्ताव ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड से पास होने के बाद शासन को रिपोर्ट भेजने की तैयारी चल रही है। साथ ही आम लोगों से सुझाव भी लिया जाएगा। पीएम गति शक्ति योजना के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र के दादरी के समीप कार्गो टर्मिनल विकसित किए जाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए 260 एकड़ भूमि उपलब्ध है। प्राधिकरण के मास्टर मास्टर-2021 के अनुसार इसका भू-उपयोग होलसेल ट्रेड, संस्थागत, ट्रांसपोर्ट एवं कृषि है। कार्गो टर्मिनल के लिए यह जगह सबसे ज्यादा उपयुक्त मानी गई है, क्योंकि दादरी के निकट दिल्ली से मुंबई तक वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर प्रारंभ हो रहा है।

# सेजल ने झांसे में लेकर मिसाइल इंजीनियर निशांत से कराए थे तीन ऐप्स इंस्टॉल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दूसरे देशों को देने के मामले में ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। लेकिन अब इस मामले में एक बड़ी बात सामने आई है। दरअसल पाकिस्तानी जासूसों ने निशांत अग्रवाल के लैपटॉप को हैक करने के लिए तीन ऐप्स का इस्तेमाल किया था और उसके लैपटॉप से अहम डेटा चुराया था जिसमें गोपनीय जानकारी थी।

जांच अधिकारी ने बताया कि निशांत अग्रवाल पाकिस्तानी महिला सेजल से बात करता था और 2017 में उसने कई लिंक भेजे थे, जिस पर निशांत ने क्लिक किया था, इसके बाद उसके लैपटॉप में तीन ऐप्स क्यूव्हिस्पर, चैट टू हायर और एक्स-ट्रस्ट इंस्टॉल कराए गए थे। यूपी-एटीएस के जांच अधिकारी पंकज अवस्थी ने बताया कि ये



सभी ऐप एक मैलवेयर थे जिनसे देश की सुरक्षा से जुड़ी अहम जानकारी चुराई गई।

यूपी-एटीएस के जांच अधिकारी पंकज अवस्थी ने अपने बयान में कहा कि निशांत को हनी ट्रैप में फंसाने के लिए सेजल नाम की महिला ने एक फेसबुक अकाउंट बनाया था जो पाकिस्तान से ऑपरेट होता था। इस फेसबुक अकाउंट का इस्तेमाल करके उसने पाकिस्तानी गुर्गों के साथ कई भारतीय रक्षा कर्मचारियों को को टारगेट किया करते थे।

चैट से पता चला कि सेजल उस समूह का हिस्सा थी जो भारतीय रक्षा कर्मचारियों को धोखा देने के लिए डेटा और टिप्स साझा करता था। आगे अवस्थी ने अदालत को बताया कि सेजल के निर्देश पर, निशांत अग्रवाल ने उसके द्वारा भेजे गए लिंक पर क्लिक किया था और 2017 में अपने निजी लैपटॉप पर तीन ऐप इंस्टॉल किए थे। उन्होंने जांच में दावा किया गया है कि ब्रह्मोस मिसाइल से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज उसके निजी कंप्यूटरों पर पाए गए, जो बीएपीएल के सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन है।

**गिरफ्तारी के समय बीएपीएल में कार्यरत था निशांत:** मिसाइल इंजीनियर निशांत को अक्टूबर 2018 में मिलिट्री इंटेलिजेंस (एमआई) और उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) के संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया गया था। वह उस समय ब्रह्मोस मिसाइलों का निर्माण करने वाले भारत-रूस संयुक्त उद्यम बीएपीएल के तकनीकी अनुसंधान अनुभाग में कार्यरत था।

निशांत अग्रवाल को आईटी अधिनियम की धारा 66 (एफ) और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम (ओएसए) के तहत कई अन्य अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। निशांत अग्रवाल एनआइटी कुरुक्षेत्र का छात्र रहा है। वह 2013-14 में संस्थान से मैकेनिकल ट्रेड का गोल्ड मेडलिस्ट छात्र था। एनआइटी में मैकेनिकल ट्रेड के प्रोफसेर ने बताया कि निशांत होनहार छात्र रहा है। वह संस्थान का बेस्ट आलराउंडर रहा है। निशांत पढ़ाई के दौरान ऐसे रिसर्च पेपर लिखता था, जो स्टैंडर्ड जर्नल में छपते रहे हैं। वह दूसरे विद्यार्थियों के लिए पेपर लिखता था। उसके बैच से दो विद्यार्थियों का चयन ब्रह्मोास लिए हुआ था। निशांत के फेसबुक एकाउंट पर एनआइटी के दीक्षांत समारोह से लेकर कई फोटो शेयर हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## एक नजर

### बिजली चोरी मामले में विद्युत विभाग ने 10 पर दर्ज कराई प्राथमिकी

**हसपुरा (औरंगाबाद) ( का.सं.)।** बिजली चोरी को रोकने को लेकर विद्युत विभाग ने शुक्रवार को हसपुरा के जेई प्रकाश चंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाए गए चेकिंग अभियान में पुरहारा गाँव के 10 लोगों के यहां बिजली चोरी का मामला पकड़ा गया। मामले में आईडीएफसी बायपास कर बिजली की चोरी पकड़ी गई। जेई प्रकाश चंद्र कुमार ने बताया कि पुरहारा गांव के अशोक कुमार वर्मा, अंगद कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अजय कुमार, पन्नालाल सिंह, सच्चिदानंद सिंह, भोला सिंह, पप्पू कुमार, मनोज कुमार एवं कामता सिंह के घर में लगे बिजली मीटर की जांच में पाया गया कि मीटर बायपास कर बिजली की चोरी की जा रही थी। मामले में सभी पर एफआईआर दर्ज कराते हुए फाइन किया गया है। जांच में गोह के सहायक विद्युत अभियंता अजीत कुमार, राजेश कुमार एवं मानव बल लव कुश शामिल रहे।

### विधि संघ ने मनाई अधिवक्ता केदार यादव की पुण्यतिथि

**औरंगाबाद ( का.सं.)।** जिला विधिक संघ, औरंगाबाद में शुक्रवार को दिवंगत अधिवक्ता केदार यादव की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय ने की जबकि संचालन महासचिव जगनारायण सिंह ने किया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि सर्वप्रथम सादगी पसंद न्यायप्रिय केदार यादव के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर पूर्व पीपी प्रमोद कुमार सिंह, वरीय अधिवक्ता अवध किशोर पांडेय, शिवलोक शर्मा, कामेश्वर यादव, जानेश्वर यादव, बृजा प्रसाद, रामप्रीत सिंह, सुदर्शन यादव, कमलेश कुमार सिंह, क्षितिज रंजन, अखिलेश्वर सिंह, उमेश कुमार मंडल, जगन्नाथ यादव, वीरेंद्र यादव, विजय कुमार सिंह एवं देवानंद सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### 12 किमी लंबी सड़क पर 38 स्पीड ब्रेकर के मामले का उपभोक्ता अदालत ने लिया संज्ञान

**औरंगाबाद ( का.सं.)।** औरंगाबाद की जिला उपभोक्ता अदालत ने 12 किमी. लंबे कारा-डिहरा पथ में 38 स्पीड ब्रेकर होने के मामले में ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता समेत सात को तलब किया है। उपभोक्ता अदालत के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने मामले को लेकर दायर वाद संख्या-57/24 की सुनवाई करते हुए सात विपक्षियों को नोटिस जारी किया। साथ ही गहरी नाराजगी जताई। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि बतौर सूचक यद वाद वरीय अधिवक्ता रंगबहादुर सिंह ने उपभोक्ता अदालत में दायर किया है। वाद में कहा है कि पटना मुख्य मार्ग से कारा होते डिहरा तक जाने वाली 12 किलोमीटर लंबी सड़क ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बनाई गई है। इस सड़क के निर्माण में घोर लापरवाही बरतते हुए 38 स्थान पर विद्युत विभाग के पोल को रखकर स्पीड ब्रेकर बना दिया गया है, जिससे आवागमन करने वालों को जान माल का भारी नुक्सान उठाना पड़ रहा है। लोग सालाना कई तरह का राजस्व देते आ रहे हैं लेकिन विभागीय लापरवाही अमानवीय कृत्य है। मामले में आवेदक का पक्ष सुनने के बाद जिला उपभोक्ता अदालत ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, दाउदनगर के कार्यपालक अभियंता, दाउदनगर के अनुमंडल पदाधिकारी, ओबरा के अंचलाधिकारी, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक विद्युत अभियंता एवं ओबरा-दाउदनगर के कनीय विद्युत अभियंता को नोटिस भेजकर अगली तिथि पर जवाब देने के लिए तलब किया है।

### ट्रेनों के समयबद्ध व सुरक्षित परिचालन को लेकर संरक्षा संगोष्ठी संपन्न

**रफीगंज (औरंगाबाद) ( का.सं.)।** रफीगंज( औरंगाबाद )। सुरक्षित एवं समयबद्ध परिचालन को लेकर रफीगंज में भारतीय रेल सांकेतिक सेवा के अधिकारी व डीडीयू रेल मंडल के सीनियर डीएसटीई राजेश कुमार कुशवाहा द्वारा शुक्रवार को संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उन्होंने संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने संबंधी तकनीक कवच, ऑटोमेटिक ब्लॉक, सिग्नलिंग सिस्टम, ट्रैक सर्किट, एमएसडैग, इंटरलॉकिंग सिस्टम, एक्सल काउंटर, यूएफएसबीवाई एवं मोटर प्वाइंट आदि पर प्रकाश डालते हुए रेलकर्मियो से सुक्ष्म तरीके अनुरक्षण करने को कहा। हिदायत दिया कि ट्रैक पर मोबाइल का उपयोग न करे।

10वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस : जिला जज ने सभी को योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने की दी प्रेरणा

# जिले में उत्साह एवं उत्सव के रूप में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जिले में कई जगहों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कई सामाजिक, सरकारी तथा निजी संस्थानों में विधिवत योगाभ्यास किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अशोक राज के नेतृत्व में शुक्रवार को बृहद एवं भव्य रूप से अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस मनाया गया। साथ ही योग के प्रति जागरूक करते हुए प्रत्येक व्यक्ति एवं परिवार को योग करने के लिए प्रेरित किया। योग उत्सव कार्यक्रम का मुख्य आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार स्थित विधिक सेवा सदन में जिला जज के नेतृत्व में आयोजित किया गया जिसमें सत्य भूषण आर्या प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, पंकज मिश्रा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष प्रथम, धनन्जय कुमार सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नीतीश कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, धनन्जय कुमार मिश्रा, निशीत दयाल अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, आनन्द भूषण, सौरभ सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, लक्ष्मीकान्त मिश्रा, शिव कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उमेश प्रसाद, मनीष कुमार जायसवाल, पंकज पाण्डेय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम सहित समस्त न्यायिक पदाधिकारीगण, सहित कर्मचारीगण तथा अन्य ने इसमें योग कर अपनी भागीदारी निभाई। उक्त आयोजित योग दिवस पर उपस्थित लोगों को प्रशिक्षित योग शिक्षक योगेन्द्र भूषण ने विभिन्न योग के आसनों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम समापन के बाद उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए जिला जज ने योग के प्रति लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को योग को दिनचार्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने अपने सम्बोधन में यह भी कहा कि योग भारत में आदि काल से चला आ रहा है जिसका पहचान अब अन्तराष्ट्रीय स्तर पर पहुँच चुकी है,। योग भारतीय परम्पराओं तथा ऋषि मुनियों का आदिकाल से हिस्सा रहा है जो अब अपना वैश्विक पहचान बना चुका है।

## एनटीपीसी में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



निज संवाददात

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** एनटीपीसी नवीनगर ने 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस - 2024 पर योग कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख सह मुख्य महाप्रबंधक चन्दन कुमार सामंता ने अन्य अधिकारियो के साथ योग अभ्यास किया। 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए एनटीपीसी नबीनगर 20 जून से इस योग अभ्यास कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। इस तीन दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला के दौरान योग विशेषज्ञ प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के अलावा जीवन में योग के महत्व से भी अवगत करा रहे है। योग दिवस पर आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य महाप्रबंधक समेत महाप्रबंधक (एफएम) आरपी अग्रवाल, महाप्रबंधक (ऑपरेशन), एके त्रिपाठी, एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियो ने योग अभ्यास किया।

## सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में योग सप्ताह का समापन

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** शुक्रवार को सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह का आयोजन 15 से 21 तक किया गया था, जिसका आज समापन हो गया। इस योग सप्ताह में कई तरह के आसान व प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया जिसमें भस्त्रिका प्राणायाम, कपालभाती प्राणायाम, उदगीत प्राणायाम, अनुलोम विलोम प्राणायाम, भुजंगासन, सिंह गर्जना व हास्य आसन का भी अभ्यास करवाया गया। योग्य आचार्य ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का विशेष अभ्यास करवाया। योग आचार्य के रूप में राकेश कुमार सिंह प्रा विद्यालय पटना, नबीनगर, सुमन कुमार सिंह , संबद्धता-अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार,मुकेश कुमार सिंह, राजकीय मध्य विद्यालय तोल, नबीनगर, रवीन्द्र कुमार, पीएचसी देव, खड़ीहा शामिल हुए। प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि आज के समय में योग बहुत महत्वपूर्ण है, योग शरीर, मन और आत्मा को एकाग्रचित करने का वह प्रभावी माध्यम है जिससे न सिर्फ शरीर बल्कि मस्तिष्क भी स्वस्थ होता है। यह विश्व को भारत द्वारा दी गई एक अमूल्य धरोहर है। आज योग सप्ताह के अंतिम दिन महाविद्यालय के एनसीसी के छात्र के साथ-साथ राम लखन से यादव कॉलेज एवं अनुग्रह हाई स्कूल (गेट स्कूल) के एनसीसी के छात्र भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ योगेंद्र कुमार सिंह (पीटीआई), अमित कुमार सिंह, बहादुर भीम कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह (प्रबंधन विभाग), मनोज कुमार सिंह (लेखपाल), मनजीत कुमार (एनसीसी सीटीओ), शशि कांत कुमार, रमाकांत कुमार शामिल हुए।

## योग शिविर के समापन पर यादव कॉलेज के कैंपस में किया योग



कार्यालय संवाददात

**औरंगाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यादव कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर विजय रजक, प्रधान सहायक जनार्दन सिंह, ए एन ओ लेफ्टिनेंट विवेक कुमार इत्यादि ने इस शिविर में शामिल होकर योग शिविर को सफल बनाया। योग गुरु सुरभि कुमारी ने योग की नई क्रियाओं को कराकर स्वस्थ लाभ के बारे में बताया। शिविर में आज भी सदस्यों की काफी संख्या रही तथा एनसीसी कैडेट्स की भी अहम भूमिका रही। योग गुरु ने बताया कि योग प्राचीन काल से हमारे ऋषि मुनियों के द्वारा किया जाता है लेकिन पिछले दशक से हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा योग को अंतरराष्ट्रीय रूप से ख्याति दिलाई है। इन्होंने बताया कि योग का शाब्दिक अर्थ है जोड़ना योग शारीरिक व्यायाम ध्यान सांस लेने की तकनीक और व्यायाम को जोड़ता है । योग गुरु ने सूर्य नमस्कार भुजगासन ,बालासन तथा लड़कियों के लिए कराटे का तकनीक भी सिखलाई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के कई शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी तथा एनसीसी के एस यू ओ सुमन कुमार, यू ओ अंशु सिंह, पवन, आशीष, सार्जेंट मनीष, प्रेम, काजल कैडेट्स विक्रम, निखिल, रवि, सनी, गरिमा निशा, जुली, सत्यरूपा, प्रियंका, साक्षी, कुलवंत , प्रदीप, निलेश इत्यादि मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : योग विद्या से जीवन में लाएं स्वस्थता और संतुलन : सुरेश गुप्ता

कार्यालय संवाददाता




**औरंगाबाद।** विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने अपने किड्ज़ वर्ल्ड, संस्कार पुरम, पटना रोड के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने शिविर का उद्घाटन किया और 'करें योग और रहें निरोग' का संदेश दिया। उन्होंने योग के फायदों को विस्तार से समझाया और बताया कि योग से हम कितना स्वस्थ रह सकते हैं।

उन्होंने बताया कि विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स में 46 वर्षों से योगाभ्यास की नियमित कक्षाएं चल रही हैं। भारतीय शिक्षा प्रबंधन समिति, बिहार द्वारा भी यहां योग शिविर का संचालन किया जाता है। वर्ष 2015 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाने लगा, जो अब 200 से अधिक देशों में मनाया जाता है। शिविर में मुख्य योग शिक्षक सुरेश प्रसाद ने योग करने के फायदे, उसके नुकसान, और स्वास्थ्य लाभ के विभिन्न तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने उपस्थित 165 शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मियों को विभिन्न बीमारियों के लिए अलग-अलग व्यायाम करवाए.डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर ने अपने योग से संबंधित अनुभव साझा किए और पतंजलि योग संस्थान से सीखे गए व्यायामों के फायदे बताए। टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश ने बदलते परिवेश में स्वस्थ रहने के लिए खान-पान पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। किड्ज़ वर्ल्ड के प्रिंसिपल मोहम्मद मुजाहिर आलम ने पुराने रीति-रिवाजों की महत्ता पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि पहले की महिलाएं धेकि चलाना, जाता चलाना, और मसाले पीसना जैसे कामों से व्यायाम कर लेती थीं, परंतु आज के रेडीमेड खाने से शारीरिक कार्य कम हो गया है। उन्होंने आयुर्वेद और पुराने तौर-तरीकों को अपनाने की सलाह दी। विद्या निकेतन के प्रशासक संदीप कुमार तांती, प्राचार्य सरयू प्रसाद तांती, और अन्य शिक्षकों ने इस शिविर में भाग लिया और स्वस्थ रहने के गुर सीखे। सभी ने योगाभ्यास के महत्व को समझा और निरोग रहने के तरीकों को अपनाने का संकल्प लिया।

## विभिन्न विद्यालयों में सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम संपन्न

**बारूण (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** बारुण प्रखंड के अधीन विभिन्न विद्यालयों में विश्व योग दिवस के मौके पर स्कूली बच्चों के साथ शिक्षकों ने सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस क्रम में संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय जगदीशपुर के प्रांगण में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों स्कूली बच्चों ने शिक्षकों के साथ सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम किया। मध्य विद्यालय धनौती धर्मपुरा में प्रधानाध्यापक बबन प्रसाद एवं बृजमोहन सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों स्कूली बच्चों ने योगाभ्यास किया। वहीं नवसृजित प्राथमिक विद्यालय काजी चक में प्रधानाध्यापक विजेंद्र कुमार के नेतृत्व में स्कूली बच्चों द्वारा योगाभ्यास का कार्यक्रम किया गया। प्राथमिक विद्यालय सोनबर्षा में जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में सभी बच्चों ने योगाभ्यास किया। प्राथमिक विद्यालय करीमगंज में प्रधानाध्यापक मो. सद्दाम रिजवी के नेतृत्व में योगाभ्यास का कार्यक्रम किया गया।

## बाइक सवारों को लापरवाही पड़ी भारी, सड़क हादसों में पांच लोग जख्मी, एक गंभीर

कार्यालयसंवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में शुक्रवार को अलग-अलग सड़क हादसे में पांच लोग जख्मी हो गए। रफीगंज-शिवगंज पथ में चातर पंप के समीप दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गयी। जिसमें चार लोग घायल हो गये। जबकि रफीगंज-कासमा पथ में साहो करमा मोड के पास एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी और बाइक सवार जख्मी हो गया। मिली जानकारी के अनुसार टकरा गांव निवासी संजय दास के पुत्र सौरभ कुमार,जितेंद्र यादव के पुत्र सुमित कुमार,विरेंद्र शर्मा के पुत्र निर्भय कुमार एक ही बाईक से अपने घर लौट रहे थे।इसी बीच विपरित दिशा से नीमा वाजिद गांव के फिरोज शाह के पुत्र मो साबिर शाह बाइक से जा रहा था। पेट्रोल पंप के समीप दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गयी,जिसमें चारो घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी,जिसके बाद रफीगंज पुलिस पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि सुमित कुमार की स्थिति गंभीर होने के कारण सदर अस्पताल रेफर किया गया।वहीं तीन घायलों का ईलाज किया जा रहा है। इधर रफीगंज पुलिस ने घटनास्थल से क्षतिग्रस्त दोनों बाइक को जब्त कर लिया। रफीगंज-कासमा पथ में साहो करमा मोड के समीप बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल की पहचान गोह थाना क्षेत्र के बाजार बर्मा गांव निवासी दिलीप यादव के पुत्र मुन्ना कुमार के रूप में हुई है। जानकारी मिली कि मुन्ना शादी का कार्ड बांटने कासमा की ओर जा रहा था । साहो करमा मोड के समीप बाइक अनियंत्रित हो गयी। इधर सड़क से गुजर रहे लोगों के सहयोग से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

## 23 जून को सत्यचंडी धाम आद्रा मेला का होगा उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद से करीब 5 किलोमीटर की दूरी पर रायपुरा ग्राम में अवस्थित सत्यचंडी धाम आद्रा मेला का उद्घाटन 23 जून को औरंगाबाद के अनुमंडलाधिकारी संतन कुमार सिंह के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए सत्यचंडी धाम न्यास समिति के सचिव राजेंद्र सिंह ने बताया कि औरंगाबाद जिले का अति महत्वपूर्ण शक्ति उपासना स्थल सत्यचंडी धाम में प्रतिवर्ष आद्रा मेला समारोह का आयोजन किया जाता रहा है। 22 जून से 6 जुलाई तक आयोजित मेला के निमित इस वर्ष भी भव्यता एवं दिव्यता के साथ मेला का आयोजन सुनिश्चित है। उद्घाटन समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामई उपस्थित होगी।साथ ही साथ औरंगाबाद जिले के विभिन्न महोत्सव से जुड़े सदस्यों का भी आगमन होगा। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने सत्यचंडी माता के महिमा के बारे में बताते हुए कहा कि इस धाम पर सती माता का रक्तिम हस्त गिरने का प्रमाण मिलता है। जो व्यक्ति इस स्थान पर सच्चे मन से धन प्राप्ति के हेतु में माता का आराधना करता है उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में सामूहिक योगाभ्यास का किया गया कार्यक्रम



- योगाभ्यास कार्यक्रम को विद्यालय के प्राधानाचार्य परशुराम ओझा के नेतृत्व में योगाचार्य नंदकिशोर सिंह ने संचालित किया।

निज संवाददाता

**जम्होर (औरंगाबाद)।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के मान कुमारी बद्री नारायण सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में विश्व योग दिवस के अवसर पर विद्यालय के आचार्य एवं बच्चों के द्वारा सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य परशुराम ओझा के नेतृत्व में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम को योगाचार्य नंदकिशोर सिंह द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम महर्षि पतंजलि एवं भारत माता के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि के साथ किया गया। तत्पश्चात, प्रधानाचार्य ने योग दिवस पर अपने संबोधन के क्रम में कहा कि वर्तमान परिदृश्य में यदि विद्यार्थी अपने विद्यार्थी जीवन को उत्कृष्ट बनाना चाहते हैं तो उन्हें योग की क्रिया अपनानी होगी। योग के माध्यम से हम अपने शरीर के आंतरिक ऊर्जा को उत्कृष्टता प्रदान करते हैं। योग दिवस के मौके पर आचार्य सुनील कुमार मिश्रा, प्रेमचंद पाठक, दिलजीत सिंह,अमित पाठक, चंदन कुमार, अर्जुन मेहता, वसुंधरा मिश्रा कालिंदी मिश्रा रविता राय,सुमन पाठक, बबलू कुमार, राज किशोर ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## अपराधियों ने पेट्रोल पंप मैनेजर से दो लाख की नगदी व सोने के चेन छिनी

- प्रशिक्षु एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन जारी है।

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज-गया पथ पर सिमवां गांव के पास पेट्रोल पंप के प्रबंधक बंदेया निवासी राघवेंद्रधारी भारद्वाज के साथ मारपीट कर अपराधियों ने 2 लाख की नगदी व सोने की चेन छीन ली। मामले में राघवेंद्रधारी भारद्वाज ने गया जिला के कोच थाना क्षेत्र के डबुर गांव निवासी रामविनय शर्मा एवं उनके पुत्र अंकित कुमार को नामजद आरोपी बनाते हुए रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उल्लेख किया है कि में कार्यालय में बैठकर कैश मिला रहा था।तभी रामविनय शर्मा अंदर आए और मुझसे रुपए छीनने लगे। विरोध करने पर मेरा कॉलर खींचते हुए कुर्ता फाड़ दिया। इसी बीच उनका लड़का अंकित कुमार अंदर आया और हथियार का भय दिखाते हुए मुझसे दो लाख नगदी छीन लिया। रुपए लेने छिनने के बाद अंकित ने हथियार का भय दिखाकर गले से सोने का चेन भी छिन लिया। मैं डर से विरोध नहीं कर सका।

इसके बाद दोनों ने मुझे पीटते हुए खींचकर बाहर निकाला और फूल वाला गमला उठाकर अंकित ने मेरे ऊपर चला दिया। मेरे साथ मारपीट भी की। धमकी देकर पंप भी बंद करा दिया तथा स्टाफ से चाबी लेकर चले गए। इस संबंध में प्रशिक्षु एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## जिला पुलिस कर रही भेद-भाव : सुशील कुमार सिंह

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** भाजपा नेता और औरंगाबाद के निवर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह ने जिला पुलिस पर डबल स्टैंडर्ड होने का बड़ा आरोप लगाया है। सिंह ने शुक्रवार को यहां प्रेसवार्ता में नबीनगर की छात्रा हत्याकांड की चर्चा करते हुए कहा कि उन्हे यह कहने से गुरेज नही है कि पुलिस का रवैया और चरित्र दोहरा है। कहा कि सवाल यह नही है कि सरकार किसकी है। सवाल घटना को लेकर है। घटना हुई है तो पुलिस को अपना काम निष्पक्षता और तेजी से करनी चाहिए लेकिन ऐसा नही हो रहा है। पुलिस अन्य साधारण से बहस, गाली-गलौज और मारपीट के मामले इतना तक कि झूठे मुकदमें को भी गंभीरता से लेती है। फौरन एक्शन में आ जाती है। पुलिस का एक्शन देखने लायक होता है। लेकिन इस मामले में पुलिस शिथिल क्यों पड़ गयी है। ऐसे मामले में पुलिस को जितना एक्टिव होना चाहिए, वह उतना एक्टिव नही होती। कहने को तो कहा जाता है कि पुलिस अपना काम कर रही है लेकिन काम में पारदर्शिता दिखनी चाहिए। साक्ष्य के साथ दिखनी चाहिए। दिखना चाहिए कि क्या एक्शन हुआ। इस मामले में मीडिया पुलिस की प्रतिक्रिया भी लेगी तो पुलिस का रटा रटाया यही जवाब होगा कि पुलिस पूरी निष्पक्षता के साथ काम कर रही है। पुलिस किस तरह निष्पक्ष नही रहती, इसे अलग-अलग मामलों के रूप में देखा जा सकता है। पुलिस अलग-अलग घटना में अलग-अलग मोड में रहती है। अलग-अलग जाति और समुदाय के मामले में अलग दृष्टिकोण रखती है। पुलिस नबीनगर की छात्रा हत्याकांड में भी अपनी तत्परता और शौर्य दिखाएं लेकिन ऐसा अबतक नही दिखा है। कहा कि अभी भी वक्त है, पुलिस चेत जाएं और ऐसा माहौल बनाए कि लोग बेटियों को घर से बाहर भेजने में सुरक्षित महसूस कर सके। हम चाहते है कि समाज में शांति-व्यवस्था बनी रहे। कानून अपना काम निष्पक्ष होकर करता रहे। कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रित रहे। उन्होंने कहा कि नबीनगर की छात्रा हत्याकांड के मामले में शुरू में पुलिस ने काफी लापरवाही बरती।

## बिजली चोरी करने वालों ने छापेमारी करने गई विद्युत विभाग की टीम पर जानलेवा हमला

**रफीगंज(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के खरोखर गांव में छापेमारी करने आई विद्युत विभाग की टीम पर कुछ लोगों ने हमला बोल दिया। इसे लेकर विद्युत विभाग के अभियंता संतोष कुमार ने खरोखर गांव के विशाल सिंह एवं तीन अज्ञात के विरुद्ध रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उल्लेख किया है कि छापेमारी दल पर इन आरोपियों ने जानलेवा हमला किया है। गाली गलौज एवं मारपीट की ही। मुझे राहुल कुमार ने खींचकर एक घर में बंद कर दिया और जब्त किया गया तार छीन लिया। मेरा मोबाइल छीनकर साक्ष्य को मिटा दिया। मैं एवं छापेमारी दल में शामिल अन्य कर्मी किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे। इस कारण और दूसरे गांव में छापेमारी नहीं कर सके। इस संबंध में प्रशिक्षु एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

## नक्सलियों से लोहा लेने के दौरान शहीद हुआ जवान, गांव में पसरा मातम

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के पंखाजूर में माओवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान गुरुवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में औरंगाबाद का एक जवान शहीद हो गया। शहीद हुए जवान मदन सिंह औरंगाबाद के कुटुम्बा प्रखंड के सड़सा गांव के निवासी है। वह सीमा सुरक्षा बल(बीएसएफ) में कार्यरत थे। शहीद जवान का पार्थिव शरीर के शुक्रवार को देर शाम तक पैतृक गांव आने की उम्मीद है। गांव में मातम पसरा है। गांव का माहौल गमगीन है। गांव के लोग अपने गांव के बेटे को अंतिम विदाई देने के लिए पार्थिव शरीर लाए जाने का इंतजार कर रहे है। बीएसएफ के जवान मदन सिंह के शहीद होने की खबर से सड़सा गांव के लोग स्तब्ध है। जैसे ही यह खबर गांव में पहुंची, गांव में शोक का माहौल उत्पन्न हो गया। ग्रामीण गमगीन हो गए। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। गांव वालों से मिली जानकारी के मुताबिक शहीद हुए जवान मदन सिंह सड़सा गांव निवासी मानदेव सिंह के तृतीय सुपुत्र पुत्र थे। उनकी उम्र करीब 40 वर्ष थी। मुठभेड़ में घायल होने के बाद इलाज के दौरान गुरुवार की रात में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी छत्तीसगढ़ में ही पोस्टिंग थी और ड्यूटी के दौरान आखिरी बार वें होली मे अपने गांव आए थे। शहीद मदन सिंह की शादी वर्ष 2001 में संजू देवी से हुई थी जो उनके गांव में ही रहती हैं। उनका एक बेटा और एक बेटी है। बेटी सिया नंदिनी बीए फाइनल ईयर की छात्रा है जबकि बेटा शिवम रांची में रहकर प्लस टू की पढ़ाई करता है। अपने पिता की शहादत की खबर सुनकर बच्चे भी स्तब्ध हैं। उन सभी का रो रोकर बुरा हाल है।

## जमकर हुई बारिश, लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद गुरुवार को भी बिहार का सबसे गर्म जिला बना रहा। हालांकि देर शाम जिले के विभिन्न हिस्सों में हल्की बारिश हुई जिससे तापमान में गिरावट तो जरूर आई मगर पंखे की हवा शरीर में नहीं लग रही थी। एसी की आवश्यकता महसूस हो रही थी। शुक्रवार भी जमकर बारिश हुई, जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिली है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अनूप चौबे ने बताया कि अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री, शनिवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री, रविवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री तथा सोमवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इस दौरान आसमान में बदल भी छाए रहेंगे और हल्की-फुल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है।